# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय,
## समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ–226 007

**Website**: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com **Email**: upefaspo@gmail.com **Phone**: 0522-2780995, 0522-2780384


समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

सेवा में,

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

**पत्रांक:– प्री–प्राइमरी / स्कूल रेडीनेस कोर्स / 15048 / 2023-24** **दिनांक:– 21 / मार्च / 2024**

**विषय:– अकादमिक वर्ष 2024-25 में विद्या प्रवेश / स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम कक्षा–1 में संचालित करने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा को मूलभूत साक्षरता के प्रथम सोपान के रूप चिन्हित किया गया है। उक्त के दृष्टिगत पूर्व प्राथमिक कक्षाएं एवं उनमे सीखने का आधार अत्यंत महत्वपूर्ण है। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशक प्रत्ययों को लेते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक बच्चा (05-06 वर्ष) एक वर्ष बालवाटिका कक्षा में गतिविधि आधारित भाषा एवं अंकीय दक्षता के पूर्व प्रत्ययों (Pre Concept) को सीख सकेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण की आवश्यकता को चिन्हित करते हुए वर्ष 2030 तक पूर्व बाल्यावस्था शिक्षा / पूर्व प्राथमिक शिक्षा, लक्षित आयु वर्ग बच्चों को प्राप्त हो सकेगी एवं बच्चे कक्षा–1 की औपचारिक शिक्षा हेतु तैयार हो सकेंगे। उक्त को ध्यान में रखते हुए एन०सी०ई०आर०टी द्वारा 12 सप्ताह के विद्या प्रवेश के रूप में गतिविधि आधारित शिक्षण को कक्षा–1 में संचालित करने एवं बच्चों को औपचारिक शिक्षा हेतु तैयार करने पर जोर दिया गया है।

विद्या प्रवेश में दिये गये सैद्धांतिक संरचना को राज्य की आवश्यकता के अनुसार तैयार करते हुए शैक्षिक सत्र 2022-23 से कक्षा–1 में स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर आधारित शिक्षण प्रारंभ किया गया है। उक्त के उत्साहवर्धक परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। बच्चों में औपचारिक शिक्षा के प्रति सजगता एवं समझ कर सीखने की प्रवृत्ति पर विशेष प्रभाव पडा है। तद्नुसार अकादमिक वर्ष 2024-25 में भी स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम संचालित किया जाना है।

**स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम वर्ष 2024-25**

वर्ष 2024-25 कक्षा–1 एवं 2 में एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू की जा रही हैं, उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए छात्रहित में एवं राज्य की आवश्यकता के अनुसार 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर मैनुअल को परिमार्जित किया गया है।

**समयसारिणी–**

- 12 सप्ताह स्कूल रेडीनेस गतिविधि कार्यक्रम के विद्यालय स्तर पर संचालन की समय सारिणी–
  - **01 अप्रैल–15 अप्रैल :कक्षा 1 में बच्चों का प्रवेश / नामांकन, अभिभावकों का अभिमुखीकरण एवं अन्य तैयारियां**
  - **15 अप्रैल–अगस्त माह के तृतीय सप्ताह तक : स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर 2024-25 का कक्षा–1 में सचांलन।**
  - **अगस्त अंतिम सप्ताह–सितम्बर प्रथम सप्ताह: स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात् अभिभावकों के साथ बैठक करते हुए बच्चों की प्रगति से अवगत कराना।**

- दीक्षा पोर्टल पर 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस कोर्स–1, 2 एवं 3 को नोडल शिक्षक संकुल, नोडल अध्यापक एवं प्रधानाध्यापक द्वारा पूर्ण किये जाने से संबंधित समय सारिणी–
  - **कोर्स 1** :– 20 **मार्च से** 05 **अप्रैल के मध्य**
  - **कोर्स** 2 **एवं** 3 :– 05 **अप्रैल से** 15 **अप्रैल के मध्य**

    **(Course Link- https://shorturl.at/efCS5)**

अकादमिक वर्ष 2024-25 में संचालित किये जाने वाले स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम से संबंधित मॉडयूल कोर्स के रूप में दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं जिनकी समय सारिणी उपरोक्तानुसार दी जा रही है। उक्त कोर्स से संबंधित लिंक समय–सारिणी में दिया गया है। कोर्स–1, 20 मार्च 2024 से दीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध है। उक्त कोर्स निर्धारित समयावधि में प्रत्येक प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालय प्रधानाध्यापक, कक्षा–1 के नोडल अध्यापक एवं नोडल शिक्षक संकुल द्वारा पूर्ण किया जाना है।

**गतिविधि कलेण्डर एवं मैनुअल वर्ष 2024-25–**

- छात्र नामांकन के साथ नोडल अध्यापक यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक दिवस छात्रों के साथ कलेण्डर की गतिविधियां संपादित कराते हुए छात्रों में रूचि एवं सक्रियता विकसित करें।
- स्कूल रेडीनेस संबंधी विद्याप्रवेश मॉडयूल के दिशा निर्देशों के क्रम में गतिविधि कलेण्डर एससीईआरटी एवं सहयोगी संस्थानों की सहायता से तैयार करके संलग्नक के रूप में प्रेषित किया जा रहा है।
- उक्त कलेण्डर को दीक्षा पोर्टल में प्री–प्राइमरी के अंतर्गत भी अपलोड किया जा रहा है, जिसका उपयोग ए०आर०पी०, एस०आर०जी० द्वारा अनुश्रवण एवं अकादमिक सहयोग हेतु किया जायेगा। नोडल अध्यापक द्वारा दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किये गये स्कूल रेडीनेस सर्टिफिकेट कोर्स 1, 2 एवं 3 को 15 अप्रैल 2024 तक पूर्ण करते सर्टिफिकेट प्राप्त किया जाना अनिवार्य है।

**अभिभावकों का उन्मुखीकरण:** 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम की उपयोगिता से अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की जाये।

12 **सप्ताह के स्कूल रेडीनेस गतिविधि कार्यक्रम संचालन के पूर्व:**

- प्रधान अध्यापक के सहयोग से नोडल अध्यापक कक्षा–1 में नामांकित समस्त बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया जाये।
- अभिभावकों को स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं महत्व से जागरूक कराते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया जाये कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें एवं समय–समय पर घर में बच्चों से विद्यालय में सीखी गयी गतिविधियों के बारे में भी पूछें।
- कार्यक्रम में कक्षा–1 के अभिभावकों के साथ–साथ ग्राम स्तर पर प्रभावशाली व्यक्ति/जागरूक वरिष्ठ नागरिक/सेवानिवृत्त अध्यापक आदि एवं शिक्षित युवाओं को भी जोडते हुए शिशु मित्र के रूप में आमंत्रित करें। उनके द्वारा ग्राम स्तर पर समुदाय एवं अभिभावकों को जागरूक करने में सहयोग लिया जाये।

**स्कूल रेडीनेस गतिविधियों की समाप्ति पर:**

- स्कूल रेडीनेस 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की जाये। कक्षा–1 में नामांकित समस्त छात्रों के अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उनके बच्चे द्वारा पिछले 12 सप्ताह में सीखी गयी विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया जाये। इसके साथ ही गत 12 सप्ताह में बच्चों द्वारा किये गये कार्यों यथा कला संबंधी गतिविधियों जिनको कि बच्चों के पोर्टफोलियो में संग्रहित किया गया है, को अभिभावकों को दिखाया जाये।
- बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों के सम्मुख कविता पाठ कहानी सुनाना, रोल प्ले आदि कौशलों का प्रदर्शन कराया जाये जिससे उनमें अभिव्यक्ति की स्वत्रंता एवं आत्मविश्वास विकसित हो सके। उक्त दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाये यथा अभिभावकों के साथ छोटे–छोटे खेल आयोजित करते हुए प्रोत्साहित किया जाये।

**12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के संचालन के पूर्व की तैयारी** :दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किये गये कोस 1 में उक्त का स्पष्ट विवरण दिया गया है। संक्षेप में नोडल अध्यापक प्रधानाध्यापक के सहयोग से प्रवेश के प्रारंभिक 15 दिवस में निम्नांकित तैयारियां बच्चों के साथ करना सुनिश्चित करेंगी–

- नवप्रवेशी कक्षा 1 के बच्चों के साथ नोडल अध्यापक कला, क्राफ्ट से संबंधित कहानी, वाचन, कविता आदि के माध्यम से उपयुक्त कक्षा वातावरण तैयार करेंगे।
- शिक्षक एवं बच्चों के मध्य प्रभावशाली संवाद स्थापित करने के लिए नोडल अध्यापक द्वारा आवश्यक प्रयास किया जाना जैसे बच्चों के अनुभव सुनना एवं स्वयं के अनुभवों को सुनाना।
- शिक्षक बच्चों के साथ परिवेशीय खेल खेलें।
- बच्चों के साथ आउटडोर प्ले की गतिविधियां संपादित करें, जिससे बच्चों में आपस में मिलकर कार्य करने की भावना का विकास हो सकेगा।
- बच्चों के कार्यों को उनके नाम के साथ कक्षा में प्रदर्शित करना।

**छात्रों का सतत आंकलन**– 12 सप्ताह के गतिविधि आधारित विद्यालय तैयारी कार्यक्रम प्रारंभ करने के साथ ही नोडल शिक्षक द्वारा छात्र के संज्ञानात्मक संबंधी विभिन्न बिंदुओं (भाषा, संख्या) का आकलन किया जाना है। उक्त आकलन नोडल अध्यापक द्वारा निम्नांकित के अनुसार किया जाये–

- **प्रेक्षण (Observation) द्वारा संलग्न संकेतांकों पर छात्र का आकलन तीन श्रेणियों में किया जायेगा।** आंकलन करते समय यह विशेष ध्यान रखा जाये कि छात्र उक्त से संज्ञानित न हो पाये एवं सामान्य गतिविधियों में सम्मिलित रहे।
- 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर की समाप्ति के पश्चात् पुन: छात्र की प्रगति का आंकलन पूर्व के सामान दिये गये संकेताकों पर किया जाये।
- द्वितीय आंकलन के पश्चात् छात्र की प्रगति एवं संभावित सुझावों का अंकन अध्यापक द्वारा A4 साइज के कागज पर संकेतांको के साथ किया जायेगा। आकलन प्रपत्र छात्र के पोर्टफोलियो में सम्मिलित किया जायेगा।

## स्कूल रेडीनेस के अंतर्गत कक्षा 1 में 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के संचालन के अनुश्रवण हेतु संबंधित हितधारकों के कार्य एवं दायित्व–

### उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के कार्य एवं दायित्व:

- डायट मेंटर्स की सहायता से गतिविधि कलेण्डर संचालन किये जाने का अनुश्रवण कराते हुए समय–समय पर डायट मेंटर्स के साथ समीक्षा की जाये।
- ए०आर०पी०, जिला समन्वयक, एस०आर०जी० द्वारा मासिक समीक्षा बैठक में 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर को कक्षा–1 में सफलतापूर्वक संचालन करने हेतु समीक्षा करते हुए आवश्यक नेतृत्व प्रदान किया जाये।
- अपने नेतृत्व में 40 प्रतिशत विद्यालयों को सैम्पल के रूप में चयनित करते हुए 12 सप्ताह के गतिविधि आधारित शिक्षण का बच्चों की अधिगम स्तर पर प्रभाव संबंधी Action Research संपादित कराते हुए संबंधित परिणाम से राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद्, उ०प्र० एवं राज्य परियोजना कार्यालय को अवगत करायेंगे।

### मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक के कार्य एवं दायित्व:

- मण्डलीय जनपद में गतिविधि कलेण्डर को सफलतापूर्वक संचालित कराने हेतु आवश्यक नेतृत्व प्रदान करते हुए प्रतिमाह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जाये।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्य एवं दायित्व:**

- **राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रेषित गतिविधि कलेण्डर एवं संबंधित निर्देशों को प्रत्येक विद्यालय में उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये।**
- जनपद स्तर पर कक्षा 1 में संचालित 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर के अनुश्रवण हेतु 3 सदस्यीय अनुश्रवण समिति का गठन किया जाये, जिसमें जिला समन्वयक प्रशिक्षण, नोडल एस०आर०जी० एवं डायट मेंटर नामित किये जायेंगे।
- जिला समन्वयक प्रशिक्षण/डायट मेंटर/एस०आर०जी०/ए०आर०पी० के द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के माध्यम से अनुश्रवण किया जाये।
- प्रत्येक सप्ताह अनुश्रवण रिपोर्ट के अनुसार ए०आर०पी०, नोडल एसआरजी एवं डायट मेंटर द्वारा नोडल शिक्षक संकुल को आवश्यक अकादमिक सहयोग प्रदान करेंगे।

**जिला समन्वयक प्रशिक्षण के कार्य एवं दायित्व:**

- जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति सदस्य के रूप में आवश्यक अनुसमर्थन प्रदान करना।
- स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम हेतु जनपद स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय योगदान प्रदान करते हुए नोडल एस०आर०जी० के साथ नेतृत्व प्रदान करना।

**नोडल एस०आर०जी० के कार्य एवं दायित्व:**

- जनपद स्तर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण के साथ टीम भावना में कार्य करते हुए कार्यक्रम को नेतृत्व प्रदान करना।
- जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति सदस्य के रूप में आवश्यक अनुसमर्थन प्रदान करना।
- उक्त कार्यक्रम की प्रगति से प्री—प्राइमरी यूनिट राज्य परियोजना कार्यालय को गूगल फार्म के माध्यम से अगवत कराना सुनिश्चित करेंगे। (गूगल लिंक पृथक से प्रेशित किया जायेगा।)

**खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्य एवं दायित्व:**

- विकास खण्ड स्तर पर 12 सप्ताह स्कूल रेडीनेस गतिविधि आधारित शिक्षण को नेतृत्व प्रदान करेंगे।
- समय—समय पर स्वयं पर्यवेक्षण करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान करेंगे।
- विकास खण्ड में शिक्षकों की विद्यालयवार संख्या के आधार पर रणनीति निर्धारण करेंगे। उक्त रणनीति का अभिलेखीकरण करते हुए समस्त प्रधानाध्यापकों का अभिमुखीकरण किया जाये।
- विकास खण्ड के न्यूनतम 40 प्रतिशत विद्यालयों को लैब एरिया के रूप में चिन्हित करते हुए सतत् पर्यवेक्षण के माध्यम से 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस गतिविधि आधारित शिक्षण का बच्चों के अधिगम स्तर पर प्रभाव पर Action Research, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से कराते हुए आख्या राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

**विद्यालय में प्रधान अध्यापक के कार्य एवं दायित्व :**

- प्रधानाध्यापक द्वारा दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किये गये स्कूल रेडीनेस सर्टिफिकेट कोर्स 1, 2 एवं 3 को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये।
- विद्यालय परिसर में आंगनबाडी केन्द्र अवस्थित होने की स्थिति में, आंगनबाडी केन्द्र में 06 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का नामांकन कक्षा 1 में कराने हेतु अभिभावकों को प्रेरित करते हुए आंगनबाडी कार्यकत्री से ऐसे बच्चों की सूची प्राप्त करते हुए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।
- गतवर्षो में चहक के अंतर्गत क्रय की गयी किये गये टीएलएम सामग्री नोडल शिक्षक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

- गतवर्ष में कक्षा–1 में शिक्षण हेतु चिन्हित नोडल शिक्षक को वर्ष 2024-25 हेतु भी नोडल शिक्षक के रूप में नामित करेंगे।
- दीक्षा पोर्टल पर अपलोडेड 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस कलेण्डर एवं संबंधित मैनुअल, निर्देशिका को डाउनलोड करते हुए कक्षा–1 में संबंधित की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। उक्त हेतु कम्पोजिट ग्राण्ट में उपलब्ध बजट का उपयोग किया जा सकता है।
- विद्यालय परिसर में अवस्थित आंगनवाडी के 05 से 06 वर्ष के बच्चे व कक्षा 1 के बच्चों हेतु बाहरी खेल एवं स्वतन्त्र खेल की संयुक्त गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थान एवं समय निर्धारण करने हेतु आंगनबाडी कार्यकत्री को दिशा निर्देश प्रदान करेंगे।
- **माता–पिता से नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के महत्व को बताते हुए घर पर लगातार सहयोग प्रदान करने हेतु चर्चा करेंगे।**
- **कक्षा–1 के उन अभिभावकों से लगातार संपर्क में रहेंगे, जिनके बच्चे नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे अभिभावकों की काउंसलिंग करते हुए उन बच्चों की उपस्थिति नियमित कराने का प्रयास करेंगे।**

## नोडल शिक्षक संकुल के कार्य एवं दायित्व

नोडल शिक्षक संकुल द्वारा दीक्षा पोर्टल पर अपलोड किये गये **स्कूल रेडीनेस सर्टिफिकेट कोर्स 1, 2 एवं 3** को पूर्ण करते हुए अपने संकुल के सभी विद्यालयों के नोडल शिक्षकों एव प्रधानाध्यापक को नेतृत्व प्रदान किया जायेगा, साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर का संचालन सभी विद्यालयों के कक्षा–1 में किया जा रहा हो।

- नोडल शिक्षक संकुल द्वारा मासिक नियमित बैठक में स्कूल रेडीनेस की प्रगति हेतु चर्चा के बिंदुओं को सम्मिलित किया जायेगा।
- प्रधान अध्यापक के माध्यम से कक्षा 1 में बच्चों की उपस्थिति नियमित करना सुनिश्चित करेंगे।
- प्रधान अध्यापक द्वारा अपने विद्यालय में 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के अनुसार कक्षा 1 में गतिविधियां संचालित की जायें, यह भी सुनिश्चित करेंगे।
- समय–समय पर आवश्यकता के अनुसार प्रधान अध्यापकों का उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों एवं नोडल शिक्षक को चिन्हित करते हुए प्रोत्साहित करेंगे।
- को–लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में आरंभिक साक्षरता एवं अंकीय दक्षता (Early Numeracy and Early Literacy) की संयुक्त गतिविधियों पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री व प्रधानाध्यापक का क्षमता संवर्धन करेंगे।

## नोडल अध्यापक के कार्य एवं दायित्व :

- स्कूल रेडीनेस पर प्रशिक्षित नोडल अध्यापक द्वारा निर्धारित समयावधि में स्कूल रेडीनेस सर्टिफिकेट कोर्स पूर्ण करते हुए कक्षा 1 में 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर का संचालन किया जाएगा।
- नोडल अध्यापक बच्चों के साथ पूरे समय कार्य करते हुए गतिविधि कलेण्डर की समस्त गतिविधियों का संचालन स्वयं करेगा।
- नोडल अध्यापक स्कूल रेडीनेस गतिविधि कैलेंडर में दी गई गतिविधियों के अनुसार स्थानीय सामग्री से टी.एल.एम. का निर्माण करते हुए गतिविधि आधारित शिक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## ए०आर०पी० के कार्य एवं दायित्व :

- ए.आर.पी. 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के संचालन हेतु नोडल अध्यापक की क्षमतासंवर्द्धन करते हुए सहयोग प्रदान करेंगे एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षण (सपोर्टिव सुपर विज़न) सुनिश्चित करेंगे।

**आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग**

को–लोकेटेड आंगनबाडी केन्द्र की आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिका के कार्य एवं दायित्व:–

- नोडल अध्यापक के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अभिभावक बैठक का आयोजन करेंगी, जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र के 05 से 06 वर्ष के बच्चों के अभिभावक सम्मिलित हों।
- संयुक्त गतिविधियों के संचालन में कक्षा 1 के शिक्षकों को सहयोग प्रदान करेंगे।
- प्रधानाध्यापक और नोडल शिक्षक के साथ नियमित संपर्क एवं समन्वय बनाए रखेंगे।
- ईसीसीई दिवस पर प्रधानाध्यापक और नोडल शिक्षक को आमंत्रित करेंगे।
- नोडल टीचर के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कक्षा 1 व आंगनवाडी केंद्र के 05 से 06 वर्ष के बच्चों के लिए संयुक्त गतिविधि का आयोजन करेंगी

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यक्रम का संचालन समयबद्ध रूप में सुनिश्चित करें।

**संलग्नक:– उक्तवत।**

भवदीय,

(कंचन वर्मा)
राज्य परियोजना निदेशक,
समग्र शिक्षा, उ०प्र०।

पृष्ठांकन संख्या:–प्री–प्राइमरी शिक्षा/स्कूल रेडीनेस/15048/2023-24 लखनऊ, तद्दिनॉक।

**प्रतिलिपि**:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ०प्र० शासन।
2- सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ०प्र० शासन।
3- निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ०प्र०।
4- शिक्षा निदेशक, बेसिक, उ०प्र०।
5- निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उ०प्र०।
6- प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उ०प्र०।
7- मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उ०प्र०।
8- जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, समस्त जनपद, उ०प्र०।
9- बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, समस्त परियोजना, उ०प्र०।
10- खण्ड शिक्षा अधिकारी समस्त विकास खण्ड, उ०प्र०।
11- जिला समन्वयक प्रशिक्षण, समस्त जनपद।


(कंचन वर्मा)
राज्य परियोजना निदेशक,
समग्र शिक्षा, उ०प्र०।

# सप्ताह 1



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे कि वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करगें। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (दोस्तों और शिक्षकों से बात करना) | 'आओ मुझे जानो' गतिविधि करना | तुकांत शब्दों वाली सरल कविता गाना और तुकांत शब्दों को पहचानना | बच्चों को तुकांत शब्द बोलने के लिए प्रेरित करना इसके लिए वह अपने परिवेश के शब्दों का चयन कर सकते हैं। शिक्षक पहले बच्चों को उदाहरण से गतिविधि स्पष्ट करें और फिर उन्हें गतिविधि करने को कहें। तुकान्त शब्दावली, कविता, गाना व तुकान्त शब्दों की पहचान। | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें ।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना | बिगबुक से शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों में कहानी सुनाएँ | बच्चे अपने शब्दों में पढ़ी हुई कहानी दोहराएँ और शिक्षक कहानी को लिखें। (साझा लेखन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना। | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | क्रम्बल करना (मोड़-तोड़कर कागज़ की बड़ी गेंद बनाना) | मुक्त चित्रकारी | मिट्टी/रेत पर उँगलियों से आकृतियाँ बनाना | बच्चों के द्वारा आड़ी-तिरछी लकीरें खींचना और चित्र बनाना (कागज अथवा बोर्ड पर) | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | आस-पास की आवाज़ों को पहचानना | **छोटे-बड़े की पहचान -** ऐसी तीन-तीन चीजों के बारे में सोचें, जो आपकी हथेली से बड़ी और छोटी हों। कक्षा का हर बच्चा अपने ऐसे तीन-तीन साथियों का नाम बताए, जो कद में उनसे बड़े और छोटे हों। | स्पर्श की पहचान | कम-ज़्यादा की पहचान - वस्तुओं के साथ | गोलाकार की पहचान - गोलाकार के कटआउट<br>कविता - रोटी गोल | **साप्ताहिक पुनरावृत्ति -**<br>1. हथेली से छोटी एवं बड़ी वस्तु पहचानना<br>2. कम-ज़्यादा - TLM Taraju (Made by Teacher and Children)<br>3. चिकनी-खुरदुरी वस्तु ढूँढ़ना |
| बाहरी खेल 30 मिनट | 'नमस्ते' | 'रस्सी पर चलना' | 'रस्सी के ऊपर कूदना और नीचे चलना' | 'रेलगाड़ी' | 'गोल-गोल धप्प' | गेंद का खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक बच्चों का नाम पूछें और परिचय से संबंधित कोई गतिविधि कराएं। अंत में, बच्चों के साथ मिलकर उनके नाम चार्टपेपर पर लिखकर कक्षा में लटकाएं/चिपकाएं। | **'शिक्षा मेरा प्यारा खेल'** विषय पर बच्चों के साथ चर्चा करें और बच्चों की पसंद और नापसंद को जानने का प्रयास करें। | **'सबसे अच्छा कौन लगता है'** इस विषय पर बच्चों के साथ चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों के साथ **'मेरे घर की पसंदीदा जगह'** विषय पर चर्चा करें और उन्हें अपने घर का चित्र बनाने को कहें। | शिक्षक बच्चों के साथ पूरे दिन में **'क्या सीखा है'**, पर चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों को कोई कहानी सुनाएंगे और उसका कुछ पाठ अधूरा रखेंगे या छोड़ देंगे और बच्चों को घर पर जाकर पूरा करने को कहेंगे। |

# सप्ताह 2



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे कि वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करेंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुड़िया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल ('बिल्कुल मेरी तरह' गतिविधि) | 'क्या-क्या होता है' गतिविधि करना | तुकांत शब्दों वाली सरल कविता गाना और तुकांत शब्दों को पहचानना | बच्चों द्वारा पिछले दिन पहचाने गए तुकांत शब्दों का दोहराव करना और उन्हें नए तुकांत शब्द बनाने के लिए कहना | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना | बिगबुक से शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों में कहानी सुनाएँ | बच्चे अपने शब्दों में पढ़ी हुई कहानी दोहराएँ और शिक्षक कहानी को लिखें। (साझा लेखन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | मुक्त चित्रकारी | कागज़ को छोटे- छोटे टुकड़ों में फाड़कर सरल आकृति का कोलाज बनाना | अपनी मनपसंद चित्रों को दिखाकर चर्चा और चित्रकारी करना | बच्चों द्वारा घर के रोज़मर्रा के कामों का अभिनय करना | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | अंदर और बाहर की अवधारणा | क्रमबद्धता - बड़े से छोटा, छोटे से बड़ा (5 वस्तुओं के साथ) | स्वाद की पहचान करना - नमकीन, खट्टा, मीठा - पानी में नमक, चीनी और नींबू का रस घोलकर | नरम और सख्त की अवधारणा - वस्तुओं के साथ | क्या गायब है? - 7-8 वस्तुओं को लेकर | **साप्ताहिक पुनरावृत्ति -**<br>1. अलग अलग स्वाद के खाने की वस्तुओं को पहचानना<br>2. अंदर-बाहर<br>3. नरम और सख्त वस्तुओं को ढूँढ़ना |
| बाहरी खेल 30 मिनट | **'मेंढक दौड़'** | **'हम बाजार जाएंगे'** | **'पहाड़ी में आग'** | **'गोले के अन्दर-बाहर कूदना'** | **'टनल'** | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक बच्चों से **'मेरे पसंद का खाना क्या है'** पर चर्चा करें। बच्चों के अनुभव को शामिल करने के मौके दें। | शिक्षक एक झोले में कुछ परिचित वस्तुओं को रखें और बच्चों को बारी-बारी से बुलाकर अपनी पसंद की वस्तुओं को निकालना और उनके बारे में एक या दो वाक्य में बताने को कहें। | शिक्षक बच्चों से पूछें कि आज आपको कैसा लग रहा है। बच्चों को उनके मनोभावों को व्यक्त करने का मौका दें। | शिक्षक बच्चों से पूछें कि आज उनके कौन-कौन से नए दोस्त बनें और उनके साथ उन्होंने क्या किया। इस पर उनके मनोभावों को व्यक्त करने का मौका दें। | मनपसंद त्योहार पर बातचीत | शिक्षक बच्चों के मनपसंद खेल से संबंधित गतिविधि पर आधारित चित्र श्यामपट्ट पर बनाएं और बच्चों को देखकर स्वयं बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। |

# सप्ताह 3



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे कि वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली / पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (खोजो आस-पास - शब्दों को ध्वनियों में तोड़ते हुए उनमें शामिल ध्वनियों को गिनना) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और शब्द की प्रथम ध्वनि पहचानना (क, र) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और शब्द की प्रथम ध्वनि पहचानना (न, म) | अब तक सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (एक जैसे वर्णों की आकृति मिलाओ) | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा / मिट्‌टी / पीठ / पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | अंगूठे की छाप से अलग-अलग आकृतियाँ बनाना | अलग अलग वस्तुओं को बजाकर धुन बनाना / निकालना | सब्जियों (जैसे भिण्डी, आलू) की छाप से आकृति बनाना | मुक्त चित्रकारी | पहले सुनाई गई कहानी / कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | दूर-पास की अवधारणा | गन्ध की पहचान - वस्तुओं के साथ (उदाहरण तेल, टैलकम, फूल आदि) | 1-10 तक गिनना - ठोस वस्तुओं के साथ | 1-9 तक अंक कार्ड के जोड़े बनाना | बच्चों की हाईट (क्रमबद्धता) | साप्ताहिक पुनरावृत्ति |
| बाहरी खेल 30 मिनट | 'घोड़ा जमाल खाई पीछे देखे मार खाई' | 'पोशम पा भाई पोशम पा' | 'स्टापू' (आठ खानों में अलग-अलग आकृति बनाकर निर्देशानुसार उन पर कूदने की गतिविधि) | 'जानवर की चाल' | 'बाधा दौड़' | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | बच्चों से मेले के अनुभव पर बातचीत करें और कुछ सरल एवं बंद छोर के प्रश्न पूछें। | बच्चों से मेले के अनुभव पर पुनः बातचीत करें और मेले से वह किन चीजों को खरीदेंगे, उन वस्तुओं का चित्र के साथ सूची बच्चों के साथ मिलकर बनाएँ और चार्ट पेपर पर लिखकर कक्षा में लटकाएँ / चिपकाएँ। | 'मेरी पसंद की मिठाई' | 'मेरा प्यारा दोस्त' | मेरा पसंद का खेल | शिक्षक बच्चों से पूछें कि मुझे अच्छा कब लगता है और आपको कब कब खुशी मिलती है। बच्चों को उनके मनोभाव व्यक्त करने का मौका दें। |

# सप्ताह 4



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे कि वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (नाम बूझो तो जाने - प्रथम वर्ण/अक्षर की संगत ध्वनि से शुरू होने वाली वस्तु के नाम का पता लगाना) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (स, त) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ब, ल) | अब तक सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (एक जैसे वर्णों की आकृति मिलाओ) | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | कागज के छोटे-छोटे टुकड़े करना | चिपक कार्य (कागज़ के छोटे टुकड़े/गोलों को किसी आकृति में भरना) | अलग-अलग जानवरों के मुखौटे बनाना | अलग-अलग जानवरों के मुखौटों से अभिनय करना | बच्चों को पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाने के लिए कहना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | भारी और हल्का की अवधारणा - वस्तुओं के साथ | चरण बद्धता: पिक्चर कार्ड के साथ<br>रोटी कैसे बनाते है?<br>सुबह से रात तक आप क्या करते हैं? | पानी से प्रयोग करना -<br>पानी में क्या-क्या घुलता है?<br>पानी में क्या तैरता है और क्या डूबता है? | परिमाण के साथ 1-10 के समूह बनाए - कागज के गोले/कंकड़/लकड़ी के टुकड़े/चहक टी.एल.एम. में उपलब्ध सामग्री का इस्तेमाल करते हुए | पैटर्न बनाना - वस्तुओं के साथ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति |
| बाहरी खेल 30 मिनट | **'तीन पैरों की रेस'** | **'मेंढक दौड़'** | **'एक-दूसरे की नकल करना'** | **'लम्बे और छोटे कदम उठाना'** | **'पकड़म-पकड़ाई'** | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक प्रतिदिन के अनुभव पर बच्चों से बातचीत करें और अलग-अलग परिस्थितियों में **'उनको कैसा महसूस होता है'** पर बातचीत करें। | | | | | मुझे गुस्सा कब आता है |

# सप्ताह 5



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बॉंट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे कि वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करेंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (मैंने बनाया - अपने द्वारा बनाई गई वस्तु का क्रमबद्ध तरीके से वर्णन) | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (क, र, न, म) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (स, त, ब, ल) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /क/ /र/ कर, /म/ /न/ मन) | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /क/ /र/ कर, /म/ /न/ मन) | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) | कविता पोस्टर से कविता सुनाना और कविता के चयनित शब्दों का लोगोग्राफ़िक पठन | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | कागज की छोटी गोली बनाना | फूलों और पत्तियों का उपयोग करके उनसे कोलाज बनाना | रोल प्ले करना (डॉक्टर, टीचर, नाई, बावर्ची आदि) | छोटी गोली से कोलाज बनाना | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | 1-5 तक की अंकों की पहचान कराना - 1-5 के परिमाण के वस्तु एवं 1-5 के संख्यांक कार्ड | 1-5 परिमाण के साथ अंक का मिलान | क्रमबद्धता - अंक के साथ (1-5) अंक कार्ड | चरणबद्धता- पक्षियों का जीवन चक्र बीज से पौधा बनना - पिक्चर कार्ड के साथ।<br>नेचर वॉक - आस पास दिखने वाली वस्तुओं के बारे में चर्चा करेंगे एवं इकट्ठा करेंगे जैसे- कंकड़, पत्ते, फूल, लकड़ियाँ आदि। | डाटा हैंडलिंग<br>नेचर वॉक के दौरान इकट्ठा किए गए वस्तुओं के साथ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति |
| बाहरी खेल 30 मिनट | Body Parts Song<br>'गोले के अंदर-बाहर कूदना' | Body Parts Song<br>'चिड़िया उड़' | Body Parts Song<br>'मेरी ताली का पैटर्न' | Family Song<br>नाटकीय खेल- 'ट्रेन' | Family Song<br>'मेरी बारी - तेरी बारी' | Family Song<br>बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक बच्चों के साथ **'मामा जी ने लड्डू खाए'** गतिविधि करवाएं, जैसे- मामा जी ने लड्डू खाए, आप बोलो जितने | **'मेरी तुम्हारी यादें'** | **'आओ बताएं अपनी पसंद'** | शिक्षक बच्चों से बातचीत करें कि आपको स्कूल अच्छा लगता है या घर। | अंकुरण की प्रक्रिया | शिक्षक बच्चों से **'पौधों को पानी देना क्यों आवश्यक है'** पर चर्चा करेंगे? |

# सप्ताह 6



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे कि वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करेंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (मैं कौन हूँ? - बच्चे किसी वस्तु का वर्णन करेंगे और दूसरे बच्चे वस्तु का अनुमान लगाएंगे) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (द, प) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (च, अ) | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /क/ /प/ कप, /च/ /र/ चर) | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/ मिट्‌टी/ पीठ/ पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | डॉक्टर, शिक्षक एवं नाई आदि का अभिनय करना | पत्तियों के टुकड़े से कोलाज बनाना | मुक्त चित्रकारी | ऑरिगामी (चौकोर पेपर से नाव, पतंग, हवाई-जहाज़ बनाना) | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | चौकोर और त्रिभुज आकृति से पहचान<br>कक्षा के अंदर एवं तीनों आकृतियों को पहचानें और नाम बताएं- (कक्षा/आसपास दिखने वाली वस्तुओं से) | पैटर्न बनाना - तीन आकार के आधार पर | 1-10 तक वस्तुओं के साथ और उंगलियों के माध्यम से गिनती करना | वस्तुओं के साथ कम और ज्यादा की अवधारणा | कीट पहचानना और उन पर चर्चा करना (चींटी, मच्छर, घरेलू मक्खी, मधुमक्खी, मकड़ी, तिलचट्टा) | साप्ताहिक पुनरावृत्ति |
| बाहरी खेल 30 मिनट | My Dadaji Song<br>अपनी परछाई का चित्र बनाएं | My Dadaji Song<br>**'चोर पुलिस'** | My Dadaji Song<br>**'बोरी दौड़'** | Fruits Jumping on the Bed<br>**'रस्साकशी का खेल'** | Fruits Jumping on the Bed<br>**'कित-कित का खेल'** | Fruits Jumping on the Bed<br>बच्चों का मनपसंदखेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक बच्चों को कोई स्टोरी सुनाएंगे और उसका कुछ पाठ अधूरा रखेंगे या छोड़ देंगे और बच्चों को घर पर जाकर पूरा करने को कहेंगे। | शिक्षक बच्चों से **'मेरी पसंद का खाना क्या है'** पर चर्चा करें। बच्चों के अनुभव को शामिल करने के मौके दें। | शिक्षक बच्चों से पूछें- मुझे अच्छा कब लगता है और आपको कब-कब खुशी मिलती है। बच्चों को उनके मनोभाव व्यक्त करने का मौका दें। | अंकुरण की प्रक्रिया का दोहराव | अध्यापक बच्चों के मनपसंद खेल संबंधित गतिविधि पर आधारित चित्र श्यामपट्ट पर बनाएँ और बच्चों को देखकर स्वयं बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। | मेरी बात, जो मुझे बनाती है खास |

# सप्ताह 7



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे कि वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली / पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (मेरा चित्र, मेरा नाम - बच्चों द्वारा अपने मनपसंद चित्र बनाना और उनके नाम लिखना) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ह, घ) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ग, य) | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /य/ /ह/ यह, /ग/ /म/ गम) | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/ मिट्टी/ पीठ/ पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | अपने परिवार का चित्र बनाना और उसके बारे में बातचीत करना | अलग-अलग जानवरों के मुखौटों से अभिनय करना | सब्जियों (जैसे भिण्डी, आलू आदि) की छाप से आकृति बनाना | स्थानीय गीत / धुन पर नाचना | सुनाई कहानी / कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | 1-9 तक की अंकों की पहचान कराना - 1-9 के परिमाण के वस्तु एवं 1-9 के संख्यांक कार्ड | 1-9 तक की अंकों की पहचान कराना - 1-9 के परिमाण के वस्तु एवं 1-9 के संख्यांक कार्ड | संख्या लिखित पर्चियों (चिट) का खेल | क्रमबद्धता - अंक के साथ<br>(1-9) - अंक कार्ड | दुपट्टे में गांठ बांधने की गतिविधि द्वारा जोड़ - सीखना (1-5) | साप्ताहिक पुनरावृत्ति |
| बाहरी खेल 30 मिनट | This is the way we go to school<br>**'पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें'** | This is the way we go to school<br>**'ऊपर नीचे का खेल'** | This is the way we go to school<br>मेज और जमीन को मापना- हाथ से, रस्सी से, पैर से आदि | Sounds of Alphabet<br>**'नंबर वॉक'** | Sounds of Alphabet<br>सुरंग का खेल | Sounds of Alphabet<br>**'पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें'** |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक एक-एक करके बच्चों से अपने दिनचर्या का रोल प्ले करने को कहें। | शिक्षक बच्चों के साथ **'हुआ सवेरा'** कविता गाएँ और बच्चों के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता पर चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों के साथ उनके परिवेश के बालगीत / कहानी को करवाएँ। | बच्चों के परिवेश में मनाए जाने वाले त्योहार जैसे होली, ईद, आदि पर चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों से **'छुट्टी वाले दिन कैसा लगता है और वह उस दिन क्या करते हैं'** पर चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों से किसी एक साधारण बीमारी पर चर्चा करें। |

# सप्ताह 8



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे कि वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (अपने आस-पास के जानवरों और पक्षियों की आवाज़ निकालना और पहचानना ) | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (द, प, च, अ) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (ह, घ, ग, य) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों के शब्द मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /घ/ /र/ घर) | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों के मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /घ/ /र/ घर) | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) | कविता पोस्टर से कविता सुनाना और कविता के चयनित शब्दों का लोगोग्राफ़िक पठन | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/ मिट्टी/ पीठ/ पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | रंगोली बनाना | दो-दो के जोड़ों में एक-दूसरे की पसंदीदा वस्तुओं का चित्र बनाना | अपने दोस्त का चित्र बनाना और एक-दूसरे का नाम लिखना | मुक्त चित्रकारी | अपने दोस्तों का अभिनय/के बारे में बात करना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | परिमाण के साथ संख्या मिलान (1-9)<br>1-9 के परिमाण के चित्र/वस्तु एवं 1-9 के संख्या कार्ड | कंकड़/कागज की गेंदों के साथ जोड़ करना (1-10) | दुपट्टे में गांठ बांधने की गतिविधि द्वारा जोड़ सीखना | कंकड़/कागज की गेंदों के साथ घटाव (1-10) | दुपट्टे में गांठ बांधने की गतिविधि द्वारा घटाना सीखना | साप्ताहिक पुनरावृत्ति |
| बाहरी खेल 30 मिनट | Sounds of Alphabet<br>**'हॉपस्काच'** | Sounds of Alphabet<br>**'गेंद को फेंक कर मारना'** | Sounds of Alphabet<br>**'पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें'** | Sounds of Alphabet<br>**'कलर-मैन रंगों का खेल'** | Sounds of Alphabet<br>**पार्सल पास करना** | Sounds of Alphabet<br>**नंबर वॉक का खेल** |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | मुझे डर कब लगता है | अपने प्रियजनों के बारे में बताएं। | शिक्षक बच्चों के साथ मूक-अभिनय गतिविधि करेंगे। | विद्यालय में बच्चों को खिलाए जाने वाले खाने के बारे में बातचीत करें। | आप कैसे हैं | शिक्षक बच्चों से उनकी दिनचर्या पर चर्चा करेंगे। |


# सप्ताह 9

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 10 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जांच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियाँ | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 120 मिनट | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** SEL गतिविधि, खेल गतिविधि एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 16 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** चित्र चार्ट एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 17 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** चित्र चार्ट एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 18 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** SEL गतिविधि, खेल गतिविधि एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 19 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** मौखिक कहानी एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 20 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** कविता पोस्टर एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 21 से कालांश 1 देखें। |
| | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'क' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 16 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'क' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 17 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'र' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 18 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'र' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 19 से कालांश 2 देखें। | **सप्ताह में सिखाए गए वर्णों की पुनरावृत्ति -** डिकोडिंग खेल एवं वर्णों की पुनरावृत्ति के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 20 से कालांश 2 देखें। | **सप्ताह में सिखाए गए वर्णों की पुनरावृत्ति -** वर्णों की पुनरावृत्ति के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 21 से कालांश 2 देखें। |
| | **बिग बुक से पठन पर कार्य** बिग बुक के द्वारा प्रिंट से परिचय एवं आदर्श वाचन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 16 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** आदर्श वाचन और लोगोग्राफिक पठन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 17 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** साझा पठन और लोगोग्राफिक पठन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 18 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** साझा पठन और साझा लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 19 से कालांश 3 देखें। | **स्वतंत्र पठन और रिमीडियल** चयनित किताब के स्वतंत्र पठन और रिमीडियल पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 20 से कालांश 3 देखें। | **लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल** लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 21 से कालांश 3 देखें। |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित शिक्षण योजना (30 मिनट) | **दूर पास और ऊपर नीचे की अवधारणा** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-1 (पेज-16) | **दाएं-बाएं और आगे पीछे की अवधारणा** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-2 (पेज-17) | **वर्गीकरण और क्रम को समझना** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-3 (पेज-18) | **खोजें और जानें** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-4 (पेज-19) | **समेकन शिक्षण योजना** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-5 (पेज-19) | **रिमीडियल शिक्षण योजना** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-6 (पेज-19) |
| गणित अभ्यास कार्य/समेकन/रिमीडियल कार्य (30 मिनट) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-7) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-8) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-9) | | | |
| गणित खेल/अभ्यास कार्य (30 मिनट) | गणित खेल - **आओ चलें खेलें बॉल से** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-16) | गणित खेल - **आओ दाएं-बाएं, आगे-पीछे को जानें** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-17) | **गणित खेल - सबसे पहले किसने जाना खेल** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-18) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-10) | **अभ्यास कार्य पत्रक (मैंने सीख लिया)** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-11) | **अभ्यास कार्य पत्रक (साप्ताहिक पुनरावृत्ति)** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-12) |
| बाहरी खेल (30 मिनट) | Sounds of Alphabet<br>सह-पाठ्यक्रम छात्र कौशल विकास (खेल, चित्रकला, नाटक, संगीत) | | | | | |

# सप्ताह 10



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 10 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जांच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियाँ | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 105 मिनट | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** SEL गतिविधि, खेल गतिविधि एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 22 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** चित्र चार्ट एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 23 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** चित्र चार्ट एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 24 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** SEL गतिविधि, खेल गतिविधि एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 25 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** मौखिक कहानी एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 26 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** कहानी पोस्टर एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 27 से कालांश 1 देखें। |
| | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'न' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 22 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'न' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 23 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'म' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 24 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'म' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 25 से कालांश 2 देखें। | **सप्ताह में सिखाए गए वर्णों की पुनरावृत्ति -** डिकोडिंग खेल एवं वर्णों की पुनरावृत्ति के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 26 से कालांश 2 देखें। | **सप्ताह में सिखाए गए वर्णों की पुनरावृत्ति -** वर्णों की पुनरावृत्ति के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 27 से कालांश 2 देखें। |
| | **बिग बुक से पठन पर कार्य** बिग बुक के द्वारा प्रिंट से परिचय एवं आदर्श वाचन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 22 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** आदर्श वाचन और लोगोग्राफिक पठन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 23 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** साझा पठन और लोगोग्राफिक पठन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 24 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** साझा पठन और साझा लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 25 से कालांश 3 देखें। | **स्वतंत्र पठन और रिमीडियल** चयनित किताब के स्वतंत्र पठन और रिमीडियल पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 26 से कालांश 3 देखें। | **लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल** लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 27 से कालांश 3 देखें। |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित शिक्षण योजना (30 मिनट) | **एक-एक की संगति** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-1 (पेज-20) | **पृष्ठ के प्रकार- वक्र और समतल** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-2 (पेज-21) | **वस्तुओं की भौतिक आकृति, गुण-धर्म और पृष्ठों (सरकना, लुढ़कना, आदि) की अवधारणा** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-3 (पेज-22) | **खोजें और जानें** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-4 (पेज-23) | **समेकन शिक्षण योजना** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-5 (पेज-23) | **रिमीडियल शिक्षण योजना** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-6 (पेज-23) |
| गणित अभ्यास कार्य/समेकन/रिमीडियल कार्य (30 मिनट) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-13) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-14) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-15) | | | |
| गणित खेल/अभ्यास कार्य (30 मिनट) | गणित खेल - **चलो आओ बनाओ एक से एक की जोड़ी** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-20) | गणित खेल - **चलो खोजते हैं सरकने-लुढ़कने वाली वस्तुओं को** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-21) | **गणित खेल - आँख मिचौली करें** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-22) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-16) | **अभ्यास कार्य पत्रक (मैंने सीख लिया)** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-17) | **अभ्यास कार्य पत्रक (साप्ताहिक पुनरावृत्ति)** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-18) |
| बाहरी खेल (30 मिनट) | Sounds of Alphabet<br>सह-पाठ्यक्रम छात्र कौशल विकास (खेल, चित्रकला, नाटक, संगीत) | | | | | |

# सप्ताह 11



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 10 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जांच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियाँ | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल<br>105 मिनट | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -**<br>SEL गतिविधि, खेल गतिविधि एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 28 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -**<br>चित्र चार्ट एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 29 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -**<br>चित्र चार्ट एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 30 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -**<br>SEL गतिविधि, खेल गतिविधि एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 31 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -**<br>मौखिक कहानी एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 32 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -**<br>कविता पोस्टर एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 33 से कालांश 1 देखें। |
| | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य**<br>अक्षर पहचान, ब्लेंडिंग एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 28 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य**<br>अक्षर पहचान, ब्लेंडिंग, शब्द पठन एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 29 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य**<br>अक्षर पहचान, शब्द पठन एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 30 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य**<br>अक्षर पहचान, ब्लेंडिंग, शब्द पठन एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 31 से कालांश 2 देखें। | **सप्ताह में सिखाए गए वर्णों की पुनरावृत्ति -** डिकोडिंग खेल एवं वर्णों की पुनरावृत्ति के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदिर्शका के पृष्ठ संख्या 32 से कालांश 2 देखें। | **सप्ताह में सिखाए गए वर्णों की पुनरावृत्ति -** वर्णों की पुनरावृत्ति के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदिर्शका के पृष्ठ संख्या 33 से कालांश 2 देखें। |
| | **बिग बुक से पठन पर कार्य**<br>बिग बुक के द्वारा प्रिंट से परिचय एवं आदर्श वाचन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 28 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य**<br>आदर्श वाचन और लोगोग्राफिक पठन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 29 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य**<br>साझा पठन और लोगोग्राफिक पठन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 30 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य**<br>साझा पठन और साझा लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 31 से कालांश 3 देखें। | **स्वतंत्र पठन और रिमीडियल**<br>चयनित किताब के स्वतंत्र पठन और रिमीडियल पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 32 से कालांश 3 देखें। | **लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल**<br>लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 33 से कालांश 3 देखें। |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित शिक्षण योजना (30 मिनट) | **1 से 9 तक की संख्याओं की मात्रात्मक अवधारणा**<br>गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-1 (पेज-24) | **1 से 9 तक की संख्या की मात्रा और क्रमांक व दोनों में अंतर**<br>गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-2 (पेज-25) | **1 से 9 तक की संख्या की विभिन्न व्यवस्थाओं में गिनती की अवधारणा**<br>गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-3 (पेज-26) | **खोजें और जानें**<br>गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-4 (पेज-27) | **समेकन शिक्षण योजना**<br>गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-5 (पेज-27) | **रिमीडियल शिक्षण योजना**<br>गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-6 (पेज-27) |
| गणित अभ्यास कार्य/समेकन/रिमीडियल कार्य (30 मिनट) | **अभ्यास कार्य पत्रक**<br>कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-19) | **अभ्यास कार्य पत्रक**<br>कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-20) | **अभ्यास कार्य पत्रक**<br>कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-21) | | | |
| गणित खेल/ अभ्यास कार्य (30 मिनट) | गणित खेल - **खोजो खोई हुई चीजों को**<br>आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-24) | गणित खेल - **आओ अंकों की लाइन बनाएं**<br>आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-25) | गणित खेल - **ब्लॉक्स और अंगुलियों का जादू**<br>आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-26) | **अभ्यास कार्य पत्रक**<br>कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-22) | **अभ्यास कार्य पत्रक (मैंने सीख लिया)**<br>कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-23) | **अभ्यास कार्य पत्रक (साप्ताहिक पुनरावृत्ति)**<br>कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-24) |
| बाहरी खेल (30 मिनट) | Sounds of Alphabet<br>सह-पाठ्यक्रम छात्र कौशल विकास (खेल, चित्रकला, नाटक, संगीत) | | | | | |

# सप्ताह 12

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 10 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जांच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियाँ | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 105 मिनट | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** SEL गतिविधि, खेल गतिविधि एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 34 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** चित्र चार्ट एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 35 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** चित्र चार्ट एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 36 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** SEL गतिविधि, खेल गतिविधि एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 37 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** मौखिक कहानी एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 38 से कालांश 1 देखें। | **मौखिक भाषा विकास पर कार्य -** कहानी पोस्टर एवं संबंधित लेखन कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 39 से कालांश 1 देखें। |
| | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'स' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 34 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'त' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 35 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** वर्ण/अक्षर की पुनरावृत्ति, शब्द पठन एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 36 से कालांश 2 देखें। | **कार्यपुस्तिका (भाग-1) पर कार्य** 'ब' वर्ण की पहचान संबंधित गतिविधियों एवं लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 37 से कालांश 2 देखें। | **सप्ताह में सिखाए गए वर्णों की पुनरावृत्ति -** डिकोडिंग खेल एवं वर्णों की पुनरावृत्ति के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदिर्शका के पृष्ठ संख्या 38 से कालांश 2 देखें। | **सप्ताह में सिखाए गए वर्णों की पुनरावृत्ति -** वर्णों की पुनरावृत्ति के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदिर्शका के पृष्ठ संख्या 39 से कालांश 2 देखें। |
| | **बिग बुक से पठन पर कार्य** बिग बुक के द्वारा प्रिंट से परिचय एवं आदर्श वाचन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 34 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** आदर्श वाचन और लोगोग्राफिक पठन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 35 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** साझा पठन और लोगोग्राफिक पठन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 36 से कालांश 3 देखें। | **बिग बुक से पठन पर कार्य** साझा पठन और साझा लेखन पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 37 से कालांश 3 देखें। | **स्वतंत्र पठन और रिमीडियल** चयनित किताब के स्वतंत्र पठन और रिमीडियल पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 38 से कालांश 3 देखें। | **लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल** लोगोग्राफिक पठन और रिमीडियल पर कार्य के लिए कक्षा-1 की शिक्षक संदर्शिका के पृष्ठ संख्या 39 से कालांश 3 देखें। |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित शिक्षण योजना (30 मिनट) | **1 से 9 तक की संख्याओं को लिखना और इनके सीधे व उल्टे क्रम की अवधारणा** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-1 (पेज-28) | **1 से 9 तक की संख्याओं की तुलनात्मक की अवधारणा** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-2 (पेज-29) | **शून्य की अवधारणा (मात्रात्मक और प्रतीकात्मक)** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-3 (पेज-30) | **खोजें और जानें** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-4 (पेज-31) | **समेकन शिक्षण योजना** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-5 (पेज-31) | **रिमीडियल शिक्षण योजना** गणित कक्षा-1 आधारशिला क्रियान्वयन शिक्षक संदर्शिका दिवस-6 (पेज-31) |
| गणित अभ्यास कार्य/समेकन/रिमीडियल कार्य (30 मिनट) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-25) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-26) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-27) | | | |
| गणित खेल/अभ्यास कार्य (30 मिनट) | गणित खेल - **चलो आओ 1 से 9 के समूह बनाएं** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-28) | गणित खेल - **हमारी जादुई अंगुली** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-29) | गणित खेल - **आओ शून्य के साथ खेलें** आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित कक्षा-1 (पेज-30) | **अभ्यास कार्य पत्रक** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-28) | **अभ्यास कार्य पत्रक (मैंने सीख लिया)** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-29) | **अभ्यास कार्य पत्रक (साप्ताहिक पुनरावृत्ति)** कार्यपुस्तिका आनंदमय गणित कक्षा-1 (पेज-30) |
| बाहरी खेल (30 मिनट) | Sounds of Alphabet<br>सह-पाठ्यक्रम छात्र कौशल विकास (खेल, चित्रकला, नाटक, संगीत) | | | | | |

उत्तर प्रदेश शासन

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

बाल वाटिका




# शिक्षक संदर्शिका – स्कूल रेडिनेस

निःशुल्क वितरण हेतु : 2024–2025

## मुख्य संरक्षण

**डॉ. एम.के. एस. सुंदरम,** आई.ए.एस., प्रमुख सचिव (बेसिक शिक्षा), उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

## संरक्षण

**श्रीमती कंचन वर्मा**, आई.ए.एस., महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ.प्र.

एवं

राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ.प्र.।

## निर्देशन

**डॉ. सरिता तिवारी**, निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उ.प्र.।

## मार्गदर्शन एवं समन्वयन

**डॉ. पवन कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक, एसएसए, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उ.प्र.।

**श्री माधव जी तिवारी**, यूनिट प्रभारी, प्री-प्राइमरीं, समग्र शिक्षा, उ.प्र.।

## परिकल्पना

**श्रीमती शिखा शुक्ला**, विशेषज्ञ, प्री-प्राइमरी शिक्षा, समग्र शिक्षा, उ.प्र., **श्रीमती शिप्रा सिंह**, प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी., उ.प्र., **सुश्री अंकिता गुप्ता**, सलाहकार, यूनीसेफ, **श्री अविनाश वर्मा**, प्रतिनिधि रूम टू रीड, **श्रीमती नीतू सिंह**, प्रतिनिधि, विक्रमशिला, **सुश्री शुभोश्री मंडल** प्रतिनिधि एलएलएफ, **श्री विद्याधर मिश्रा,** प्रतिनिधि एलएलएफ, **श्रीमती प्रियंका गुप्ता**, प्रतिनिधि एको फाउंडेशन।

## कम्प्यूटर लेआउट

**श्री गुफरान अली सिद्दीकी**, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्री-प्राइमरी शिक्षा, समग्र शिक्षा, उ.प्र.।

---


मुद्रक एवं प्रकाशक :

संस्करण : **द्वितीय संस्करण**

शिक्षा सत्र : **2024-25**

मुद्रित प्रतियों की संख्या :

# शिक्षक संदर्शिका स्कूल रेडीनेस : भूमिका

'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' और निपुण भारत मिशन में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान से जुड़े कौशलों में निपुणता हासिल करने को प्राथमिकता दी गई है। इन बुनियादी कौशलों में महारत हासिल करने के लिए प्रारंभिक कक्षाओं को प्रथम सीढ़ी माना गया है। अनेक मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक शोधों से यह भी स्पष्ट है कि शुरूआती 5-6 वर्षों में बच्चों के कुल मस्तिष्क का लगभग 80-85 प्रतिशत तक विकास हो जाता है। इस उम्र में बच्चे तेज गति से सीखते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि बच्चों को उपयुक्त शिक्षण रणनीतियों से सिखाया जाए और सीखने के लिए बेहतर वातावरण प्रदान किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 में बच्चों के कक्षा-1 में प्रवेश से पूर्व आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाने और पूर्व प्राथमिक स्तर की दक्षताओं के सीखने-सिखाने की अनुशंसा की गई है। ये दक्षताएं बच्चों को स्कूल में सीखने के लिए बेहतर तरीके से तैयार करती हैं। बच्चों को औपचारिक शिक्षण में प्रवेश करने से पूर्व, विद्यालय पूर्व कौशलों को हासिल करने की आवश्यकता होती है। ये कौशल बच्चों को विभिन्न अवधारणाओं को समझने के लिए आधारभूत क्षमता की तरह कार्य करते हैं। एन.सी.ई.आर.टी. ने कक्षा-1 में प्रवेश करने वाले बच्चों के लिए शुरूआती 12 सप्ताहों के लिए 'विद्या प्रवेश' मॉड्यूल तैयार किया है। यह मॉड्यूल कक्षा-1 में सत्र के शुरूआती 12 सप्ताहों में चलाया जायेगा और इसके द्वारा बच्चों के साथ 'स्कूल की तैयारी' से जुड़े कौशलों के विकास पर भी कार्य किया जायेगा। 12 सप्ताह के इस मॉड्यूल में प्रथम 8 सप्ताह तक बच्चों के साथ विद्या प्रवेश मॉड्यूल में दी गई गतिविधियों के अनुसार शिक्षण कार्य किया जाएगा। सप्ताह 9 से कक्षा-1 हेतु तैयार की गई कार्यपुस्तिका और शिक्षक संदर्शिका में दी गई गतिविधियों और योजना के अनुसार शिक्षण कराया जायेगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्-उत्तर प्रदेश ने सहयोगी संस्थाओं (लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन, विक्रममशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी, रूम टू रीड, राकेट लर्निंग और यूनिसेफ की सहायता से इस मॉड्यूल का निर्माण किया है। इस मॉड्यूल को उत्तर प्रदेश की 'स्कूल रेडीनेस' की विभिन्न गतिविधियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसके लिए 12 सप्ताह का कैलेण्डर और 8 सप्ताह की शिक्षक संदर्शिका स्कूल रेडीनेस का निर्माण किया गया है। 8 सप्ताह के इस शिक्षक संदर्शिका में प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों और उनकी रणनीतियों को पूरे विस्तार से समझाया गया है।

शिक्षक संदर्शिका स्कूल रेडीनेस में गतिविधियाँ दिवसवार दी गई हैं। प्रत्येक दिवस में मुख्य रूप से निम्नलिखित घटक हैं जिनके अंतर्गत अलग-अलग गतिविधियों और उनकी रणनीतियों का विवरण दिया गया है।

- मॉर्निंग सर्कल टाइम
- स्वतंत्र खेल
- भाषा और साक्षरता
- कला
- गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच
- बाहरी खेल

  गुड बाय सर्कल

शिक्षको को 'शिक्षक संदर्शिका स्कूल रेडीनेस' देखकर उक्त भागों में जो गतिविधियाँ दी गई हैं। उनके अनुसार शिक्षण कार्य करना है। सभी भागों में किस प्रकार की गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है, उसका संक्षिप्त विवरण नीचे देखा जा सकता है-

- **मॉर्निंग सर्कल टाइमः** कक्षा-1 के बच्चों के दिन की शुरूआत इसी भाग की गतिविधि से होगी। इस भाग में मुख्य रूप से बच्चों को सहज करना, उनका स्वागत करना, उन्हें मुक्त बातचीत के अवसर देना और व्यायाम, स्वास्थ्य जाँच आदि शामिल है। मॉर्निंग सर्कल टाइम के बेहतर क्रियान्वयन से बच्चे दिन भर की गतिविधियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे।
- **स्वतंत्र खेलः** मॉर्निंग सर्कल टाइम के तुरंत बाद स्वतंत्र खेल की गतिविधियाँ शुरू होंगी। स्वतंत्र खेल की गतिविधियाँ शिक्षक की उपस्थिति में कक्षा-कक्ष के अन्दर कराई जाएँगी। इसके लिए कक्षा के अलग-अलग भागों में निर्माण/जोड़-तोड़, कलाकारी/कहानी आदि के कोने बनाकर बच्चों से उनके मन के अनुसार खेलने का अवसर दिया जायेगा। शिक्षक स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए गतिविधियों पर कार्य करेंगे।

- **भाषा और साक्षरताः** इस भाग में मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, सामाजिक और भावनात्मक विकास, लोगोग्राफिक पठन और लेखन जैसी दक्षताओं पर काम किया जायेगा। सप्ताह के 5 दिन क्या-क्या कार्य होगा, इसका पूरा विस्तृत वर्णन इस पुस्तिका में दिया गया है। सप्ताह के छठे दिन अवलोकन के आधार बच्चों के सीखने के स्तर को जानने की योजना दी गई है।

- **कलाः** इसमें बच्चों के उभरते लेखन, अभिव्यक्ति कौशल और मांसपेशियों के विकास और मोटर स्किल के विकास पर कार्य किया जायेगा। सप्ताह के प्रत्येक दिन में क्या-क्या होगा इसका विवरण इस पुस्तिका में विस्तार से दिया गया है।

- **गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोचः** इस भाग में गणित की बुनियादी दक्षताओं पर कार्य के साथ-साथ आस-पास के परिवेश की जानकारी भी बच्चों को दी जाएगी।

- **बाहरी खेलः** बच्चों में टीम भावना, मनोरंजन, अभिव्यक्ति आदि के विकास के लिए बाहरी खेल कराए जाएँगे। ये खेल कैसे होंगे, इन खेलों का उद्देश्य क्या है आदि जैसी जरूरी बातों का विवरण इस पुस्तिका में दिया गया है।

- **गुड बाय सर्कलः** इस भाग में दिन भर की गतिविधियों की पुनरावृत्ति, अगले दिन के काम की योजना बनाने, सामाजिक और भावनात्मक विकास के अलग-अलग पहलुओं पर काम किया जायेगा।

**शिक्षको को ध्यान में रखने योग्य बातेंः** आप सभी जानते हैं कि कक्षा-1 में आने वाले बच्चों के लिए विद्यालय और विद्यालय परिवेश नया है। ऐसे में विद्यालय में आना उनके लिए सुखद अनुभव हो इसके लिए कुछ बातों को ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जैसे-

- बच्चों को विद्यालय में आते ही सहज होने का मौका दें।

- शिक्षक बच्चों से सतत संवाद बनाए रखें।

- नए भाग की गतिविधि शुरू करने के पहले किसी नयी कविता/कहानी/खेल द्वारा बच्चों को सहज करने की कोशिश करें।

- बच्चों के साथ किसी भी गतिविधि को कराते समय स्पष्ट रूप से निर्देश देने चाहिए। अगर लगता है कि बच्चे निर्देश समझ नहीं पा रहे हैं तो उन्हें दोबारा समझाया जाए।

- कक्षा में बच्चों के घर की भाषा के उपयोग के अवसर देने के साथ शिक्षक द्वारा कहानी/कविता आदि सुनाते समय बच्चों की घर की भाषा का उपयोग भी करना चाहिए। किसी भी नई गतिविधि को बच्चों से करवाने से पहले शिक्षक को खुद उसे करके दिखाना चाहिए।

- शिक्षक प्रतिदिन कक्षा-कक्ष में जाने से पहले उस दिन की सम्बन्धित गतिविधियों को पढ़ लें जरूरी शिक्षण सामग्री एकत्र कर लें ताकि कक्षा-कक्ष में बेहतर तरीके से शिक्षण कार्य किया जा सके।

- 08वें सप्ताह के पश्चात 9-12 सप्ताह की गतिविधियाँ आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका के 9-12 सप्ताह की गतिविधयाँ नोडल शिक्षक द्वारा कक्षा 1 में संचालित की जाएंगी। इस प्रकार 12 सप्ताहों के विद्यालय तैयारी माड्यूल के अन्तिम 4 सप्ताह आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका के साथ समेकन के लिए प्रयुक्त होंगे।

# विषय सूची


| सप्ताह | दिवस | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| सप्ताह 1 | सोमवार | 6 |
| | मंगलवार | 8 |
| | बुधवार | 10 |
| | बृहस्पतिवार | 12 |
| | शुक्रवार | 14 |
| | शनिवार | 16 |
| सप्ताह 2 | सोमवार | 18 |
| | मंगलवार | 20 |
| | बुधवार | 22 |
| | बृहस्पतिवार | 24 |
| | शुक्रवार | 26 |
| | शनिवार | 28 |
| सप्ताह 3 | सोमवार | 30 |
| | मंगलवार | 32 |
| | बुधवार | 34 |
| | बृहस्पतिवार | 36 |
| | शुक्रवार | 38 |
| | शनिवार | 40 |
| सप्ताह 4 | सोमवार | 42 |
| | मंगलवार | 44 |
| | बुधवार | 46 |
| | बृहस्पतिवार | 48 |
| | शुक्रवार | 50 |
| | शनिवार | 52 |

| सप्ताह | दिवस | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| सप्ताह 5 | सोमवार | 54 |
| | मंगलवार | 56 |
| | बुधवार | 58 |
| | बृहस्पतिवार | 60 |
| | शुक्रवार | 62 |
| | शनिवार | 64 |
| सप्ताह 6 | सोमवार | 66 |
| | मंगलवार | 68 |
| | बुधवार | 70 |
| | बृहस्पतिवार | 72 |
| | शुक्रवार | 74 |
| | शनिवार | 76 |
| सप्ताह 7 | सोमवार | 78 |
| | मंगलवार | 80 |
| | बुधवार | 82 |
| | बृहस्पतिवार | 84 |
| | शुक्रवार | 86 |
| | शनिवार | 88 |
| सप्ताह 8 | सोमवार | 90 |
| | मंगलवार | 92 |
| | बुधवार | 94 |
| | बृहस्पतिवार | 96 |
| | शुक्रवार | 98 |
| | शनिवार | 100 |

| सप्ताह 1 | सोमवार | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| | गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | मौखिक खेल (दोस्तों और शिक्षको से बात करना) | बिगबुक से शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों में कहानी सुनाएँ |
| | उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | दोस्तों और शिक्षको के साथ बात करना और अपनी पसंद/नापसंद का वर्णन करना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना।<br>बिगबुक |
| | तैयारी और सामग्री | | कला कोना ,किताब कोना ,ब्लाक कोना ,अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | बच्चों के साथ चर्चा करने के कुछ विषयों को सोचें। | बिगबुक से कहानी पहले पढ़ लें।<br>कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बनाएँ। |
| | गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें। चर्चा शुरू करने के लिए कोई सरल प्रश्न पूछें। जैसे- कल का मौसम कैसा था? आज सुबह आपने क्या खाया? आदि। शिक्षक अपने अनुभव साझा करें।<br>● चर्चा के आधार पर और बच्चों की प्रतिक्रिया में से कोई एक विषय चुनें।<br>● चयनित विषय को बच्चों के साथ चर्चा करके आगे बढ़ाएं। जैसे- बारिश के मौसम के बारे में चर्चा करते हुए शिक्षक पूछ सकते हैं कि आप उस मौसम में क्या खाते हैं? क्या आपको बारिश में भीगना पसंद है? क्या बारिश के पानी में आप कागज की नाव बनाकर चलाते है? और क्या-क्या करते हैं? आदि। बच्चों के पूर्वज्ञान एवं उनके अनुभव पसंद/नापसंद से जुड़े प्रश्न पूछें। | ● आप बच्चों को एक गोले में बैठा लें और सहज कर लें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएं, और कहानी के बारे में अनुमान लगाने कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा हैं? यह कहानी किसके बारे में हैं?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठों को पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें।, साथ ही हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी को आदर्श रूप से पठन 2 बार करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाई से दाई ओर पढ़ते हैं।<br>● अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की मदद से जो अनुमान लगाए गए थे उन पर बातचीत करें।<br>● कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढने का अभ्यास कराएँ। |

## सोमवार

**सप्ताह 1**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | क्रम्बल करना (मोड़-तोड़कर कागज़ की बड़ी गेंद बनाना) | आस-पास की आवाज़ों को पहचानना | नमस्ते जी | शिक्षक बच्चों का नाम पूछें और परिचय से संबंधित कोई गतिविधि कराएं अंत में बच्चों के साथ मिलकर उनके नाम चार्ट पेपर पर लिख कर कक्षा में लटकाए / चिपकाए |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास | आस-पास की आवाजों को पहचान पाना व उनमें अंतर कर पाना | बच्चे आनंद के साथ खेल में प्रतिभाग करने में सक्षम होंगे | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| तैयारी और सामग्री | सामग्रीः बड़े आकार के पुराने अखबार / कागज | जानवरों के नाम की सूची जैसे कुत्ता ,बिल्ली, गाय, बकरी आदि | सभी बच्चे गोल घेरे में बैठे होंगे। | चार्ट पेपर, गोंद, और पेन |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और बड़े आकार के कागज / अखबार दें।<br>• बच्चों को कागज के बड़े टुकड़े को हाथ से मोड़ कर एक बड़े आकार का गेंद बनाकर दिखाएँ और उन्हें आपके पीछे-पीछे दोहराने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों की प्रसंशा करें। | • बच्चों को गतिविधि के निर्देश दें और उन्हें बताएं कि आज वह एक ऐसी गतिविधि करेंगे जिसमें कविता गाते हुए गोले में कागज की गेंद को घुमाना है।<br>• कविता रूकने के बाद जिस बच्चे के हाथ में गेंद होगी उसे एक जानवर का नाम बोलना है और साथ ही उसे उस जानवर की आवाज भी निकालनी है।<br>• इसी क्रम में इस खेल को तब तक जारी रखें जब तक की सभी बच्चों को एक दो बार खेलने का मौका ना मिल जाए।<br>• यही गतिविधि आप वाहनों वस्तुओं आदि की आवाज में अंतर करने के लिए करवा सकते हैं। | • बच्चों को गोल घेरे में खड़ा होने को कहें। और सहज करें।<br>• फिर आप बच्चों को आज के खेल के बारे में बताएं, जिसमें एक बच्चा गोले के बाहर आकर गोले में खड़े बच्चों के पीछे-पीछे दौड़ेगा और किसी भी बच्चे की पीठ पर हाथ लगाएगा।<br>• जिस बच्चे के पीठ पर हाथ लगाएगा, वह बच्चा उल्टी दिशा में दौड़ लगाएगा और दौड़कर जो बच्चा पहले खाली हुई जगह पहुँच जाएगा वह घेरे में खड़ा हो जाएगा, दूसरा बच्चा फिर से किसी बच्चे की पीठ पर हाथ लगाएगा जब बच्चे एक दूसरे के विपरीत दिशा में दौड़ रहे होंगे और जहाँ पर वह एक दूसरे को मिलेंगे- नमस्ते जी बोलेंगे।<br>• सभी बच्चों को कम से कम एक बार मौका मिले, आप इस बात का ध्यान रखें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताए कि आज हम लोग एक गतिविधि करेंगे।<br>• इस गतिविधि में गेंद दिखाते हुए कहें। कि जिसके पास यह गेंद जाएगी उसे अपना नाम बताना होगा।<br>• शिक्षक गोल घेरे के बीच में खड़ा होकर किसी एक बच्चे की तरफ गेंद देंगे और उसे अपना नाम बता कर गेंद किसी दुसरे बच्चे की तरफ देने को कहें।।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे के पास एक बार गेंद अवश्य पहुंचे फिर शिक्षक सभी बच्चों का नाम चार्ट पेपर पर लिख कर कक्षा की दीवार पर ऐसी जगह पर लगायें जहाँ से सभी बच्चे उसे देख पायें। |

## मंगलवार

सप्ताह 1

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | 'आओ मुझे जानो' गतिविधि करना | बिगबुक से शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों में कहानी सुनाएँ |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | व्यक्तिगत पहचान की जानकारी जैसे- घर का पता, परिवार के सदस्यों, स्कूल आदि का विवरण साझा करना | • कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा।<br>• बिगबुक से साझा पठन के मौके देना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय / गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | • पिछले दिन कराई गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों से कहें। कि आज हम सब अपना नाम बताएंगे और उसके साथ एक एक्शन या क्रिया करेंगे, जैसे- हाथ हिलाना या ताली बजाना। फिर सभी बच्चे उस क्रिया को दोहराएंगे।<br>• पहले आप अपना नाम बच्चों को बताएं और एक क्रिया करके बताएं।<br>• अब सब बच्चों को एक-एक करके अपना नाम बताने और साथ में कोई क्रिया करने के लिए कहें।।<br>**नोटः** कुछ सप्ताह बाद बच्चों से उनके माता-पिता के नाम, घर का पता आदि के बारे में पूछ सकते हैं। | • सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर उँगली रखें।<br>• इसके बाद बच्चों को आपके साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें।। पढ़ने के दौरान आप उन जगह पर रूकें, जहाँ बच्चे वाक्य या चित्रों के माध्यम से शब्दों को स्वयं पहचान सकें। किताब को इस तरह से पकड़े की सभी बच्चे शब्दों को देख पाएँ।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में हम क्या बदलाव कर सकते है?<br>• कुछ बच्चों को कक्षा के सामने बुलाएँ और उन्हें पढ़ी हुई कहानी को अपने शब्दों में कहने का मौका दें। प्रत्येक कहानी के लिए कुछ बच्चों को बुलाए।<br>• अंत में, पिछले दिन जो शब्द चार्ट पेपर पर आपने लिखे थे, बच्चों को उन्हें पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |

## सप्ताह 1 — मंगलवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मुक्त चित्रकारी | छोटे-बड़े की पहचान और कद की क्रमबद्धता की समझ | **रस्सी पर चलना** | शिक्षक मेरा प्यारा खेल विषय पर बच्चों के साथ चर्चा करें और बच्चों की पसंद और नापसंद को जानने का प्रयास करें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | हथेली से बड़ी और छोटी वस्तुओं की समझ व कद के अनुसार बड़े और छोटे की अवधारणा की समझ | बच्चों का शारीरिक विकास | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| तैयारी और सामग्री | पेंसिल, रंग, कागज, चॉक | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | रस्सी | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॉक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मन पसंद सामग्री उठा कर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें।। | • शिक्षक बच्चे को उसके आस पास मौजूद ऐसी तीन चीजों के बारे में बताने के लिए कहें।, जो बच्चे की हथेली से बड़ी हैं, जैसे किताबें, बैग आदि।<br>• फिर बच्चे को कक्षा के बाहर ले जाएं और उससे कहें। की वो ऐसी तीन चीजें दिखाएं, जो उसकी हथेली से छोटी हों।<br>• बच्चे पत्तियाँ, फूल, कंकड़ आदि दिखा सकते हैं।<br>• इस गतिविधि को और अधिक रोचक बनाने के लिए शिक्षक बच्चे से कहें। कि वे कक्षा का प्रत्यक बच्चा अपने ऐसे तीन-तीन साथियों का नाम बताए, जो कद में उनसे बड़े और छोटे हों।<br>• बच्चे का मार्गदर्शन करने के लिए शिक्षक पहले कद में बड़े और छोटे का एक उदाहरण दें, फिर उन्हें पता लगाने दें।<br>• इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों में बड़े और छोटे की अवधारणा की समझ भी विकसित होगी। | • पहले रस्सी को एक सीधी लाइन में जमीन पर बिछाएं।<br>• फिर बच्चों को एक कतार में खड़ा करके उन्हें कहें। कि वह जैसा कर रही हैं, बच्चे भी वैसा ही करें।<br>• जब बच्चे उनके पीछे-पीछे रस्सी पर चल लेंगे, उन्हें वापस अपनी जगह पर खड़े होने के लिए बोलेंगे।<br>• रस्सी को टेढ़ी-मेढ़ी लाइन में बिछाएं और बच्चों को पहले की तरह फिर से रस्सी पर चलने के लिए कहें।।<br>• जब सारे बच्चे रस्सी पर चल लेंगे, फिर रस्सी से छोटे-छोटे गोले बनाएं और बच्चों को उनमें कूदते हुए आगे बढ़ने के लिए कहें।।<br>• शिक्षक इस बात का ध्यान दें कि गोलों के बीच की दूरी बहुत ज्यादा न हो।<br>• इस गतिविधि के लिए चॉक से जमीन पर लकीर खींचकर भी इन गतिविधि को करवाया जा सकता है। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग एक खेल खेलेंगे।<br>• शिक्षक अपने पसंदीदा खेल के बारे में बच्चों को बताएं और फिर बच्चों से भी उनके पसंदीदा खेल के बारे में बताने को कहें।।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## बुधवार

सप्ताह 1

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | तुकांत शब्दों वाली सरल कविता गाना और तुकांत शब्दों को पहचानना | बच्चे अपने शब्दों में पढ़ी हुई कहानी दोहराएँ और शिक्षक कहानी को लिखें। (साझा लेखन) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कविता से तुकांत शब्द पहचानना और बनाना। | • कहानी से बारे में बात करना और अपने शब्दों में कहानी को शिक्षक के साथ मिलकर लिखना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • तुकांत शब्दों वाली सरल कविता तैयार करके रख लें।<br>• लयबद्ध कविता / कविता पोस्टर | • बिगबुक |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को एक छोटी-सी स्थानीय एवं प्रचलित कविता (4-6 पंक्ति) को पूरे हाव-भाव और उतार चढ़ाव के साथ सुनाएँ और उनका ध्यान कविता में आ रहे मिलते-जुलते शब्दों/तुकांत शब्दों पर केन्द्रित करें। कविता कुछ इस तरह की हो सकती हैं-<br>बालू में कुछ लगे थे आलू, लेने उनको पहुंचा भालू<br>फँस गया भालू, बालू में, रह गए, आलू, बालू में।<br>• इसी प्रकार से आप 2-3 और छोटी छोटी कविताएं करवाएँ और कविताओं में से एक-एक कर कुछ शब्द बोलें जैसे- आलू, भालू, बालू।<br>• अब आप बच्चों को कविता से ही इसके तुकांत शब्दों की पहचान कर बताने को कहें। और नए तुकांत शब्दों को बनाने का मौका दें।<br>• शुरूआत में आपको कुछ उदाहरण देने पड़ सकते हैं।<br>• इसी तरह आप बच्चों को अलग-अलग तुकांत शब्द बनाने को कह सकते हैं। तुकांत शब्दों के कार्ड बनाकर कक्षा में लगाएँ और उसे समय-समय पर बच्चों के साथ पढ़ें। | • आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई बिगबुक पर चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें। बच्चों को कहानी से जुड़े सरल प्रश्न पूछें और कहानी कि घटनाओं को याद कराएँ।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर ऊंगली रखें।<br>• इसके बाद बोर्ड पर कहानी का शीर्षक लिखें और बच्चों से कहें। कि अब हम मिलकर कहानी को अपने शब्दों में लिखेंगे। प्रत्येक बच्चे को कहानी से जुड़ी एक-एक लाइन जोड़ने दें।<br>• आप बच्चों से मौखिक रूप से कहानी पूछें और कहानी को सरल वाक्यों में एक चार्ट पेपर/बोर्ड पर स्पष्ट शब्दों में लिखते जाएं।<br>• अंत में एक बार बच्चों को चार्ट पर लिखी गई कहानी ऊंगली रखकर पढाएं। |

**सप्ताह 1**

## बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मिट्टी/ रेत पर उँगलियों से आकृति बनाना | स्पर्श की पहचान - टेक्ट टाइल बोर्ड | रस्सी के ऊपर से कूदना और नीचे से चलना | शिक्षक सबसे अच्छा कौन लगता है विषय पर बच्चों के साथ चर्चा करें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास | वस्तुओं को स्पर्श करके चिकना और खुरदुरे की पहचान कर पाना | बच्चों का शारीरिक विकास | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्रीः** रेत/मिट्टी | • कैची, स्केल चार्ट पेपर, रेगमाल | रस्सी | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और बच्चों को कक्षा-कक्ष से बाहर लेकर जाएँ।<br>• बच्चों को रेत/गीली मिट्टी पर उंगलियों से अपने पसंद की आकृति बनाने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनायीं गई विभिन्न आकृतियों पर आपस में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें। | • इस गतिविधि के लिए एक चार्ट पेपर पर एक पट्टी रेगमाल की लगाएंगे और एक पट्टी चिकने कागज़ की लगाकर टेक्टाइल बोर्ड तैयार करेंगे।<br>• इसके बाद बच्चों को बुलाकर उन्हें टेक्टाइल बोर्ड को हाथ में लेकर बारी-बारी से दोनों सतह पर हल्के हाथ से उंगलियों को फिराने के लिए कहें ।गे और उनसे पूछेंगे उन्हें कैसा महसूस हो रहा है?<br>• साथ ही जब बच्चे अपनी उंगली जिस सतह पर लगाएंगे तब शिक्षक बच्चों को उस सतह के लिए प्रयोग किये जाने वाले शब्द को बोल कर बताएँगे जैसे जब बच्चा रेगमाल को स्पर्श करेगा तब शिक्षक बच्चे को यह बताएँगे कि यह खुरदुरा है और जब बच्चा चिकने कागज़ को स्पर्श करेगा तब शिक्षक बच्चे को यह बताएँगे कि चिकना है। | • दो बच्चों को एक-दूसरे से थोड़ी दूरी बनाते हुए आमने-सामने खड़े होने के लिए कहें।।<br>• फिर रस्सी के एक-एक छोर दोनों बच्चों को दें और उन्हें रस्सी को जमीन से थोड़ी ही ऊंचाई पर पकड़ने के लिए कहें।।<br>• अब अन्य बच्चों को एक-एक करके रस्सी के ऊपर से कूदने के लिए कहें।।<br>• धीरे-धीरे खेल के स्तर को कठिन बनाने हेतु, दोनों बच्चों को जमीन से रस्सी की दूरी बढ़ाते हुए, रस्सी को ऊपर उठाने के लिए कहें। और अन्य बच्चों को रस्सी के ऊपर से कूदने के लिए कहें।।<br>• इसी प्रकार शिक्षक रस्सी के नीचे से जाने का खेल आयोजित करें।<br>• कठिनाई का स्तर बढ़ाने के लिए बच्चों को रस्सी और जमीन के बीच की दूरी कम करने के लिए कहें।। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग उनके बारे में बातचीत करेंगे जो हमे अच्छे लगते हैं।<br>• फिर शिक्षक अपने पसंदीदा व्यक्ति के बारे में बच्चों को बताएं और फिर बच्चों से भी उनके पसंदीदा व्यक्ति के बारे में बताने को कहें।।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## बृहस्पतिवार

**सप्ताह 1**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | तुकांत शब्दों वाली सरल कविता गाना और तुकांत शब्दों को पहचानना | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कविता से तुकांत शब्द पहचानना और बनाना। | ● चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| **तैयारी और सामग्री** | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | लयबद्ध कविता, चित्र चार्ट, तुकान्त शब्दों वाले कार्ड | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना।<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखना। |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● बच्चों को एक छोटी-सी स्थानीय एवं प्रचलित कविता (4-6 पंक्ति) को पूरे हाव-भाव और उतार चढ़ाव के साथ सुनाएँ और उनका ध्यान कविता में आ रहे मिलते-जुलते शब्दों/तुकांत शब्दों पर केन्द्रित करें। कविता कुछ इस तरह की हो सकती हैं-<br>बालू में कुछ लगे थे आलू, लेने उनको पहुंचा भालू<br>फँस गया भालू, बालू में, रह गए, आलू, बालू में।<br>● इसी प्रकार से आप 2-3 और छोटी-छोटी कविताएं करवाएँ और कविताओं में से एक-एक कर कुछ शब्द बोलें जैसे- आलू, भालू, बालू।<br>● अब आप बच्चों को कविता से ही इसके तुकांत शब्दों की पहचान कर बताने को कहें। और नए तुकांत शब्दों को बनाने का मौका दें।<br>● शुरूआत में आपको कुछ उदाहरण देने पड़ सकते हैं।<br>● इसी तरह आप बच्चों को अलग-अलग तुकांत शब्द बनाने को कह सकते हैं। तुकांत शब्दों के कार्ड बनाकर कक्षा में लगाएँ और उसे समय-समय पर बच्चों के साथ पढ़ें। | ● गतिविधि की शुरूआत आप किसी छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/उठने-बैठने का मौका दें।<br>● इसके बाद आप बच्चों से चित्र चार्ट में दिख रही चीजों/ घटनाओं/ गतिविधियों के बारे में सरल बंद छोर प्रश्न पूछें जैसे- यह चित्र कहाँ का है? चित्र में क्या हो रहा है?<br>● आप ऐसे 5-6 सवाल पूछ सकते हैं और हर प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रियाएं ले सकते हैं। आप यह भी सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों को कम-से-कम 2 बार बोलने के मौके अवश्य मिलें।<br>● आप चर्चा को आगे बढ़ाए और कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे इनमें से कौन-सी वस्तुएँ आपका आस-पास नज़र आती है? आपके मनपसंद चित्र कौन-सा है।<br>● आप प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ों में उस प्रश्न पर बातचीत करने के लिए कहें।। आप बच्चों को यह निर्देश दें कि जोड़ों में दोनों ही बच्चों को प्रश्न का उत्तर क्या लगता है, इस पर बात करनी है। |

## बृहस्पतिवार

**सप्ताह 1**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | बच्चों के द्वारा आड़ी तिरछी लकीरें खींचना और चित्र बनाना (कागज अथवा बोर्ड पर) | कम-ज़्यादा की पहचान - वस्तुओं के साथ | रेलगाड़ी खेल | शिक्षक बच्चों के साथ मेरे घर का पसंदीदा जगह विषय पर चर्चा करें और उन्हें अपने घर का मित्र बनाने को कहें।। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | कम और ज्यादा का अनुमान लगा पाना | मोटर स्किल और संज्ञानात्मक विकास करना | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| **तैयारी और सामग्री** | **सामग्रीः** चॉक | कंकड़, कंचे आदि | गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को चॅाक का 1 - 1 टुकड़ा और कागज दे दें।<br>• शिक्षक ग्रीन बोर्ड पर या किसी कागज पर आड़ी तिरछी रेखाएं खींच कर दिखाएँ या कोई आकृति बनाएँ।<br>• बच्चों से कहें। कि वे भी ऐसा ही करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों से उनके द्वारा बनाए गए चित्रों के बारे में अपने साथी को बताने के लिए प्रोत्साहित करें। | • गतिविधि को शुरू करने से पहले बच्चों को गतिविधि के निर्देश बताएं।<br>• इसके बाद शिक्षक अपने सामने कंकड़ के दो ढेर -एक कम और एक ज्यादा का ढेर बनाएं।<br>• इस बात का ध्यान रखें कि दोनों ढेर में 5 से ज्यादा कंकड़ न हो जैसे एक ढेर में दो और दूसरे में पांच कंकड़।<br>• फिर बच्चों से अनुमान से बताने को कहें। कि कौन से ढेर में कंकड़ ज्यादा है और किस में कम।<br>• अब किसी एक बच्चे को बुलाकर कंकडों को गिन कर बताने को कहें। कि किस ढेर में ज्यादा कंकड़ की संख्या ज्यादा है और किस में कम।<br>• इसी तरह क्रम से बच्चों को बुलाकर कंकडों का एक कम और एक ज्यादा का ढेर बनाने और उनको गिनकर कम और ज्यादा का ढेर बताने को कहें।।<br>• इस गतिविधि को अलग-अलग वस्तुओं जैसे कंकड़, माचिस की तीलियां के साथ क्रम से सभी बच्चों को बुलाकर करवाएं। | • रेलगाड़ी के तरह अपने आगे वाले बच्चे के कंधे पर हाथ रखकर धीरे-धीरे आगे चलने को कहें। साथ ही यह भी बोलते जाएँ। रेलगाड़ी मेरा नाम, छुक छुक करना मेरा काम "आप बच्चों को रेलगाड़ी के बारे में अपने अनुभव बताएं और उनके अनुभव के बारे में बातचीत करें, जैसे- किस-किस ने रेलगाड़ी देखा हे?<br>• कौन-कौन बच्चे रेलगाड़ी मे बैठे हैं? इत्यादि। फिर आप सभी बच्चों को छोटे से बड़े के क्रम में खड़े होने को कहें। और बाहरी खेल बच्चे कविता के साथ साथ छुक-छुक, छुक-छुक बोलते जाएँ। | • कक्षा में सोहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग अपने घर के कोने के बारे में बातचीत करेंगे, फिर शिक्षक अपने घर के पसंदीदा कोना के बारे में बच्चों को बताएं।<br>• और फिर बच्चों से भी उनके घर के पसंदीदा कोना के बारे में बताने को कहें।।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें, शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 1 — शुक्रवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | ● उपयुक्त स्थानीय कहानी का चयन पहले से करके रखे और आप कहानी को पहले से पढ़ लें।<br>● आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार करके रखें। | ● बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोले घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाएँ रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न भी पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें की उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी पूछ सकते हैं लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● आप बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से चित्र सहित छोटी कहानी वाली किताबें दें और उनसे किताब में दिए गए चित्रों और शब्दों को देखकर पढने का प्रयास करने कहें।। बच्चों को स्वयं से किताबों का चयन करने दें।<br>● बच्चों को किताबें उलटने-पलटने का समय दें और आपस में बातचीत करने दें।<br>● 2-3 बच्चों से उनकी किताब की कहानी को चित्रों के आधार पर अपनी भाषा में बताने को कहें।।<br>● बच्चे जैसी भी कहानी बताए, उसको स्वीकार करें। बच्चों को कहानी बताने में सहयोग करें। |

## शुक्रवार

**सप्ताह 1**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | पहले सुनाई गई कविता या कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | गोल आकार की पहचान - गोल आकार के कट आऊट<br>कविता - रोटी गोल | गोल-गोल धप्प | शिक्षक बच्चों के साथ पूरे दिन में क्या सीखा है पर चर्चा करें। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | गोल आकृतियों को पहचान कर क्रम से लगाना व वर्गीकरण कर पाना | मोटर स्किल और संज्ञानात्मक विकास करना | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| **तैयारी और सामग्री** | **तैयारी:** बच्चों को 4 - 5 की संख्या के छोटे छोटे समूहों में बाँटे<br>**सामग्री:** चित्र बनाने हेतु कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि | चार्ट पेपर, पेंसिल, रबर, कैंची, चूड़ी, रोटी आदि। | बच्चों के दौड़ने के लिए पर्याप्त जगह हो। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और सभी बच्चों को एक-एक कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध करा दें।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी या कविता दिलाएँ और फिर बच्चों को सुनाई गई कविता या कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहें।।<br>• बीच बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जायें तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी या कविता पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • इस गतिविधि के लिए बच्चों को गोल घेरे में बिठाएं ।<br>• बच्चों को बताएं कि आज हम लोग एक गतिविधि करेंगे जिसके लिए मैं कविता की एक पंक्ति बोलूंगी उसमें जिन वस्तुओं के बारे में कहा जाएगा आपको उस तरह की वस्तुओं का नाम बताना होगा।<br>• फिर शिक्षक एक वाक्य बोले "जल्दी जल्दी क्या है गोल क्या है गोल" इसके बाद बच्चे कुछ गोल वस्तुओं के नाम बताएंगे जैसे रोटी, चूड़ी, सिक्का आदि।<br>• शिक्षक आगे इसी तरह से चार्ट पेपर की सहायता से गोल आकृति के कट आउट बना कर बच्चों के साथ गोल आकृति की पहचान के लिए इस गतिविधि को अलग-अलग तरीके से करवाएं जैसे गोल आकृतियों को क्रम से लगाना, वर्गीकरण करना आदि।<br>• इस गतिविधि को शिक्षक "रोटी गोल भाव गीत" के साथ बच्चों के साथ करवा सकते हैं। | • आप सभी बच्चों को एक-दूसरे का हाथ पकड़कर खड़े होने को कहें। और बच्चों को कहें। कि जब मैं गोल-गोल कहूँ, तब आप सभी बच्चे गोल-गोल घूमना शुरू कर देंगे।<br>• तुरंत नीचे बैठ जाना होगा और गोल-गोल जब बोलू- तब नहीं बैठना होगा।फिर मैं अचानक से बोलूँ- गोल-गोल धप्प, तब आप सभी बच्चों को इसी तरह यह खेल आगे चलता रहेगा। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोगों ने पुरे दिन में क्या सीखा ही पर बातचीत करेंगे।<br>• शिक्षक अपनी दिनचर्या बच्चों के साथ साझा करेंगे और फिर बच्चों को भी उनकी दिनचर्या साझा करने को कहें।गें।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके अनुभवों को जानने का प्रयास करेंगे, शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## शनिवार

**सप्ताह 1**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को चर्चा करने और अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाए जिसमें उनकी बनाई वस्तुओं (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुएँ आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ जिसमें बच्चों को मौखिक अभिव्यक्ति करने के मौके मिलें, जैसे- कविता गाना, पढ़ी हुई कहानी को अपने शब्दों में बोलना, परिवेशीय चित्र पर अपने साथी के साथ चर्चा करना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते है जैसे आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## शनिवार

**सप्ताह 1**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति<br>हथेली से बड़ी व छोटी वस्तु को पहचानना<br>कम ज्यादा<br>चिकनी-खुरदरी वस्तु ढूँढ़ना | गेंद का खेल | शिक्षक बच्चों को कोई एक कहानी सुनाएंगे और उस कहानी के अंत को अधूरा छोड़ देंगे और बच्चों से कहेंगे कि घर जाकर इस कहानी को पूरा करेंगे और विद्यालय में आकर बताएंगे। |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएंगे।<br>• हथेली से बड़ी व छोटी वस्तु को पहचानना<br>• कम ज्यादा<br>• स्पर्श की पहचान - Tactile board (चिकनी-खुरदुरी वस्तुओं को ढूंदना) | बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| तैयारी और सामग्री | | गतिविधि के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | गेंद | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | • बच्चों को गतिविधि के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें। | • बच्चों को एक लाइन / गोले में खड़ा होने के लिए कहें। और उन्हें निर्देश दें कि वे अपने बाएं / दाएं तरफ खड़े साथी को दोनों हाथों से गेंद दें।<br>• इस प्रकार बच्चे तब तक अपने साथी को गेंद देंगे, जब तक सभी को गेंद पास करने का अवसर न मिल जाए।<br>• फिर बच्चों से अपने पीछे खड़े बच्चे को अपने सिर के ऊपर से गेंद पास करने के लिए कहें।।<br>• फिर बच्चों से अपने पीछे खड़े बच्चे को अपने पैरों के बीच से गेंद पास करने को कहें।।<br>• इसी प्रकार लाइन / गोले में खड़े सभी बच्चों को गेंद पास करने का अवसर मिलना चाहिए। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग एक कहानी सुनेगें।<br>• फिर शिक्षक बच्चों को एक कोई भी सरल कहानी सुनीयेगें और उसके अंत के भाग को अधुरा ही छोड़ देगें और बच्चों से घर पर जाकर इस कहानी को पूरा करके आने को कहें।गें इससे बच्चों में सोचने की क्षमता का विकास होगा।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

सप्ताह 2

## सोमवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | मौखिक खेल ('बिल्कुल मेरी तरह' गतिविधि) | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उनसे जुड़ी सरल चर्चा करना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | अपनी पसंद/नापसंद का वर्णन करना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | कागज की एक गेंद | बिगबुक से कहानी पहले पढ़ लें।<br>कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बनाएँ। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● बच्चों से कहें। कि वे आज अपने पसंदीदा खेल के बारे में चर्चा करेंगे।<br>● बच्चों को कागज की गेंद दिखाएं और कहें। कि यह गेंद जिसके पास होगी, वह अपना पसंदीदा खेल सबको बताएगा।<br>● बाकी बच्चों को ध्यान से सुनने के लिए कहें।। अगर किसी अन्य बच्चे की पसंद भी वैसी ही है तो उन्हें कहें। कि वह अपना हाथ उठाएं और जोर से कहें।- 'बिल्कुल मेरी तरह।'<br>● पहले अपना पसंदीदा खेल बच्चों को बताएं, फिर कागज की गेंद एक-एक करके बच्चों के बीच आगे बढ़ाएं।<br>**नोटः** इसी प्रकार आप आगे आने वाले दिनों में बच्चों से अलग-अलग विषय पर उनकी पसंद/नापसंद पूछ सकते हैं। जैसे- खाना, जानवर, चिड़िया, स्कूल की गतिविधि आदि। | ● आप बच्चों को एक गोले में बैठा लें और सहज कर लें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएं, और कहानी के बारे में अनुमान लगाने कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा हैं? यह कहानी किसके बारे में हैं?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठों को पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें।, साथ ही हाव-भाव से पढें।<br>● आप कहानी को आदर्श रूप से पठन 2 बार करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाई से दाई ओर पढ़ते हैं।<br>● अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की मदद से जो अनुमान लगाए गए थे उन पर बातचीत करें।<br>● कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढने का अभ्यास कराएँ। |

सप्ताह 2

| सोमवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मुक्त चित्रकारी | अंदर और बाहर की अवधारणा | मेंढक दौड़ | शिक्षक बच्चों से मेरे पसंद का खाना क्या है? पर चर्चा करें। बच्चों के अनुभव को शामिल करने के मौके दें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | अन्दर व बाहर की अवधारणा को समझ पाना | निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| तैयारी और सामग्री | पेंसिल, रंग, ए-4 साइज कागज | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॉक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मन पसंद सामग्री उठा कर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें।। | • इस खेल में कक्षा के सभी बच्चों को शामिल करें।<br>• अब शिक्षक एक बड़ा सा गोला बनाएं।<br>• यदि शिक्षक अंदर कहते हैं तो बच्चों को गोले के अंदर कूदना होगा और यदि शिक्षक बाहर कहते हैं तो प्रत्येक बच्चे को गोले के बाहर कूदना होगा।<br>• यदि कोई बच्चा ये प्रक्रिया गलत करता है, तो उसे खेल के नियम के अनुसार खेल से बाहर कर दिया जाएगा। | • पर्याप्त दूरी बनाते हुए जमीन पर दो लाइन बनाएं।<br>• अब बच्चों को जमीन पर बनी हुई एक लाइन पर एक कतार में खड़े होने के लिए कहें।।<br>• शिक्षक स्वयं दूसरी लाइन पर खड़े होकर बच्चों से मेंढक की तरह कूदते हुए अपनी ओर आने के लिए कहें।। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव-भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग अपने पसंद के खाने के बारे में बातचीत करेंगे।<br>• फिर शिक्षक अपने पसंदीदा खाने के बारे में बच्चों को बताएं और फिर बच्चों से भी उनके पसंदीदा खाने के बारे में बताने को कहें।।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## मंगलवार

**सप्ताह 2**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | 'क्या-क्या होता है' गतिविधि करना | बिगबुक से शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों में कहानी सुनाएँ |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | अपने आसपास से जुड़े चित्र/घटना/वस्तु/कार्य के बारे में बता पाना | • कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा।<br>• बिगबुक से साझा पठन के मौके देना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | • पिछले दिन कराई गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • सभी बच्चे गोल घेरे में खड़े हों और रेलगाड़ी की तरह गोल घेरे में चले। शिक्षक घेरे के अंदर ताली बजाते हुए चक्कर लगाएं और बोलें- 'क्या-क्या होता है लाल-लाल?' बच्चे शिक्षक के पीछे दोहराएं- 'क्या-क्या होता है लाल- लाल?'<br>• अब किसी एक बच्चे के सिर पर हाथ रखकर पूछें- 'बताओ क्या-क्या होता है लाल-लाल?' बच्चा किसी भी एक लाल चीज का नाम बता सकता है। जैसे- टमाटर, गाजर आदि।<br>• इसके बाद फिर बच्चे रेलगाड़ी तरह गोल घेरे में चलें। शिक्षक अब किसी अन्य रंग के बारे में पूछ सकते हैं। जैसे- 'क्या-क्या होता है हरा-हरा?' और खेल को आगे बढ़ा सकते हैं।<br>• इस खेल में बच्चों से अलग-अलग आकृति (जैसे- गोल, चॉकोर) या स्वाद (खट्टा, मीठा) के बारे में भी पूछा जा सकता है।<br>**नोटः** इस खेल को खेलने के लिए बच्चों को रंगों की जानकारी होना जरूरी है। अगर बच्चों को रंगों के नाम नहीं आते तो आप गतिविधि में इस प्रकार फेरबदल करें। कोई लाल चीज बच्चों को दिखाएं जैसे- यह पेंसिल है लाल-लाल और कौन-सी चीज है लाल-लाल। | • सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर उँगली रखें।<br>• इसके बाद बच्चों को आपके साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें।। पढ़ने के दौरान आप उन जगह पर रूकें, जहाँ बच्चे वाक्य या चित्रों के माध्यम से शब्दों को स्वयं पहचान सकें। किताब को इस तरह से पकड़े की सभी बच्चे शब्दों को देख पाएँ।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में हम क्या बदलाव कर सकते है?<br>• कुछ बच्चों को कक्षा के सामने बुलाएँ और उन्हें पढ़ी हुई कहानी को अपने शब्दों में कहने का मौका दें। प्रत्येक कहानी के लिए कुछ बच्चों को बुलाए।<br>• अंत में, पिछले दिन जो शब्द चार्ट पेपर पर आपने लिखे थे, बच्चों को उन्हें पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |

**सप्ताह 2**

| मंगलवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | कागज के छोटे-छोटे टुकड़े फाड़ना व उनसे सरल आकृति का कोलाज बनाना | क्रमबद्धता - बड़ा से छोटा, छोटा से बड़ा -(5 वस्तुएं के साथ) | हम बाजार जाएंगे | शिक्षक एक झोले में कुछ परिचित वस्तुओं को रखें और बच्चों को बारी-बारी से बुलाकर अपनी पसंद की वस्तुओं को निकालना और उनके बारे में एक या दो वाक्य में बताने को कहें।। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास | बड़ा और छोटा की अवधारणा को समझते हुए वस्तु को बड़े से छोटे और छोटे से बड़े आकार के क्रम में लगा पाना | निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | बच्चों में मौखिक भाषा का विकास |
| तैयारी और सामग्री | पुराने अखबार, छोटी टोकरी/डिब्बा | तीन अलग-अलग लंबाई के लकड़ियों के टुकड़े | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | एक झोला, कुछ वस्तुएँ |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और एक कागज/अखबार दें।<br>• बच्चों को कागज के छोटे छोटे टुकड़े फाड़ कर दिखाएँ और उन्हें भी कागज/अखबार के छोटे छोटे टुकड़े फाड़ने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों को कागज़ के टुकड़ों को टोकरी/ डब्बे में रखने को कहें।।<br>• (शिक्षक बच्चों द्वारा फाड़े हुए टुकड़ो को किसी सुरक्षित जगह रख पर दें, इन कागज के टुकड़ो का उपयोग हमलोग चिपक कार्य वाली गतिविधि में करेंगे) | • शिक्षक बच्चों को बताएँ कि आज हम इन अलग-अलग लंबाई के लकड़ियों के टुकड़ों के साथ एक गतिविधि करेंगे।<br>• शिक्षक बच्चों को छोटे से बड़े के क्रम में लकड़ी के टुकड़ों को रखकर दिखाएं और उनसे पूछें कि इनमें से सबसे बड़ा टुकड़ा कौन सा है और सबसे छोटा टुकड़ा कौन सा है।<br>• इसके बाद शिक्षक 5-5 बच्चों का समूह बनाते हुए सभी समूह में पांच अलग-अलग लंबाई की लकड़ी की पट्टी दें और बच्चों को निर्देश दें कि वह भी इनको छोटे से बड़े के क्रम में लगाएं।<br>• यही प्रक्रिया बड़े से छोटे के क्रम को लगाने के लिए भी करें। | • शिक्षक बच्चों को गोले में खड़ा करके एक के पीछे एक दौड़ने के लिए कहें।।<br>• बच्चे जब दौड़ रहे हों, तब शिक्षक बोलें- 'हम बाजार जाएंगे' और बच्चे कहें।गे- 'ढेर जलेबी खाएंगे'।<br>• फिर शिक्षक एक संख्या बोलें, जैसे- 2 या 5 और बच्चों को उतने ही संख्या का दल बनाना होगा। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग एक गतिविधि करेंगे जिसमे हम लोग झोले से अपनी पसंद की वस्तु को निकाल कर अपने साथियों को दिखायेंगे।<br>• फिर शिक्षक झोले में से कोई एक वस्तु निकल कर बच्चों को दिखाते हुए उसके बारे में बताएं फिर बारी बारी से बच्चों को बुलाकर झोले से वस्तुओं को निकलवाते हुए उस पर चर्चा कराएँ।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 2

### बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | तुकांत शब्दों वाली सरल कविता गाना और तुकांत शब्दों को पहचानना | बच्चे अपने शब्दों में पढ़ी हुई कहानी दोहराएँ और शिक्षक कहानी को लिखें। (साझा लेखन) |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कविता से तुकांत शब्द पहचानना और बनाना। | • कहानी के बारे में बात करना और अपने शब्दों में कहानी को शिक्षक के साथ मिलकर लिखना |
| **तैयारी और सामग्री** | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • गतिविधि के चरणों को पहले से पढ़कर रखना।<br>• तुकांत शब्दों वाली सरल कविता तैयार करके रख लें। | • पिछले दिन कराई गई बिगबुक का उपयोग करें |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को एक छोटी-सी स्थानीय एवं प्रचलित कविता (4-6 पंक्ति) को पूरे हाव-भाव और उतार चढ़ाव के साथ सुनाएँ और उनका ध्यान कविता में आ रहे मिलते-जुलते शब्दों/तुकांत शब्दों पर केन्द्रित करें। कविता कुछ इस तरह की हो सकती हैं-<br>बालू में कुछ लगे थे आलू, लेने उनको पहुंचा भालू<br>फँस गया भालू, बालू में, रह गए, आलू, बालू में।<br>• इसी प्रकार से आप 2-3 और छोटी छोटी कविताएं करवाएँ और कविताओं में से एक-एक कर कुछ शब्द बोलें जैसे- आलू, भालू, बालू।<br>• अब आप बच्चों को कविता से ही इसके तुकांत शब्दों की पहचान कर बताने को कहें। और नए तुकांत शब्दों को बनाने का मौका दें।<br>• शुरूआत में आपको कुछ उदाहरण देने पड़ सकते हैं।<br>• इसी तरह आप बच्चों को अलग-अलग तुकांत शब्द बनाने को कह सकते हैं। तुकांत शब्दों के कार्ड बनाकर कक्षा में लगाएँ और उसे समय-समय पर बच्चों के साथ पढ़ें। | • आप सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई बिगबुक पर चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें। बच्चों को कहानी से जुड़े सरल प्रश्न पूछें और कहानी कि घटनाओं को याद कराएँ।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर ऊंगली रखें।<br>• इसके बाद बोर्ड पर कहानी का शीर्षक लिखें और बच्चों से कहें। कि अब हम मिलकर कहानी को अपने शब्दों में लिखेंगे। प्रत्येक बच्चे को कहानी से जुड़ी एक-एक लाइन जोड़ने दें। |

## सप्ताह 2

| बुधवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मन पसंद चित्रों पर चर्चा करना व चित्रकारी करना | स्वाद की पहचान करना - नमकीन, खट्टा, मीठा | पहाड़ी में आग खेल | शिक्षक बच्चों से पूछें आज आपको कैसा लग रहा है बच्चों को उनके मनोभावों को व्यक्त करने का मौका दें। |
| उद्देश्य | बौद्धिक विकास | नमकीन, खट्टा व मीठे स्वाद की पहचान व उनमें अंतर कर पाना | संज्ञानात्मक और मोटर स्किल को विकसित करने के लिए | बच्चों अपने अंदर की भावनाओं को अभिव्यक्त कर पाएँगे। |
| तैयारी और सामग्री | बच्चों के पसंदीदा चीजों के कुछ चित्र, ए-4 साइज कागज, बच्चों की दृष्टि स्तर पर बोर्ड | • कटोरी, चीनी, नमक, नींबू | बच्चों के दौड़ने की पर्याप्त जगह होनी चाहिए। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• शिक्षक बच्चों के सामने कुछ चित्र रख दें जैसे खेल, मेला, खाने की वस्तुएं इत्यादि।<br>• बच्चों से अपना मन पसंद चित्र उठाकर उसके बारे में बताने को कहें।।<br>• शिक्षक बच्चों द्वारा उठाये गए चित्र पर थोड़ी थोड़ी चर्चा करे और सवाल जवाब करें।<br>• यही कार्य बारी बारी से सभी बच्चों के साथ मिलकर करें | • एक कटोरी में चीनी, एक कटोरी में नमक और एक कटोरी में नींबू का रस लें।<br>• प्रत्येक कटोरी में पानी डालकर घोल बना लें।<br>• अब बच्चे को प्रत्येक कटोरी से घोल का स्वाद चखने को कहें। और उन्हें ये बताने दें कि वे इसके बारे में क्या सोचते हैं?<br>• उनसे पूछें कि क्या वे इन स्वाद को किसी भी भोजन के साथ जोड़ सकते हैं।<br>• इसे और चुनौतीपूर्ण बनाने के लिए दो कटोरी नमक, दो कटोरी चीनी और दो कटोरी खट्टा घोल लें। अब बच्चे को आँखें बन्द करने के लिए कहें। और उसके स्वाद के आधार पर उसे प्रत्येक कटोरे से मिलान करने को कहें।। | • आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे में बताएं। अब आप जमीन पर दो गोले बनाएँ, एक गोले में ठंडा और दूसरे गोले में गरम लिखें।फिर बच्चों को समझाएँ कि गरम कौन-सी चीजें होती हैं और ठण्डी कौन-सी चीजें होती हैं, जैसे चाय, आग, तेज धूप आदि गर्म होती हैं और बर्फ, आइसक्रीम आदि ठंडी होती हैं।<br>• फिर बच्चों को दोनों गोलों के बीच में खड़े होने को कहें।। फिर उनसे कहें। कि जब आप किसी ठंडी चीज जैसे बर्फ, आइसक्रीम आदि कहें।गे तो उनको ठंडे वाले गोले में कूदना है और जब आप किसी गरम चीज का नाम लें, जैसे चाय तो बच्चे को गरम वाले गोले में कूदना है।<br>• इस गतिविधि को पहले आप स्वयं करके दिखाएँ, फिर बच्चों को करने के लिए कहें।। आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल रहे हों। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग कुछ बातचीत करेंगे।<br>• फिर शिक्षक बच्चों को बताएँगे कि वह आज कैसा महसूस कर रहे हैं. फिर शिक्षक बारी बारी से बच्चों को भी वह कैसा महसूस कर रहे हैं यह साझा करने को कहें।।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

| बृहस्पतिवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| **सप्ताह 2** — गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | बच्चों द्वारा पिछले दिन पहचाने गए तुकांत शब्दों का दोहराव करना और उन्हें नए तुकांत शब्द बनाने के लिए कहना। | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कविता से तुकांत शब्द पहचानना और बनाना। | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • गतिविधि के चरणों को पहले से पढ़कर रखना।<br>• तुकांत शब्दों वाली सरल कविता तैयार करके रख लें। | • चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना।<br>• चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखना। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को एक छोटी-सी स्थानीय एवं प्रचलित कविता (4-6 पंक्ति) को पूरे हाव-भाव और उतार चढ़ाव के साथ सुनाएँ और उनका ध्यान कविता में आ रहे मिलते-जुलते शब्दों/तुकांत शब्दों पर केन्द्रित करें। कविता कुछ इस तरह की हो सकती हैं-<br>बालू में कुछ लगे थे आलू, लेने उनको पहुंचा भालू<br>फँस गया भालू, बालू में, रह गए, आलू, बालू में।<br>• इसी प्रकार से आप 2-3 और छोटी छोटी कविताएं करवाएँ और कविताओं में से एक-एक कर कुछ शब्द बोलें जैसे- आलू, भालू, बालू।<br>• अब आप बच्चों को कविता से ही इसके तुकांत शब्दों की पहचान कर बताने को कहें। और नए तुकांत शब्दों को बनाने का मौका दें।<br>• शुरूआत में आपको कुछ उदाहरण देने पड़ सकते हैं।<br>• इसी तरह आप बच्चों को अलग-अलग तुकांत शब्द बनाने को कह सकते हैं। तुकांत शब्दों के कार्ड बनाकर कक्षा में लगाएँ और उसे समय-समय पर बच्चों के साथ पढ़ें। | • गतिविधि की शुरूआत आप किसी छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>• इसके बाद आप बच्चों से चित्र चार्ट में दिख रहीचीजों/घटनाओं/गतिविधियों के बारे में सरल बंद छोर प्रश्न पूछें जैसे- यह चित्र कहाँ का है? चित्र में क्या हो रहा है?<br>• आप ऐसे 5-6 सवाल पूछ सकते हैं और हर प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रियाएं ले सकते हैं। आप यह भी सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों को कम-से-कम 2 बार बोलने के मौके अवश्य मिलें।<br>• आप चर्चा को आगे बढ़ाए और कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे इनमें से कौन-सी वस्तुएँ आपका आस-पास नज़र आती है? आपके मनपसंद चित्र कौन-सा है।<br>• आप प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ों में उस प्रश्न पर बातचीत करने के लिए कहें।। आप बच्चों को यह निर्देश दें कि जोड़ों में दोनों ही बच्चों को प्रश्न का उत्तर क्या लगता है, इस पर बात करनी है।<br>• किन्हीं 2-3 बच्चों को अपना उत्तर सभी के साथ साझा करने के लिए कहें।। कोशिश करें कि हर बच्चे को 1-2 बार पूरी कक्षा में अपने उत्तर को साझा करने के मौके मिले हों। |

## बृहस्पतिवार

सप्ताह 2

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | बच्चों द्वारा रोज़मर्रा के घर के कामों का अभिनय करना | नरम और सख्त की अवधारणा - वस्तुओं के साथ | गोले के अंदर-बाहर कूदना | शिक्षक बच्चों से पूछें कि आज उनके कौन कौन से नए दोस्त बनें और उनके साथ उन्होंने क्या किया इस पर उनके मनोभावों को व्यक्त करने का मौका दें। |
| उद्देश्य | बच्चों में अभिनय करने की क्षमता का विकास | नरम और सख्त वस्तुओं की पहचान कर पाना | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | बच्चों अपने अंदर की भावनाओं को अभिव्यक्त कर पाएँगे। |
| तैयारी और सामग्री | **तैयारी:** बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं<br>**सामग्री:** कुछ मुखौटे, गमछा इत्यादि | गूथा हुआ आटा, रूई, स्पंज, तकिया, ताला, पत्थर, आलू | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों से बात चीत करके उनको सहज कर लें।<br>• बच्चों से कहें। कि वे उनको छोटे छोटे कामों के अभिनय करके दिखाने हैं और एक-दो कामों जैसे झाड़ू लगाना, कुएँ से पानी भरना, पापा के साथ मेला घूमना आदि के अभिनय करके बच्चों को दिखा दें।<br>• बच्चों के दो समूह बना दें, एक समूह घर का कोई काम बोलेगा और दूसरा समूह उस पर अभिनय करके दिखाएगा।<br>• दोनों समूह बारी बारी से बोलने और अभिनय का काम करते जाएँ। | • सभी आवश्यक सामग्री शिक्षक बच्चों को दिखाएँ और उन्हें एक-एक करके सभी वस्तुओं को हाथ से छूकर महसूस करने के लिए कहें।।<br>• फिर बच्चों से पूछें कि वे उस वस्तु के बारे में क्या सोचते हैं। (हो सकता है कि बच्चे जानते हो कि नरम चीजें कैसी महसूस होती हैं, लेकिन वे इस शब्द से अवगत न हों या उनके पास यह समझा पाने के लिए शब्दावली न हो। इसलिए हमें यह समझाने की जरूरत है कि जिन चीजों को हम हमारी उंगली या हाथ से आसानी से दबा सकते हैं, वे नरम हैं और जो वस्तुएँ हाथ या उँगलियों से ज़ोर से दबाने पर भी नहीं दबती हैं उन्हें कठोर कहते हैं।)<br>• हमें इन बातों को समझाते समय कई बार कठोर और नरम शब्द दोहराना हैं।<br>• इसके बाद बच्चों को कठोर और नरम के आधार पर सभी सामग्रियों को अलग-अलग करने के लिए कहें।गे।<br>• शिक्षक उन्हें घर के चारों ओर कठोर और नरम वस्तुओं की पहचान करने के लिए कह सकते हैं।<br>• इस गतिविधि को परस्पर संवादात्मक बनाने का प्रयास करें - आप उन्हें कच्चे आलू के सख्त और पके हुए आलू के नरम होने का कारण सोचने के लिए कहें।। लेकिन ध्यान रखें कि इस प्रश्न का कोई भी उत्तर सही या गलत नहीं | • आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे में बताएं।अब आप जमीन पर दो गोले बनाएँ, एक गोले में ठंडा और दूसरे गोले में गरम लिखें।<br>• फिर बच्चों को समझाएँ कि गरम कौन-सी चीजें होती हैं और ठण्डी कौन-सी चीजें होती हैं, जैसे चाय, आग, तेज धूप आदि गर्म होती हैं और बर्फ, आइसक्रीम आदि ठंडी होती हैं।फिर बच्चों को दोनों गोलों के बीच में खड़े होने को कहें।।<br>• फिर उनसे कहें। कि जब आप किसी ठंडी चीज जैसे बर्फ, आइसक्रीम आदि कहें।गे तो उनको ठंडे वाले गोले में कूदना है और जब आप किसी गरम चीज का नाम लें, जैसे चाय तो बच्चे को गरम वाले गोले में कूदना है। इस गतिविधि को पहले आप स्वयं करके दिखाएँ, फिर बच्चों को करने के लिए कहें।।<br>• आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग कुछ बातचीत करेंगे।<br>• फिर शिक्षक बच्चों को बताएँगे कि आज उनकी किन नए लोगो से मुलाकात हुई, फिर शिक्षक बारी बारी से बच्चों से पूछेंगी की आज उनकी कौन से नए दोस्त से बात हुई और उन्होंने उनके साथ सरे दिन क्या किया और वह कैसा महसूस कर रहे है नए दोस्त बना कर।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## शुक्रवार

| सप्ताह 2 | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • उपयुक्त स्थानीय कहानी का चयन पहले से करके रखे और आप कहानी को पहले से पढ़ लें।<br>• आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार करके रखें। | • बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>• आप कक्षा के बच्चों को गोले घेरे में बैठाएँ।<br>• आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>• बच्चों का ध्यान बनाएँ रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न भी पूछें।<br>• कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें की उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>• बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी पूछ सकते हैं लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | • आप बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से चित्र सहित छोटी कहानी वाली किताबें दें और उनसे किताब में दिए गए चित्रों और शब्दों को देखकर पढने का प्रयास करने कहें।। बच्चों को स्वयं से किताबों का चयन करने दें।<br>• बच्चों को किताबें उलटने-पलटने का समय दें और आपस में बातचीत करने दें।<br>• 2-3 बच्चों से उनकी किताब की कहानी को चित्रों के आधार पर अपनी भाषा में बताने को कहें।।<br>• बच्चे जैसी भी कहानी बताए, उसको स्वीकार करें। बच्चों को कहानी बताने में सहयोग करें। |

## शुक्रवार

**सप्ताह 2**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | पहले सुनाई गई कविता या कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | क्या गायब है? (7-8 वस्तुओं को लेकर) | सुरंग पार करने का खेल (टनल का खेल) | शिक्षक बच्चों के साथ उनके मनपसंद त्योहार पर चर्चा करें। चर्चा के बाद बच्चों से गतिविधि से संबंधित कोई चित्र बनाने को कहें।। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | स्मरण शक्ति के कौशल को मजबूत करना | बच्चों की मॉसपेशियाँ मजबूत होंगीं और उनका शारीरिक विकास होगा | बच्चों अपने अंदर की भावनाओं को अभिव्यक्त कर पाएँगे। |
| **तैयारी और सामग्री** | **तैयारी:** बच्चों को 4 - 5 की संख्या के छोटे छोटे समूहों में बाँटे<br>**सामग्री:** चित्र बनाने हेतु काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि | सामान रखने के लिए कोई डिस्प्ले बोर्ड या अखबार<br>● सामग्रियों को ढकने के लिए कपड़ा<br>● बच्चों की जानी पहचानी चीजें जैसे पेंसिल, चॉक, बॉक्स, छोटी किताब, कोई फल- फूल आदि | 2-3 कुर्सियाँ | इस गतिविधि में चहक टी.एल. एम. में उपलब्ध सामग्री का उपयोग करें। |
| **गतिविधि के चरण** | ● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>● बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और सभी बच्चों को एक-एक काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध करा दें।<br>● अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी या कविता दिलाएँ और फिर बच्चों को सुनाई गई कविता या कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहें।।<br>● बीच बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जायें तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>● कहानी या कविता पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | ● गतिविधि के लिए शिक्षक बच्चों को एक गोल घेरे में बिठाए।<br>● इसके बाद एक-एक करके सभी सामग्री बच्चों को दिखाते हुए और उसके बारे में बच्चों को बताते हुए क्रम से अपने सामने किसी डिस्प्ले बोर्ड या अखबार पर रखें।<br>● फिर शिक्षक बच्चों से एक बार सारी वस्तुओं को ध्यान से देखने के लिए कहें। और सभी सामग्रियों को एक कपड़े से ढक दें।<br>● अब शिक्षक बच्चों को आंख बंद करने के लिए कहें। और कपड़े के नीचे से कोई एक वस्तु हटाकर छुपा ले।<br>● इसके बाद शिक्षक बच्चों को फिर से खोलने के लिए कहें।गे और जब शिक्षक ढकी हुई वस्तु पर से कपड़ा हटाएँगे तो वहां से एक समान गायब होगा।<br>● अब शिक्षक बच्चे को बुलाकर पूछें कि यहां से कौन सा सामान गायब हो गया है ?<br>● बच्चे के जवाब देने के बाद शिक्षक फिर से उस सामान को सभी सामग्री के साथ रख देंगे।<br>● इसी तरह सभी बच्चों के साथ इस गतिविधि को कराएं। | ● बच्चो को एक गोल घेरे में खड़ा होने को कहें। और सहज करें।<br>● फिर आप बच्चों को आज के खेल के बारे में बताएँ और उन्हें निर्देशित करें।<br>● अब आप 2-3 कुर्सियों को एक लाइन में रख कर एक तरह की सुरंग बना लें।<br>● फिर बारी बारी से एक-एक बच्चे को कुर्सी के नीचे से एक छोर से दूसरे छोर पर जाने को कहें।। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई त्योहार संबंधित स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं। इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>● अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम त्योहार पर कुछ बातचीत करेंगे।<br>● शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद त्योहार को भी जानने का प्रयास करें एवं बच्चों को उससे संबंधित चित्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>● शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे गतिविधि में प्रतिभाग करें। |

सप्ताह 2

## शनिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | उद्देश्यः आवश्यकतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने मौके दें।<br>• हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाए जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुए आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>• सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने मौके मिलें जैसे- बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना, साझा पठन करना, लयबद्ध कविता से तुकांत शब्द पहचानना/बनाना आदि।<br>• जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते है जैसे आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## शनिवार

**सप्ताह 2**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | बच्चों का मनपसंद खेल | शिक्षक मनपसंद खेल से सम्बंधित कोई भी चित्र बनाने को कहें।। |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यक-तानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएंगे।<br>● स्वाद की पहचान करना<br>● अंदर और बाहर की अवधारणा<br>● क्रमबद्धता<br>● नरम और सख्त की अवधारणा<br>● क्या गायब है ? | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | बच्चों अपने अंदर की भावनाओं को चित्र बनाकर अभिव्यक्त करना सीखेंगे। |
| तैयारी और सामग्री | | ● गतिविधि के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | | कॉपी, पेंसिल, |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | ● बच्चों को गतिविधि के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें । | | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>● बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग कुछ बातचीत करेंगे।<br>● फिर शिक्षक अपने मन के भावों को बच्चों के साथ साझा करें और उसका चित्र बना कर दिखाएँ।<br>● शिक्षक ऐसा ही बच्चों को भी दोहराने को कहें।. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

सप्ताह 3

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| | | | **सोमवार** | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | मौखिक खेल (खोजो आस-पास - शब्दों को ध्वनियों में तोड़ते हुए उनमें शामिल ध्वनियों को गिनना) | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उनसे जुड़ी सरल चर्चा करना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | शब्दों को ध्वनियों में तोड़ते हुए उनमें शामिल ध्वनियों को गिनना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | ● वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड, कागज़ की गेंद | ● बिगबुक<br>● कहानी पहले से पढ़ लें और उससे जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बनाएँ। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● सभी बच्चे एक गोल घेरे में बैठें और गोले के बीच में आसानी से मिलने वाली 4-5 वस्तुएं रखें। जैसे- किताब, फूल, कटोरी आदि।<br>● अब शिक्षक ताली बजाएं और बच्चे कागज़ की गेंद को एक-दूसरे को देते जाएँ।<br>● ताली रूकने पर गेंद जिस बच्चे के पास हो, शिक्षक उससे बीच में रखी किसी भी एक वस्तु का नाम बताने को कहें|, उदाहरण के लिए बच्चे ने कहा- "मैंने देखा फूल।"<br>● अब उसे शब्द की प्रत्येक ध्वनि को अलग-अलग कर ताली बजाते हुए बोलना है,/फू/ /ल/। इसके बाद उसे यह भी बताना है कि इस शब्द में कितनी ध्वनियाँ आईं। इसी तरह अलग सरल शब्दों (2 से 3 शब्दांश वाले) के साथ खेल आगे बढ़ाएं। | ● आप बच्चों को एक गोले में बैठा लें और सहज कर लें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएं, और कहानी के बारे में अनुमान लगाने कहें|। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा हैं? यह कहानी किसके बारे में हैं?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठों को पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें|, साथ ही हाव-भाव से पढें।<br>● आप कहानी को आदर्श रूप से पठन 2 बार करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाई से दाई ओर पढ़ते हैं।<br>● अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की मदद से जो अनुमान लगाए गए थे उन पर बातचीत करें।<br>● कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढने का अभ्यास कराएँ। |

**सप्ताह 3**

| सोमवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अंगूठे की छाप से अलग अलग आकृतियाँ बनाना | दूर-पास की अवधारणा | घोड़ा जमाल खाई, पीछे देखे मार खाई | बच्चों से मेले के अनुभव पर बातचीत करें और कुछ सरल, बंद छोर के प्रश्न पूछें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास | वस्तुओं के दूर और पास होने की अवधारणा को समझ पाएँगे | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | मौखिक भाषा का विकास और अभिव्यक्ति का विकास बच्चे मेले के अनुभव पर अपनी बात कहने में सक्षम होंगे। |
| तैयारी और सामग्री | स्याही/रंग, कागज इत्यादि | • चॉक | रूमाल। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और बच्चों को एक-एक कागज़ बाँट दें।<br>• बच्चों को अपने अंगूठे पर स्याही लगा कर कागज़ पर अलग अलग आकृति की छाप लगाकर दिखाएँ और बच्चों को अपने पीछे दोहराने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न आकृतियों पर आपस में बातचीत करने को प्रोत्साहित करें। | • इस गतिविधि के लिए शिक्षक बच्चों को गोल घेरे में खड़ा कर लें और बच्चों से कहें। कि आज हम लोग दूर पास का खेल खेलेंगे।<br>• शिक्षक जिस बच्चे का नाम लेंगे वह यह बताएगा कि उसके पास कौन खड़ा है और दूर कौन खड़ा है ?<br>• शिक्षक एक बार स्वयं इस गतिविधि को करके बताएं जैसे अपने पास खड़े बच्चे का नाम और अपने से दूर खड़े बच्चे का नाम बोलकर बताएं।<br>• अब एक-एक करके सभी बच्चों के साथ इस गतिविधि को करें। | • अब आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं।<br>• आज की गतिविधि के बारे में बताएं, एक बच्चा उसी रूमाल को उठाकर अन्य बच्चे को दौड़ाएगा और बच्चा दौड़ते हुए घेरे का चक्कर लगा कर आकर बैठ जाएगा।<br>• अब आप बच्चों से खेल खेलने को कहें।। घेरे में से एक बच्चा रूमाल दौड़ते हुए किसी बच्चे के पीठ के पीछे रख देगा और सभी बच्चे एक साथ बोलेंगे- घोडा जमाल खाई, पीछे देखे मार खाई।<br>• यदि बच्चा रूमाल को अंदाजे से पकड़ लेता है तो जिस बच्चे ने रूमाल रखा था, उसको दौड़ाएगा और बच्चा दौड़ कर खाली जगह पर बैठ जाएगा।<br>• इसी प्रकार से यह खेल खेला जाएगा। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• शिक्षक मेले के बारे में अपने अनुभव बच्चों के साथ साझा करें। बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग मेला पर बातचीत करेंगे।<br>• शिक्षक बच्चों से कहें। कि एक-एक करके सभी लोग मेला के बारे में अनुभव साझा करें।<br>• शिक्षक बच्चों के बताएँ जा रहे अनुभव के लिए प्रोत्साहित करें। शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें।<br>• इसके बाद शिक्षक बच्चों से मेले के ऊपर कुछ प्रश्न पूछें जैसे- मेला कहाँ लगता है, मेला कब कब लगता है. मेले में क्या क्या मिलता है। |

## मंगलवार

| सप्ताह 3 | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और शब्द की प्रथम ध्वनि पहचानना (क, र) | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | क और र वर्णों के शब्दों में प्रथम ध्वनि को पहचानने के मौके देना। | • बिगबुक से साझा पठन के मौके देना।<br>• सरल और सामान्य शब्दों को पहचानना और पढ़ने का प्रयास करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड<br>क और र से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • पिछले दिन कराई गई बिगबुक को दोबारा पढ़ लें और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करें। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• जैसे आप "क" वर्ण से कुछ शब्द बच्चों को बोलें। इन शब्दो में कुछ शब्द "क" से शुरू होंगे और कुछ शब्दों में या तो क नहीं होगा या शब्द में कहीं बाद में आएगा। उदाहरण के लिए- कम, कल, कर, कमल, कलश, चमक, गमला<br>• बच्चों को निर्देश दें की अगर शब्द क से शुरू होता है तो बच्चे बैठ जाएंगे। यदि शब्द क से शुरू नहीं होता तो बच्चे अपनी जगह पर खड़े रहेंगे।<br>• बिना मात्रा के सरल शब्द लें और यही गतिविधि "र" वर्ण के साथ भी करवाएँ।<br>• इसके बाद बच्चों को क और र वर्णों को हवा/मिट्टी/पीठ पर उंगली से लिखने का अभ्यास कराएं। | सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर उंगली रखें।<br>• इसके बाद बच्चों को आपके साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें।। पढ़ने के दौरान आप उन जगह पर रूकें, जहाँ बच्चे वाक्य या चित्रों के माध्यम से शब्दों को स्वयं पहचान सकें। किताब को इस तरह से पकड़े की सभी बच्चे शब्दों को देख पाएँ।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में हम क्या बदलाव कर सकते है?<br>• अंत में, कक्षा में 8-10 बच्चों का नाम बुलाएँ और उन्हें कहानी में से कोई एक शब्द याद करके कहने को कहें।। इस दौरान, बच्चों ने जो शब्द बोले हैं, उन्हें बोर्ड पर/ पिछले दिन बने शब्द चार्ट पर लिखें।<br>• फिर एक-एक करके बच्चों को आगे बुलाएँ और लिखें शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |

**सप्ताह 3**

## मंगलवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | अलग अलग वस्तुओं को बजाकर धुन बनाना/निकालना | गन्ध की पहचान (वस्तुओं के साथ) उदाहरण- तेल, टेलकम पाउडर, फूल आदि | पोशम पा भाई पोशम पा | बच्चों से मेले के अनुभव पर पुनः बातचीत करें और मेले से वह किन चीजो को खरीदेंगे, उन वस्तुओं का चित्र के साथ सूची बच्चों के साथ मिलकर बनाएँ और चार्ट पेपर पर लिखकर कक्षा में लटकाएँ/ चिपकाएँ। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, सुनने की क्षमता का विकास | वस्तुओं की गंध की पहचान व उनमें अंतर करना | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | मौखिक भाषा का विकास और अभिव्यक्ति का विकास बच्चे मेले के अनुभव पर अपनी बात कहने में सक्षम होंगें |
| **तैयारी और सामग्री** | **सामग्रीः** अलग-अलग तरह के बर्तन एवं वस्तुएं जिनपर चोट करने से कोई सुरीली आवाज निकले | • अलग-अलग गंध की वस्तुएं जैसे लहसुन, प्याज, नींबू, तेल, टेलकम पाउडर आदि। | एक चार्ट पर यह कविता लिख लें- पोशम पा भाई पोशम पा, डाकुओं ने क्या किया ? सौ रूपए की घड़ी चुराई दो रूपए की रबड़ी खायी। अब तो जेल में जाना पड़ेगा, जेल की रोटी खानी पड़ेगी। जेल का पानी पीना पड़ेगा, अब तो जेल में जाना पड़ेगा। | चार्ट पेपर, स्केच पेन |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को 4 - 4 के छोटे समूहों में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को कोई एक वस्तु बजाने के लिए दें जैसे कप और चम्मच। ध्यान रहे कि सभी समूहों के पास अलग अलग चीजें हों। जैसे थाली, कटोरी, किसी वस्तु में फँसी रबर बैंड इत्यादि।<br>• बारी बारी से प्रत्येक समूह के हर बच्चे को दी गई वस्तु बजाकर आवाज निकालने को कहें।।<br>• बच्चों को प्रत्येक समूह द्वारा अलग अलग वस्तुओं से निकाली गई ध्वनियों को सुनने एवं अंतर कर पाने का मौका दें। | • बच्चों को गोल घेरे में बिठाएं है और अलग-अलग गंध वाली वस्तुओं की अलग-अलग कागज की पुड़िया बच्चों को दिखाते हुए कहें। कि आज हम लोग इससे एक गतिविधि करेंगे।<br>• अब शिक्षक पहले एक पुड़िया उठाएं और अपनी आंख बंद करके उसे खोलकर सूंघते हुए उस वस्तु का नाम बच्चों को बताएं फिर आंख खोलकर बच्चों को भी वह वस्तु दिखाएं।<br>• इसके बाद शिक्षक एक-एक करके सभी बच्चों को बुलाएं और उनको भी अपना उदाहरण देते हुए सूंघकर वस्तु का नाम बताने को कहें।।<br>• इसके बाद सभी की पुड़िया बना कर सभी को एक साथ रख दें व फिर से अन्य बच्चों के साथ गतिविधि दोहराएँ।<br>• गतिविधि के लिए आप ऐसी वस्तुओं का प्रयोग करें जो बच्चों के परिवेश की ही हों और बच्चे उनकी गंध से बच्चे परिचित हो।<br>• इस गतिविधि को तब तक जारी रखें जब तक की सभी बच्चे एक-एक बार गतिविधि को ना कर ले। | • दो बच्चों को एक-दूसरे के हाथ पकड़ कर ऐसे खड़ा करें, जिससे उनके हाथों के नीचे से बाकी बच्चे निकल पाएँ।बाहर बैठ जायेगा।<br>• नीचे से जा रहा होगा, उसे पकड़ लिया जायेगा। जो बच्चा पकड़ा गया वो अब दोनों बच्चों को "पोशम पा भाई पोशम पा" कविता गाने के लिए गतिविधि को कुछ देर तक दोहराएँ।कहें। और बाकी बच्चों को क्रम से उनके हाथों के नीचे से निकलने को कहें।<br>• कविता के अंत " अब तो जेल में जाना पड़ेग में जो बच्चा हाथों के इस गतिविधि को पहले आप स्वयं करके बच्चों को दिखाएँ, फिर बच्चों को करने के लिए कहें।। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• शिक्षक मेले के बारे में पुनः अपने अनुभव बच्चों के साथ साझा करें। बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनसे बातचीत करें कि अगर आप मेले में जाते हो तो क्या क्या सामान खरीदते हो।<br>• सभी बच्चे एक-एक करके मेले से क्या क्या खरीदते हैं बताएँगे।<br>• शिक्षक बच्चों द्वारा बताए गए वस्तुओं के नाम को चार्ट पेपर पर लिखें और उसे कक्षा में लटकाएँ/चिपकाएँ। शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 3

## बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और शब्द की प्रथम ध्वनि पहचानना (न, म) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | न और म वर्णों के शब्दों में प्रथम ध्वनि को पहचानने के मौके देना। | ● चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, चित्र कार्ड<br>न और म से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें। | ● चर्चा के लिए उपयुक्त चित्र का चयन करना।<br>● चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखना। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>● जैसे आप "न" वर्ण से कुछ शब्द बच्चों को बोलें। इन शब्दो में कुछ शब्द "न" से शुरू होंगे और कुछ शब्दों में या तो "न" नहीं होगा या शब्द में कहीं बाद में आएगा। उदाहरण के लिए-नल, नमक, कनक<br>● बच्चों को निर्देश दें की अगर शब्द "न" से शुरू होता है तो बच्चे बैठ जाएंगे। यदि शब्द "न" से शुरू नहीं होता तो बच्चे अपनी जगह पर खड़े रहेंगे।<br>● बिना मात्रा के सरल शब्द लें और यही गतिविधि म वर्ण के साथ भी करवाएं।<br>● इसके बाद बच्चों को न और म वर्णों को हवा/मिट्टी/पीठ पर उंगली से लिखने का अभ्यास कराएं। | ● गतिविधि की शुरूआत आप किसी छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>● इसके बाद आप बच्चों से चित्र चार्ट में दिख रहीचीजों / घटनाओं / गतिविधियों के बारे में सरल बंद छोर प्रश्न पूछें जैसे- यह चित्र कहाँ का है? चित्र में क्या हो रहा है?<br>● आप ऐसे 5-6 सवाल पूछ सकते हैं और हर प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रियाएं ले सकते हैं। आप यह भी सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों को कम-से-कम 2 बार बोलने के मौके अवश्य मिलें।<br>● आप चर्चा को आगे बढ़ाए और कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे इनमें से कौन-सी वस्तुएँ आपका आस-पास नज़र आती है? आपके मनपसंद चित्र कौन-सा है।<br>● आप प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ों में उस प्रश्न पर बातचीत करने के लिए कहें।। आप बच्चों को यह निर्देश दें कि जोड़ों में दोनों ही बच्चों को प्रश्न का उत्तर क्या लगता है, इस पर बात करनी है।<br>● किन्हीं 2-3 बच्चों को अपना उत्तर सभी के साथ साझा करने के लिए कहें।। कोशिश करें कि हर बच्चे को 1-2 बार पूरी कक्षा में अपने उत्तर को साझा करने के मौके मिले हों |

## सप्ताह 3

### बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | सब्जियों (जैसे भिण्डी, आलू) की छाप से आकृति बनाना | 1-10 तक गिनना (ठोस वस्तुओं के साथ) | स्टापू (आठ खानों में अलग-अलग आकृति बनाकर निर्देशानुसार उस पर कूदने की गतिविधि)। | मेरी पसंद की मिठाई |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास | 1 से 10 तक की वस्तुओं की संख्या की मात्रा का ज्ञान | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | मौखिक भाषा का विकास और अभिव्यक्ति का विकास, बच्चे अपनी पसंद के बारे में अपनी बात कहने में सक्षम होंगें। |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्रीः** कागज और रंग एवं भिण्डी और आलू (बीच से कटे हुए) | • छोटे कंकड/ कंचे माचिस की तीलियाँ | चॉक, पत्थर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और बच्चों को एक-एक कागज़ बाँट दें।<br>• शिक्षक एक कटोरी में रंग को घोल लें और उसे भिण्डी में लगाते हुए कागज पर उसकी छाप बनाएं।<br>• फिर बच्चों को भी इसी तरह भिण्डी की छाप कागज पर बनाने को कहें।।<br>• फिर आलू से भी इसी तरह छाप बनाकर बच्चों को दिखाएं और उन्हें बनाने को कहें।। | • बच्चों को गोल घेरे में बिठाएं और फिर 1 कंकड़ अपने सामने 1 बोलते हुए रखें।<br>• अब बच्चों से पूछें कि यह कितने कंकड़ हैं ?<br>• फिर दूसरी जगह पर एक-एक करके बोलते हुए 2 कंकड़ रखकर बच्चों से पूछें कि कितने कंकड़ हैं?<br>• इसी तरह 10 तक कंकड़ बच्चों के सामने रखकर गिने।<br>• शिक्षक कुछ बच्चों को बुलाकर एक-एक की संगति का प्रयोग करते हुए एक से दस तक की संख्या में क्रम से कंकड़ लगवाएं।<br>• अब शिक्षक सभी बच्चों को थोड़े थोड़े से कंकड़ दें और उनसे कहें। कि हम जितना बोलेंगे उतने कंकड़ निकालकर अपने सामने रखना है।<br>• शिक्षक अलग-अलग सामग्रियों जैसे माचिस की तीलियों से भी इस गतिविधि को करवाएं। | • आप जमीन पर बगल में दिये गए ग्राफ को बनाकर संख्या लिख दें।<br>• बच्चों को स्टापू के नियमों को समझा दें। बच्चों को पत्थर को ऐसे फेंकने के लिए कहें।, जिससे वो बने हुए खाने में गिरे अब खाने के अन्दर बच्चों को एक पैर से कूदने को कहें।।<br>• कूदते हुए पैरों से पत्थर को खानों से बाहर निकालना होगा।<br>• ऐसे ही सभी बच्चों की खेलने का मौका दें। खेल के दौरान बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग अपनी पसंद कि मिठाई के बारे में बात करेंगें।<br>• शिक्षक अपनी पसंद कि मिठाई के बारे में बच्चों को बताएं और उनको ये क्यों पसंद है उसके बारे में भी बताएं।<br>• इसके बाद सभी बच्चे बारी बारी से अपनी पसंद कि मिठाई का नाम बताएँगे और उनको यह मिठाई क्यों पसंद है उसके बारे में भी बताएँगें।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

| सप्ताह 3 | बृहस्पतिवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | अब तक सीख गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (एक जैसे वर्णों की आकृति मिलाओ) | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | क, र, न, म वर्णों को पहचानने के मौके देना। | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | ● वर्ण कार्ड, चॉक और गतिविधि के लिए उचित जगह।<br>● परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | ● बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों।<br>● बरखा श्रृंखला की पुस्तकें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>● कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए "क" और "र" वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>● इसके बाद हवा में (बड़े आकार में) "क" और र" वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>● जमीन या ग्रीन पट्टी पर क और र को अलग-अलग लिखें और बच्चों को क से क को और र से र को मिलाने को कहें।।<br>● यही गतिविधि "न" और "म" वर्णों के साथ करवाएं।<br>● बच्चों को चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाएँ उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से से हैं। | ● आप बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से चित्र सहित छोटी कहानी वाली किताबें दें और उनसे किताब में दिए गए चित्रों और शब्दों को देखकर पढने का प्रयास करने कहें।। बच्चों को स्वयं से किताबों का चयन करने दें।<br>● बच्चों को किताबें उलटने-पलटने का समय दें और आपस में बातचीत करने दें।<br>● 2-3 बच्चों से उनकी किताब की कहानी को चित्रों के आधार पर अपनी भाषा में बताने को कहें।।<br>● बच्चे जैसी भी कहानी बताए, उसको स्वीकार करें। बच्चों को कहानी बताने में सहयोग करें। |

**सप्ताह 3**

## बृहस्पतिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मुक्त चित्रकारी | 1-9 तक अंक कार्ड के जोड़े बनाना | जानवर की चाल का खेल | मेरा प्यारा दोस्त |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | 1 से 9 तक के अंको की पहचान | बच्चों का शारीरिक विकास होगा और वह एक या दो निर्देशों का पालन करते हुए कार्य को पूरा कर पायेगे। | मौखिक भाषा का विकास और अभिव्यक्ति का विकास, बच्चे अपनें दोस्त के बारे में बात करने में सक्षम होंगें। |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्रीः** पेंसिल, रंग, ए-4 साइज कागज, चॉक | • 1-9 अंक के कटआउट के जोड़े | 2-3 जोड़ी मोज़े | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॉक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मन पसंद सामग्री उठा कर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें।। | • 1 से 9 अंक के कट आउट के जोड़े बनाएं। कुल कार्ड की संख्या 18 होगी।<br>• सभी कार्ड आकार, रंग-रूप में एक-दूसरे के समरूप होने चाहिए।<br>• अंक लिखने के लिए एक ही रंग का प्रयोग करें व लिखावट भी एक समान होनी चाहिए।<br>• अब पहले एक कार्ड में 1 लिखें, फिर इसी तरह दूसरे कार्ड में भी 1 लिखें। इसी तरह से 9 अंक तक के कट आउट के जोड़े बनाएं।<br>• सबसे पहले 2 अंक के कट आउट लें, जैसे 1 और 2<br>• शिक्षक बच्चों को अंको के जोड़े बनाने के लिए कहें।। यदि बच्चा अंको के जोड़े बनाने में सक्षम है तो शिक्षक बच्चों के सामर्थ्य के अनुसार धीरे-धीरे अंको की संख्या बढ़ाते जाएँ। | • बच्चो को एक गोल घेरे में खड़ा होने को कहें। और सहज करें।<br>• फिर आप बच्चों को आज के खेल के बारे में बताएँ और उन्हें निर्देशित करें।<br>• अब आप तीनो जोड़ी मोजों को मिलकर एक जगह पर रख दें।<br>• फिर आप बच्चो को रखे हुए मोजों से कुछ दूरी पर खड़े होने की कहें। और उनको बोले की यहाँ से जानवर की चल चलते हुए मोजों तक पहुँचें और एक जोड़ी मोजों का चयन कर के अपने साथ उलटी जानवर की चाल चलते हुए वापस आये।<br>• इसी तरह बारी बारी से एक-एक बच्चे को यह कार्य करने का मौका दे।<br>• सभी बच्चों को कम से कम एक बार मौका मिले आप इस बात का ध्यान रखें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरा में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग अपने अपने दोस्त के बारे में बात करेंगें।<br>• शिक्षक बच्चों को अपने किसी दोस्त के बारे में बताएं जैसे- नाम, दोस्त क्या करता है, कहाँ रहता है आदि।<br>• अब सभी बच्चों को एक-एक करके अपने दोस्त के बारे में बताने को कहें।।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे प्रतिभाग करें। |

| सप्ताह 3 | शुक्रवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा / मिट्टी / पीठ / पानी पर बनाने का अभ्यास करना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। | वर्णों की आकृति बनाना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • स्थानीय कहानी।<br>• आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार करके रखें। | संबंधित वर्णों से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें।<br>मिट्टी / बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>• आप कक्षा के बच्चों को गोले घेरे में बैठाएँ।<br>• आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>• बच्चों का ध्यान बनाएँ रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न भी पूछें।<br>• कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें की उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>• बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी पूछ सकते हैं लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | • बच्चों को गोले में खड़ा करें। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए क, र, म और न वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में बड़े आकार में 'क' और 'र' वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• इसके बाद बच्चों को एक-दूसरे की पीठ में 'क' और 'र' वर्ण बनाने और पहचानने को कहें।। यही गतिविधि 'न' और 'म' वर्णों के साथ करवाएँ।<br>• बच्चों को हवा में, पानी में, मिट्टी में या चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाए, उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से है। |

**शुक्रवार** — **सप्ताह 3**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | पहले सुनाई गई कविता या कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | बच्चों की हाइट (कद) के अनुसार क्रमबद्धता | बाधा दौड़ का खेल | शिक्षक 'मेरी पसंद के खेल' विषय पर बच्चों के साथ चर्चा करें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | कद के अनुक्रम में बड़े से छोटा और छोटे से बड़ा का ज्ञान होगा | बच्चों का शारीरिक विकास होगा | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्रीः** चित्र बनाने हेतु काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि | • अलग-अलग आकार के कागज की पट्टियाँ | कुछ बोतल, टेबल, कुर्सी और कन्नी या कोई भी कपड़ा | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और सभी बच्चों को एक-एक काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध करा दें।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी या कविता दिलाएँ और फिर बच्चों को सुनाई गई कविता या कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहें।।<br>• बीच-बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जाएं तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी या कविता पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • इस गतिविधि के लिए शिक्षक बच्चों को निर्देश दें कि आज हम कागज की पट्टियों से एक गतिविधि करेंगे।<br>• अब शिक्षक बच्चों को छोटे से बड़े के क्रम में कागज की पट्टियाँ रखकर दिखाएं और उनसे पूछें कि इनमें से सबसे बड़ी और सबसे छोटी पट्टी कौन सी है?<br>• अब 5 बच्चों को बीच में बुलाएं और कहें। कि जैसे इन पट्टियों को छोटे से बड़े के क्रम में रखा है, आपको भी छोटे से बड़े के क्रम में खड़ा होना है। (छोटे से बड़े के क्रम में खड़े होते समय छोटा बच्चा आगे और बड़ा बच्चा पीछे होगा)<br>• शिक्षक शुरूआत में एक-दो समूह की मदद करें व इस गतिविधि को 5-5 करके सभी बच्चों के साथ करवाएं।<br>• यही गतिविधि अन्य बच्चों के साथ बड़े से छोटे के क्रम में भी करवाएं। | • बच्चों को एक लाइन में खड़ा होने को कहें। और सहज करें।<br>• फिर आप बच्चों को आज के खेल के बारे में बताएं और उन्हें निर्देशित करें।<br>• अब आप सारी वस्तुओं को इस तरह से लगा दे की बच्चे उनको पार करके आगे बढ़ सकें।<br>• फिर आप बच्चों को रखे हुए सामान को एक-एक करके पार करने को कहें। और उनको बताएं कि प्रत्येक वस्तु को कैसे पार करना है जैसे - टेबल पर चढ़ कर पार करना है, कुर्सी के नीचे से जाना है, कपड़े के गोल घेरे पर गोल चक्कर लगा कर पार करना आदि।<br>• इसी तरह से सारी वस्तुओं को पार करते हुए आगे बढ़ने को बोलना है।<br>• इसी तरह बारी-बारी से एक-एक बच्चे को यह कार्य करने का मौका दें।<br>• सभी बच्चों को कम से कम एक बार मौका मिले आप इस बात का ध्यान रखें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग एक खेल खेलेंगे।<br>• फिर शिक्षक अपने पसंदीदा खेल के बारे में बच्चों को बताएं और फिर बच्चों से भी उनके पसंदीदा खेल के बारे में बताने को कहें।।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 3

| शनिवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को शब्दों में ध्वनियों को तोड़ने-जोड़ने, शब्दों में प्रथम ध्वनि पहचानने (क, र, न, म) और कक्षा में रखी प्रिंट सामग्री से जुड़ने के मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाए जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुए आदि) |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ जिसमें बच्चों को शब्दों में ध्वनियों को तोड़ने-जोड़ने, शब्दों में प्रथम ध्वनि पहचानने (क, र, न, म) और कक्षा में रखी प्रिंट सामग्री से जुड़ने के मौके मिलें जैसे- सामान्य शब्दों की प्रथम ध्वनियों को पहचानना, समान वर्णों को मिलाना और स्वतंत्र रूप से किताबों को उलटना-पलटना एवं अन्य पठन सामग्री को पढ़ने का प्रयास करना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते है जैसे आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

सप्ताह 3

| शनिवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | पुनरावृत्ति | बच्चों का मनपसंद खेल | शिक्षक बच्चों से पूछें- मुझे अच्छा कब लगता है और आपको कब कब खुशी मिलती है। बच्चों को उनके मनोभाव व्यक्त करने का मौका दें। |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएंगे।<br>● बच्चों की हाइट (कद) के अनुसार क्रमबद्धता<br>● गन्ध की पहचान<br>● 1-10 तक गिनना<br>● दूर-पास की अवधारणा | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास करना | बच्चे अपने अंदर की भावनाओं को अभिव्यक्त कर पाएँगे। |
| तैयारी और सामग्री | ए-4 साइज कागज, रंग | ● गतिविधि के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | ● बच्चों को गतिविधि के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें । | ● आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे मे बताएं। कि आज आप अपने-अपने पसंद का खेल खेलो।<br>● आप बच्चों से बातचीत करें। आप कौन-कौन सा खेल खेलते हो ? आपको कौन-से खेल पसंद हैं? आदि। इसके बाद आप बच्चों से कहें। आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल रहे हों। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>● अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग मुझे अच्छा कब लगता है और आपको कब कब खुशी मिलती है पर चर्चा करेंगे।<br>● फिर शिक्षक अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साँझा करेंगे और उन्हें भी एक-एक करके अपनी बात रखने का मौका देगें।<br>● शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें।<br>● शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 4

### सोमवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | मौखिक खेल (नाम बूझो तो जाने) | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उनसे जुड़ी सरल चर्चा करना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | प्रथम वर्ण/अक्षर की संगत ध्वनि से शुरू होने वाली वस्तु के नाम का पता लगाना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | विभिन्न वस्तुओं के चित्र कार्ड | • बिगबुक।<br>• कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बनाएँ। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • शिक्षक सभी बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठें। शिक्षक अपने पास कुछ चित्र कार्ड उल्टा रख लें।<br>• अब शिक्षक एक चित्र कार्ड उठाएँ। जैसे- मोर का चित्र। ध्यान रहे कि बच्चे इस चित्र को न देख पाएँ।<br>• अब शिक्षक बोलें कि मेरे पास एक चित्र हैं जिसका नाम "मो" से शुरू होता है। बच्चे कोई भी संभावित उत्तर दे सकते है, जैसे-मोज़े, मोमबत्ती, मोबाइल, मोर आदि।<br>• जब सही जबाव आ जाए तो सभी बच्चों को चित्र दिखाएँ। यदि कुछ शब्दों के बाद सही जबाब न आए तो चित्र दिखाएँ और नाम बताने को कहें।।<br>• इसी तरह से 8-10 चित्रों के साथ खेल को आगे बढ़ाएं। | • आप बच्चों को एक गोले में बैठा लें और सहज कर लें।<br>• इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएं, और कहानी के बारे में अनुमान लगाने कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा हैं? यह कहानी किसके बारे में हैं?<br>• अब आप किताब के सभी पृष्ठों को पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें।, साथ ही हाव-भाव से पढें।<br>• आप कहानी को आदर्श रूप से पठन 2 बार करें।<br>• बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाई से दाई ओर पढ़ते हैं।<br>• अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की मदद से जो अनुमान लगाए गए थे उन पर बातचीत करें।<br>• कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढने का अभ्यास कराएँ। |

**सप्ताह 4**

| | सोमवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
| गतिविधि का नाम | कागज के छोटे-छोटे टुकड़े करना | भारी और हल्का की अवधारणा (वस्तुओं के साथ) | तीन पैरों की रेस | शिक्षक प्रतिदिन के अनुभव पर बच्चों से बातचीत करें और अलग-अलग परिस्थितियों में उनको कैसा महसूस होता है, पर चर्चा करें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास | वस्तुओं के भारी और हल्का होने की अवधारणा को समझ पाना | निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | दिनभर की गतिविधियों की पुनरावृत्ति व बच्चों के अनुभव के बारे में जानना |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्रीः** पुराने अखबार | • क्रिकेट की गेंद और उसी आकार की कागज की गेंद<br>• रेत से भरा छोटा डिब्बा और उसी आकार का खाली डिब्बा | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को 4-4 के छोटे समूहों में बाँटें और प्रत्येक बच्चे को एक-एक अखबार का टुकड़ा दें।<br>• शिक्षक बच्चों को अखबार को छोटे-छोटे टुकड़ों में फाड़ने को कहें।।<br>• बच्चों से कहें। कि उन टुकड़ों को इकट्ठा करके डिब्बों में रखते जाएं।<br>**नोटः** बच्चों को अखबार के अधिकतम छोटे टुकड़े करने को कहें।। | • शिक्षक बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठ जाएं और उनको सामग्री दिखाते हुए कहें। कि आज हम इनसे एक गतिविधि करेंगे।<br>• अब शिक्षक अपने सामने क्रिकेट की और कागज की गेंद रखकर बच्चों से अनुमान लगाने को कहें। कि इनमें से कौन सी गेंद भारी है और कौन सी गेंद हल्की है?<br>• फिर एक बच्चे को बुलाकर दोनों गेंद को क्रम से उठाकर बताने को कहें। कि कौन सी गेंद भारी और कौन सी हल्की है?<br>• सभी बच्चों को कम से कम एक बार गतिविधि करने का मौका दें।<br>• इसी तरह अलग-अलग सामग्रियां जैसे रेत से भरा छोटा डिब्बा और उसी आकार का खाली डिब्बा से भी इस गतिविधि को पूरा कराएं। | • जमीन पर दो पंक्ति इस प्रकार खींचें कि उनमें कम से कम 2 से 4 फिट की दूरी हो।<br>• दो-दो बच्चों के जोड़े बनाएं।<br>• जोड़े में एक बच्चे का दायां पैर और दूसरे बच्चे का बायां पैर इस प्रकार साथ बांधे कि वह पैरों पर नियंत्रण रखते हुए सावधनी से दौड़ सकें।<br>• अब प्रत्येक जोड़े को निर्देश दें कि उन्हें पहली पंक्ति से दूसरी पंक्ति तक दौड़ना है।<br>• जो जोड़ी दौड़कर सबसे पहले दूसरी पंक्ति तक पहुँचेगी, वही विजेता होगी। | • शिक्षक बच्चों के साथ एक चक्र में बैठकर चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में उन्हें कैसा महसूस होता है।<br>• शिक्षक बच्चों को बताएं कि कोई भी भावना गलत नहीं होती। अलग-अलग परिस्थितियों में हम अलग-अलग भाव महसूस करते हैं।<br>• परिस्थितियों से जुड़ी भावनाओं पर बातचीत करते हुए, उन्हें उनकी भावनाओं को इशारे या गिनती के सहारे से एक स्तर देने के लिए भी कहें।।<br>• आप निम्न परिस्थितियाँ देकर पूछ सकते हैं कि उन्हें इन परिस्थितियों में कैसा लगेगा-<br>- जब कोई दौड़ में प्रथम आए या अंतिम आए।<br>- जब किसी बात पर डाँट पड़ती है।<br>- जब बहुत सारे लोगों के सामने गाकर / नाच करके / नाटक करके दिखाना हो।<br>- जब आप बहुत तेज दौड़ते हैं और गिर जाते हैं।<br>- जब आपको कोई पसंद की चीज देने से मना कर दे, आदि।<br>- जब चोट लग जाती है।<br>• इस गतिविधि के अंत में चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में हमारे भाव भी अलग-अलग होते हैं। हमें उन्हें समझना और पहचानना जरूरी होता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। |

## मंगलवार

**सप्ताह 4**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (स, त) | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (स, त) | बिगबुक से साझा पठन के मौके देना।<br>सरल और सामान्य शब्दों को पहचानना और पढ़ने का प्रयास करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड<br>स और त से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • बिगबुक<br>• कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• जैसे आप "स" वर्ण से कुछ शब्द बच्चों को बोलें। इन शब्दो में कुछ शब्द "स" से शुरू होंगे और कुछ शब्दों में या तो स नहीं होगा या शब्द में कहीं बाद में आएगा। उदाहरण के लिए-सर, सड़क, खरगोश, रस<br>• बच्चों को निर्देश दें की अगर शब्द "स" से शुरू होता है तो बच्चे बैठ जाएंगे। यदि शब्द "स" से शुरू नहीं होता तो बच्चे अपनी जगह पर खड़े रहेंगे।<br>• बिना मात्रा के सरल शब्द लें और यही गतिविधि "त" वर्ण के साथ भी करवाएँ।<br>• इसके बाद बच्चों को "स" और "त" वर्णो को हवा/मिट्टी/पीठ पर उंगली से लिखने का अभ्यास कराएं। | सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर उँगली रखें।<br>• इसके बाद बच्चों को आपके साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें।। पढ़ने के दौरान आप उन जगह पर रूकें, जहाँ बच्चे वाक्य या चित्रों के माध्यम से शब्दों को स्वयं पहचान सकें। किताब को इस तरह से पकड़े की सभी बच्चे शब्दों को देख पाएँ।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में हम क्या बदलाव कर सकते है?<br>• अंत में, कक्षा में 8-10 बच्चों का नाम बुलाएँ और उन्हें कहानी में से कोई एक शब्द याद करके कहने को कहें।। इस दौरान, बच्चों ने जो शब्द बोले हैं, उन्हें बोर्ड पर/ पिछले दिन बने शब्द चार्ट पर लिखें।<br>• फिर एक-एक करके बच्चों को आगे बुलाएँ और लिखें शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |

## सप्ताह 4

## मंगलवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चिपक कार्य (कागज़ के छोटे टुकड़े/गोलों को किसी आकृति में भरना) | चरण बद्धता-रोटी कैसे बनाते है, सुबह से रात तक आप क्या करते हैं? (पिक्चर कार्ड के साथ) | मेंढक दौड़ | शिक्षक प्रतिदिन के अनुभव पर बच्चों से बातचीत करें और अलग-अलग परिस्थितियों में उनको कैसा महसूस होता है, पर चर्चा करें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | दैनिक जीवन की गतिविधियों के क्रम को चरणबद्ध रूप में समझना | बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होना | दिनभर की गतिविधियों की पुनरावृत्ति व बच्चों के अनुभव के बारे में जानना |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्रीः** बच्चों के द्वारा फाड़े गए कागज़ के छोटे टुकड़े, लेई/गोंद, आकृति बना हुआ चार्ट पेपर | • गतिविधि में विषय से सम्बंधित पूछें जाने वाले प्रश्नों की सूची जैसे रोटी कैसे बनाते हैं, सुबह से लेकर रात तक की दिनचर्या<br>• संबंधित विषय के पिक्चर कार्ड | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों से बातचीत करें की उन्होंने कागज फाड़ने वाली गतिविधि में जो टुकड़े बचाकर रखे थे उनका इस्तेमाल यहाँ करना है।<br>• फिर बच्चों को 4 - 5 के छोटे समूहों में बाँटें और प्रत्येक समूह में एक चार्ट पेपर दे दें जिस पर कोई आकृति बनी हो।<br>• चार्ट पेपर पर बनी कृति में कागज के छोटे टुकड़ों को गोंद से चिपका कर दिखाएँ और बच्चों को भी पहले से फाड़े गए टुकड़ों को कागज पर बनी आकृति पर चिकाने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा किये गए कार्य की सराहना करें। | • गतिविधि के लिए बच्चों को एक गोल घेरे में बैठायें और उन्हें बताएं कि आज हम लोग दैनिक जीवन की गतिविधियों में शामिल चरणों के क्रम की समझ को विकसित करने वाली गतिविधि करेंगे (जिसके लिए बच्चों से सी बातचीत करें)<br>• शिक्षक स्वयं सबसे पहले बच्चों से पूछें कि आज सुबह उठने के बाद से लेकर स्कूल आने तक उन्होंने क्या-क्या किया?<br>• बच्चों के जवाब बोर्ड पर लिखते भी जाएं।<br>• इसके बाद शिक्षक लिखी हुई गतिविधियों को क्रम से एक-एक करके पढ़ते हुए सभी बच्चों से उसका अभिनय करने के लिए कहें।।<br>• इसी तरह दैनिक जीवन में की जाने वाली अन्य गतिविधियां जैसे रोटी बनाना, कपड़े धोना आदि के चरणों को भी सभी बच्चों को क्रमबद्ध तरीके से अभिनय करके बताने को कहें।।<br>• शिक्षक गतिविधि के लिए सम्बंधित विषयों के पिक्चर कार्ड का उपयोग उनकी चरणबद्धता के लिए करें। | • आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं, आज की गतिविधि के बारे में बताएं।आप स्वयं बच्चे को मेंढक की तरह कूदकर बताएं कि मेढ़क किस प्रकार से कूद-कूद कर चलता है।<br>• फिर आप सभी बच्चों से कहें। कि वो मेंढक की तरह कूद-कूद कर चल इस गतिविधि में सभी बच्चे 3-4 बार मेंढक जैसा चलने का अभिनय करके दिखाएँ।<br>• आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल में प्रतिभाग करें। | • शिक्षक बच्चों के साथ एक चक्र में बैठकर चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में उन्हें कैसा महसूस होता है।<br>• शिक्षक बच्चों को बताएं कि कोई भी भावना गलत नहीं होती। अलग-अलग परिस्थितियों में हम अलग-अलग भाव महसूस करते हैं।<br>• परिस्थितियों से जुड़ी भावनाओं पर बातचीत करते हुए, उन्हें उनकी भावनाओं को इशारे या गिनती के सहारे से एक स्तर देने के लिए भी कहें।।<br>• आप निम्न परिस्थितियाँ देकर पूछ सकते हैं कि उन्हें इन परिस्थितियों में कैसा लगेगा-<br>- जब कोई दौड़ में प्रथम आए या अंतिम आए।<br>- जब किसी बात पर डाँट पड़ती है।<br>- जब बहुत सारे लोगों के सामने गाकर/नाच करके/नाटक करके दिखाना हो।<br>- जब आप बहुत तेज दौड़ते हैं और गिर जाते हैं।<br>- जब आपको कोई पसंद की चीज देने से मना कर दे, आदि।<br>- जब चोट लग जाती है।<br>• इस गतिविधि के अंत में चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में हमारे भाव भी अलग-अलग होते हैं। हमें उन्हें समझना और पहचानना जरूरी होता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। |

**सप्ताह 4**

| | बुधवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ब, ल) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | ब और ल वर्णों को पहचानने के मौके देना। | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड<br>ब और ल से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • चित्र कार्ड<br>• चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखना। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• जैसे आप "ब" वर्ण से कुछ शब्द बच्चों को बोलें। इन शब्दो में कुछ शब्द "ब" से शुरू होंगे और कुछ शब्दों में या तो "ब" नहीं होगा या शब्द में कहीं बाद में आएगा। उदाहरण के लिए- बल, बरगद, सबल, तराजू<br>• बच्चों को निर्देश दें की अगर शब्द "ब" से शुरू होता है तो बच्चे बैठ जाएंगे। यदि शब्द "ब" से शुरू नहीं होता तो बच्चे अपनी जगह पर खड़े रहेंगे।<br>• बिना मात्रा के सरल शब्द लें और यही गतिविधि "ब" वर्ण के साथ भी करवाएँ।<br>• इसके बाद बच्चों को "ब" और "ल" वर्णों को हवा/मिट्टी/पीठ पर उंगली से लिखने का अभ्यास कराएं। | • गतिविधि की शुरूआत आप किसी छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>• इसके बाद आप बच्चों से चित्र चार्ट में दिख रहीचीजों/ घटनाओं/ गतिविधियों के बारे में सरल बंद छोर प्रश्न पूछें जैसे- यह चित्र कहाँ का है? चित्र में क्या हो रहा है?<br>• आप ऐसे 5-6 सवाल पूछ सकते हैं और हर प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रियाएं ले सकते हैं। आप यह भी सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों को कम-से-कम 2 बार बोलने के मौके अवश्य मिलें।<br>• आप चर्चा को आगे बढ़ाए और कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे इनमें से कौन-सी वस्तुएँ आपका आस-पास नज़र आती है? आपके मनपसंद चित्र कौन-सा है।<br>• आप प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ों में उस प्रश्न पर बातचीत करने के लिए कहें।। आप बच्चों को यह निर्देश दें कि जोड़ों में दोनों ही बच्चों को प्रश्न का उत्तर क्या लगता है, इस पर बात करनी है।<br>• किन्हीं 2-3 बच्चों को अपना उत्तर सभी के साथ साझा करने के लिए कहें।। कोशिश करें कि हर बच्चे को 1-2 बार पूरी कक्षा में अपने उत्तर को साझा करने के मौके मिले हों। |

## सप्ताह 4

### बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | अलग-अलग जानवरों के मुखौटे बनाना | पानी से एक्सपेरिमेंट -पानी में क्या-क्या घुलता है, पानी में क्या तैरता है और क्या डूबता हैं? | एक-दूसरे की नकल करना | शिक्षक प्रतिदिन के अनुभव पर बच्चों से बातचीत करें और अलग-अलग परिस्थितियों में उनको कैसा महसूस होता है, पर चर्चा करें। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और सृजनशीलता का विकास | पानी में क्या घुलता है, क्या तैरता है और क्या डूबता हैं की अवधारणा को समझना | निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | दिनभर की गतिविधियों की पुनरावृत्ति व बच्चों के अनुभव के बारे में जानना |
| **तैयारी और सामग्री** | **सामग्रीः** पेपर प्लेट, रस्सी, गोंद, पेंसिल, रंग, कागज, कैंची | • 3 छोटे कटोरे, चम्मच<br>• नमक, चीनी, रेत, कंकड़, चाभी, कागज़, पत्ती<br>• पानी | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• सभी को 4-5 के समूह में विभाजित करके मुखौटे बनाने का सामान दे दें तथा किसी जानवर का मुखौटा बनाने की प्रक्रिया शिक्षक करता जाए और बच्चे उसे देखते जाएं।<br>• बच्चे को एक-एक कागज दें, जिसमें अलग-अलग जानवरों की आकृतियां बनी हों।<br>• पहले सभी बच्चों से कागज़ में बनी आकृति में रंग भरवाएं, फिर उनको कैंची की सहायता से कटवा लें।<br>• काटी गई आकृतियों को एक लकड़ी की डंडी पर चिपकवा दें और बच्चों से एक-दूसरे के मुखौटों को देखने को कहें।। | • प्रत्येक कटोरे में थोड़ा पानी डालें।<br>• किसी भी सामग्री का एक चम्मच लें और इसे पानी के साथ मिलाएं।<br>• अब अपने बच्चे से पूछें कि वह सामग्री पानी में घुल रही है या नहीं।<br>• इसके बाद कुछ भारी और हल्की वस्तु को पानी में डालें जैसे कंकड़, पत्ती, कागज या चाभी<br>• अब बच्चे से पूछें कि कौन सी वस्तु पानी में डूब गई है और कौन सी तैर रही है और ऐसा क्यूँ हो रहा है?<br>• इस तरह बच्चा प्रत्येक वस्तु के साथ यह प्रयोग कर सकता है।<br>• उन्हें इसके पीछे का वैज्ञानिक कारण बताने की कोई आवश्यकता नहीं है, बस उन्हें गतिविधि करके देखने दें। | • गतिविधि शुरू करने से पहले शिक्षक बच्चों को गतिविधि के नियम समझाएं।<br>• इस गतिविधि में दो बच्चे एक साथ प्रतिभाग करेंगे और दोनों को ही बोलना मना होगा।<br>• प्रतिभाग करने वाले बच्चों को एक-दूसरे की नकल करनी होगी।<br>• शिक्षक सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे गतिविधि में प्रतिभाग करें। | • शिक्षक बच्चों के साथ एक चक्र में बैठकर चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में उन्हें कैसा महसूस होता है।<br>• शिक्षक बच्चों को बताएं कि कोई भी भावना गलत नहीं होती। अलग-अलग परिस्थितियों में हम अलग-अलग भाव महसूस करते हैं।<br>• परिस्थितियों से जुड़ी भावनाओं पर बातचीत करते हुए, उन्हें उनकी भावनाओं को इशारे या गिनती के सहारे से एक स्तर देने के लिए भी कहें।।<br>• आप निम्न परिस्थितियाँ देकर पूछ सकते हैं कि उन्हें इन परिस्थितियों में कैसा लगेगा-<br>- जब कोई दौड़ में प्रथम आए या अंतिम आए।<br>- जब किसी बात पर डाँट पड़ती है।<br>- जब बहुत सारे लोगों के सामने गाकर/नाच करके/नाटक करके दिखाना हो।<br>- जब आप बहुत तेज दौड़ते हैं और गिर जाते हैं।<br>- जब आपको कोई पसंद की चीज देने से मना कर दे, आदि।<br>- जब चोट लग जाती है।<br>• इस गतिविधि के अंत में चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में हमारे भाव भी अलग-अलग होते हैं। हमें उन्हें समझना और पहचानना जरूरी होता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। |

| सप्ताह 4 — बृहस्पतिवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | अब तक सीख गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (एक जैसे वर्णों की आकृति मिलाओ) | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | स, त, ब, ल वर्णों को पहचानने के मौके देना। | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | शब्द कार्ड, वर्ण कार्ड, चाक<br>गतिविधि के लिए उचित जगह।<br>परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों।<br>• बरखा श्रृंखला की पुस्तकें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए "स" और "त" वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में (बड़े आकार में) "स" और त" वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• जमीन या ग्रीन पट्टी पर स, त, ब और ल को अलग-अलग लिखें और बच्चों को स से स को और त से त को मिलाने को कहें।।<br>• यही गतिविधि "ब" और "ल" वर्णों के साथ करवाएं।<br>• बच्चों को चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाएँ उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से से हैं। | • आप बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से चित्र सहित छोटी कहानी वाली किताबें दें और उनसे किताब में दिए गए चित्रों और शब्दों को देखकर पढने का प्रयास करने कहें।। बच्चों को स्वयं से किताबों का चयन करने दें।<br>• बच्चों को किताबें उलटने-पलटने का समय दें और आपस में बातचीत करने दें।<br>• 2-3 बच्चों से उनकी किताब की कहानी को चित्रों के आधार पर अपनी भाषा में बताने को कहें।।<br>• बच्चे जैसी भी कहानी बताए, उसको स्वीकार करें। बच्चों को कहानी बताने में सहयोग करें। |

## सप्ताह 4

### बृहस्पतिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | अलग-अलग जानवरों के मुखौटे बनाना और उससे जुड़ा अभिनय करना | परिमाण के साथ 1-10 के समूह बनाए | लम्बे और छोटे कदम उठाने का खेल | शिक्षक प्रतिदिन के अनुभव पर बच्चों से बातचीत करें और अलग-अलग परिस्थितियों में उनको कैसा महसूस होता है, पर चर्चा करें। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, सृजनशीलता का विकास, अभिनय करने की क्षमता का विकास | वस्तुओं की संख्या के परिमाण अनुसार समूह बनाना | बच्चों का शारीरिक विकास होगा | दिनभर की गतिविधियों की पुनरावृत्ति व बच्चों के अनुभव के बारे में जानना |
| **तैयारी और सामग्री** | **सामग्रीः** मुखौटे | कागज के गोले / कंकड़ / लकड़ी के टुकड़े / चहक टी.एल.एम. में उपलब्ध सामग्री | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• सभी को 4-5 के समूह में विभाजित करें। सभी समूहों में मुखौटे बाँट दें।<br>• इसके बाद सभी बच्चों को मुखौटों की सहायता से अपने-अपने समूहों में अभिनय करने का अभ्यास करने को कहें।।<br>• इसके बाद बच्चों को एक-एक करके सामने बुलाते हुए मुखौटों के साथ अभिनय करने को कहें।। | • इस गतिविधि के लिए शिक्षक 1 से 10 तक की संख्या के लिए कागज की गोलियाँ बच्चों से बनाएँगे।<br>• कागज की गोलियों को 1-10 की संख्या के परिमाण के रूप में समूह में रखेंगे (शिक्षक पहले स्वयं इस गतिविधि को करके बच्चों को दिखाएँ)<br>• अब गतिविधि के लिए शिक्षक सभी बच्चों को कुछ कागज के टुकड़े देंगे<br>• बच्चों को यह निर्देश दें कि वह जो भी संख्या बोलेंगे बच्चों को उतनी ही संख्या के बराबर कागज की गोली बनानी हैं (जैसे यदि शिक्षक ने कहा 2 तो सभी बच्चे 2 कागज की गोलियां बनाकर एक समूह में 2 गोलियाँ रखेंगे और 5 कहा तो सभी बच्चे 5 कागज की गोलियां बनाकर एक समूह में पांच गोलियां रखेंगे)<br>• यही प्रक्रिया शिक्षक एक से 10 तक की संख्या के साथ बच्चों को करवाएं व आवश्यकतानुसार बच्चों की मदद करें ।<br>• शुरूवात में 1 से 5 तक की संख्या के लिए ये गतिविधि बच्चों से करवाएं। | • बच्चों को एक लाइन में खड़ा होने को कहें। और सहज करें।<br>• फिर आप बच्चों को आज के खेल के बारे में बताएँ और उन्हें निर्देशित करें।<br>• 2-3 बच्चों का एक-एक समूह बना लेंगे<br>• अब आप बच्चों के एक समूह को छोटे और बड़े कदम रखने को कहें।गें<br>• और इस क्रिया को 3-4 बार दोहरायेगें जिससे बच्चों में छोटे और बड़े कदम रखने की समझ विकसित होगीं<br>• इसी तरह बारी बारी से एक-एक बच्चों के समूह को यह कार्य करने का मौका दे।<br>• सभी बच्चों को कम से कम एक बार मौका मिले आप इस बात का ध्यान रखें | • शिक्षक बच्चों के साथ एक चक्र में बैठकर चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में उन्हें कैसा महसूस होता है।<br>• शिक्षक बच्चों को बताएं कि कोई भी भावना गलत नहीं होती। अलग-अलग परिस्थितियों में हम अलग-अलग भाव महसूस करते हैं।<br>• परिस्थितियों से जुड़ी भावनाओं पर बातचीत करते हुए, उन्हें उनकी भावनाओं को इशारे या गिनती के सहारे से एक स्तर देने के लिए भी कहें।।<br>• आप निम्न परिस्थितियाँ देकर पूछ सकते हैं कि उन्हें इन परिस्थितियों में कैसा लगेगा-<br>- जब कोई दौड़ में प्रथम आए या अंतिम आए।<br>- जब किसी बात पर डाँट पड़ती है।<br>- जब बहुत सारे लोगों के सामने गाकर / नाच करके / नाटक करके दिखाना हो।<br>- जब आप बहुत तेज दौड़ते हैं और गिर जाते हैं।<br>- जब आपको कोई पसंद की चीज देने से मना कर दे, आदि।<br>- जब चोट लग जाती है।<br>• इस गतिविधि के अंत में चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में हमारे भाव भी अलग-अलग होते हैं। हमें उन्हें समझना और पहचानना जरूरी होता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। |

## शुक्रवार

**सप्ताह 4**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर उंगली से सीखे गए वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास कराना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। | वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार करके रखें। | संबंधित वर्णों से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें।<br>मिट्टी / बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>• आप कक्षा के बच्चों को गोले घेरे में बैठाएँ।<br>• आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>• बच्चों का ध्यान बनाएँ रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न भी पूछें।<br>• कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें की उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>• बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी पूछ सकते हैं लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | • बच्चों को गोले में खड़ा करें। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए स, त, ब और ल वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में बड़े आकार में 'स' और 'त' वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• इसके बाद बच्चों को एक-दूसरे की पीठ में 'स' और 'त' वर्ण बनाने और पहचानने को कहें।। यही गतिविधि 'ब' और 'ल' वर्णों के साथ करवाएँ।<br>• बच्चों को हवा में, पानी में, मिट्टी में या चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाए, उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से है। |

## सप्ताह 4

### शुक्रवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | पहले सुनाई गई कविता या कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | पैटर्न बनाना - वस्तुओं के साथ | पकड़म पकड़ाई | शिक्षक प्रतिदिन के अनुभव पर बच्चों से बातचीत करें और अलग-अलग परिस्थितियों में उनको कैसा महसूस होता है, पर चर्चा करें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | वस्तुओं को एक विशेष पैटर्न में लगाना व उसी पैटर्न को आगे बढ़ाना सीखना | बच्चों में शारीरिक विकास होना। | दिनभर की गतिविधियों की पुनरावृत्ति व बच्चों के अनुभव के बारे में जानना |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्रीः** चित्र बनाने हेतु काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन / रंग इत्यादि<br>बच्चों के दृष्टि स्तर पर बोर्ड | • एक जैसे फूल<br>• माचिस की तीलियाँ | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और सभी बच्चों को एक-एक काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन / रंग इत्यादि उपलब्ध करा दें।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी या कविता दिलाएँ और फिर बच्चों को सुनाई गई कविता या कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहें।।<br>• बीच बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जायें तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी या कविता पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • गतिविधि के लिए शिक्षक बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठ जाएं<br>• बच्चों को सामग्री दिखाते हुए कहें। कि आज हम लोग इनसे एक गतिविधि करेंगे।<br>• अब शिक्षक अपने सामने क्रम से दो तीली- एक फूल फिर दो तीली- एक फूल बोलते हुए रखें।<br>• अब किसी एक बच्चे को बुलाकर इसी पैटर्न - दो तीली- एक फूल फिर दो तीली- एक फूल को आगे बढ़ाने को कहें।।<br>• इसी तरह सभी बच्चों को बुलाकर अलग-अलग वस्तुओं से पैटर्न बनाकर उस को आगे बढ़ाने को कहें।। | • आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे मे बताएं।<br>• इस खेल के लिए सभी बच्चे आपके द्वारा निर्देशित क्षेत्र में दौड़ेगे और केवल एक बच्चा सभी बच्चों को छूने का प्रयास करेगा।<br>• यदि बच्चा दूसरे किसी भी बच्चे को छूने में सफल हो जाता है तो उस दूसरे बच्चे को यही प्रक्रिया फिर से दोहरानी होगी।<br>• आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चों को खेलने क मौका मिले। | • शिक्षक बच्चों के साथ एक चक्र में बैठकर चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में उन्हें कैसा महसूस होता है।<br>• शिक्षक बच्चों को बताएं कि कोई भी भावना गलत नहीं होती। अलग-अलग परिस्थितियों में हम अलग-अलग भाव महसूस करते हैं।<br>• परिस्थितियों से जुड़ी भावनाओं पर बातचीत करते हुए, उन्हें उनकी भावनाओं को इशारे या गिनती के सहारे से एक स्तर देने के लिए भी कहें।।<br>• आप निम्न परिस्थितियाँ देकर पूछ सकते हैं कि उन्हें इन परिस्थितियों में कैसा लगेगा-<br>- जब कोई दौड़ में प्रथम आए या अंतिम आए।<br>- जब किसी बात पर डाँट पड़ती है।<br>- जब बहुत सारे लोगों के सामने गाकर / नाच करके / नाटक करके दिखाना हो।<br>- जब आप बहुत तेज दौड़ते हैं और गिर जाते हैं।<br>- जब आपको कोई पसंद की चीज देने से मना कर दे, आदि।<br>- जब चोट लग जाती है।<br>• इस गतिविधि के अंत में चर्चा करें कि अलग-अलग परिस्थितियों में हमारे भाव भी अलग-अलग होते हैं। हमें उन्हें समझना और पहचानना जरूरी होता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। |

## सप्ताह 4

## शनिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय / गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को शब्दों में ध्वनियों को तोड़ने-जोड़ने, शब्दों में प्रथम ध्वनि पहचानने (स, त, ब, ल) और पुस्तको में चित्र देखकर कहानी बनाने के मौके दें।<br>• हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाए जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुए आदि) को रखें |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने / उठने-बैठने का मौका दें।<br>• सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ जिसमें बच्चों को शब्दों में ध्वनियों को तोड़ने-जोड़ने, शब्दों में प्रथम ध्वनि पहचानने (क, र, न, म) और पुस्तको में चित्र देखकर कहानी बनाने के मौके मिलें जैसे- सामान्य शब्दों की प्रथम ध्वनियों को पहचानना, समान वर्णों को मिलाना और स्वतंत्र रूप से किताबों को उलटना-पलटना एवं पढ़ी किताबों के बारे में चर्चा करना आदि।<br>• जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते है जैसे आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें |

## सप्ताह 4

| | शनिवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | बच्चों का मनपसंद खेल | मुझे गुस्सा कब आता है |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों को करवाएंगे ह<br>● भारी और हल्का की अवधारणा<br>● चरण बद्धताः रोटी कैसे बनाते है?(पिक्चर कार्ड के साथ)<br>● पैटर्न बनाना - वस्तुओं के साथ<br>● परिमाण के साथ 1-10 के समूह बनाए<br>● पानी से एक्सपरिमेंट की गतिविधियाँ | बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | दिनभर की गतिविधियों की पुनरावृत्ति व बच्चों के अनुभव के बारे में जानना |
| तैयारी और सामग्री | ए-4 साइज कागज, रंग, पेंसिल, रबर | ● गतिविधि के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | ● बच्चों को गतिविधि के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें । | ● आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे मे बताएं। कि आज आप लोग अपने-अपने पसंद का खेल खेलो। खेलने के लिए 20-25 मिनट का समय दें।<br>● आप बच्चों से बातचीत करें। आप कौन-कौन सा खेल खेलते हो? आपको कौन-से खेल पसंद हैं? आदि। इसके बाद आप बच्चों से कहें। आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल रहे हों। | ● बच्चों को हाथ पकड़कर गोला बनाने को कहें।।<br>● इस दौरान जब बच्चे अपनी बात बताएंगे, तब अपने हाथ में छड़ी वाली एक पपेट रखें।<br>● अब उन्हें अपनी बात पपेट के जरिए कहें।, बच्चों से प्रश्न पूछें, कल या परसों आपको गुस्सा कब आया था और क्यों?<br>● जिन बच्चों को अपनी बात कहने में परेशानी हो, उनकी मदद करें।<br>● इस प्रक्रिया में बच्चे भावनाओं को शब्द देना सीखेंगे। |

बाल वाटिका

## सप्ताह 5 — सोमवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | मौखिक खेल (मैंने बनाया) | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उनसे जुड़ी सरल चर्चा करना |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | अपने द्वारा बनाई गई वस्तु का क्रमबद्ध तरीके से वर्णन करने के मौके देना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। |
| **तैयारी और सामग्री** | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | बच्चों द्वारा बनाई गई चीज़ें | ● बिगबुक से कहानी पहले पढ़ लें।<br>● कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बनाएँ। |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● गतिविधि से एक दिन पूर्व सभी बच्चों से अपने घर में मौजूद पुराने कागज़ एवं सामन से कुछ भी बनाकर लाने के लिए बोल दें।<br>● ये चीज़े पेपर से मोड़कर टोपी, कमल का फूल, मेढ़क, किताबों से बनी कठपुतली इत्यादी हो सकते हैं।<br>● जब बच्चे सामान बनाकर अगले दिन लाएँ, तब बारी-बारी से एक-एक बच्चा अपनी बनाई गई वस्तु को दिखाए और बनाने के तरीके को कक्षा के सभी बच्चों को बताए उदाहरण के लिए-कागज़ से नाव बना कर लेने पर बच्चा विस्तार से क्रम में बताए कि उसने क्या सामग्री ली, फिर कागज़ कैसे मोड़ा आदि।<br>● (कुछ सरल वस्तुओं के बनाने के तरीके को समझाने के लिए बच्चे उसे दोबारा बनाते हुए वर्णन कर सकते हैं। बाकी बच्चे निर्देशों का पालन करते हुए, साथ-साथ उस वस्तु को बना सकते हैं) | ● आप बच्चों को एक गोले में बैठा लें और सहज कर लें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएं, और कहानी के बारे में अनुमान लगाने कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा हैं? यह कहानी किसके बारे में हैं?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठों को पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें।, साथ ही हाव-भाव से पढ़ें।<br>● आप कहानी को आदर्श रूप से पठन 2 बार करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाई से दाई ओर पढ़ते हैं।<br>● अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की मदद से जो अनुमान लगाए गए थे उन पर बातचीत करें।<br>● कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढने का अभ्यास कराएँ। |

**सप्ताह 5**

| सोमवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | कागज की छोटी गोली बनाना | 1-5 तक की अंको की पहचान कराना (1-5 के परिमाण के वस्तु एवं 1-5 के संख्यां कार्ड) | • Body Parts Song<br>• गोले के अंदर-बाहर कूदना | मामा जी ने लड्डू खाया। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | 1-5 तक की अंक व उनके परिमाण की पहचान कराना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास | बच्चों को अंको की समझ, आवाज में उतार चढ़ाव और मौखिक भाषा का विकास |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्रीः** कागज/पुराने अखबार के टुकड़े | • कंकड़/कंचे<br>• अंक कार्ड/डोमिनो कार्ड | https://drive.google.com/file/d/1_sIR2HCJbD7CktAFCSGkJ76Jxq4snOcH/view<br>• शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• फिर बच्चों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटें और उन्हें कागज/अखबार दें।<br>• अब आप बच्चों को कागज को छोटे टुकड़ों में फाड़कर छोटी-छोटी गोलियां बनाकर दिखाएं और बच्चों को भी ऐसा करने को कहें।।<br>• बच्चों को कागज की गोलियों को डिब्बे/टोकरी में रखने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों द्वारा बनाई गई गोलियों की प्रशंसा करें। | • बच्चों को गोल घेरे में बिठाएं और उन्हें सामग्री दिखाते हुए कहें। कि आज हम लोग इनसे एक गतिविधि करेंगे।<br>• शिक्षक कंकड़/ कंचे को बच्चों के घेरे के बीच में रखें।<br>• अब 1 कंकड़/कंचे को उठाकर दिखाएं और उसे 1 के अंक कार्ड के सामने 1 बोलते हुए रखे।<br>• इसी तरह दो कंकड़ उठाएं और उसे भी दो के अंक कार्ड के सामने दो बोलते हुए रखें।<br>• इसी तरह पांच तक के अंक के साथ यह प्रक्रिया अपनाएं।<br>• अब शिक्षक एक- एक करके बच्चों को बुलाकर एक से पांच तक की कोई संख्या बोलें और बच्चे को कंकड़ या कंचे का ढेर बनाकर उसके सामने अंक कार्ड रखने को कहें।।<br>• इसी तरह गतिविधि को सभी बच्चों के साथ करते हुए पूरा करें। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर शरीर के अंगों के फ्लेश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लेश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**गोले के अंदर-बाहर कूदना**<br>• आप गोल घेरे में बैठकर बच्चों को समझाएँ कि गरम कौन-सी चीजें होती हैं और ठण्डी कौन-सी चीजें होती हैं, जैसे- चाय, आग, तेज धूप आदि गर्म होती हैं और बर्फ, आइसक्रीम आदि ठंडी होती हैं। फिर बच्चों को दोनों गोलों के बीच में खड़े होने को कहें।। फिर उनसे कहें। कि जब आप किसी ठंडी चीज जैसे बर्फ, आइसक्रीम आदि कहें।गे तो उनको ठंडे वाले गोले में कूदना है और जब आप किसी गरम चीज का नाम लें, जैसे- चाय तो बच्चे को गरम वाले गोले में कूदना है।<br>• इस गतिविधि को पहले आप स्वयं करके दिखाएँ, फिर बच्चों को करने के लिए कहें।। आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल रहे हों। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें। अब आप बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करें और उनसे कहें। कि आज हम लोग एक नयी गतिविधि करेंगे जिसमे हम लोग एक गीत करेंगे।<br>• मामा जी ने लड्डू खाया, आप बोलो जितने ...4।<br>• बोल भाई कितने।<br>• जैसे ही हम कोई संख्या बोलेंगे आप लोग उतने के समूह में खड़े हो जायेंगे. शिक्षक एक बार अभ्यास कराएँ फिर गतिविधि को कराएँ।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

सप्ताह 5

## मंगलवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (क, र, न, म) और पुस्तक/ पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | क, र, न, म वर्णों को पहचानने के मौके देना। | • बिगबुक से साझा पठन के मौके देना।<br>• सरल और सामान्य शब्दों को पहचानना और पढ़ने का प्रयास करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • चाक और गतिविधि के लिए उचित जगह।<br>• परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • पिछले दिन कराई गई बिगबुक को दोबारा पढ़ले और कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए "क" और "र" वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में (बड़े आकार में) "क" और र" वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• जमीन या ग्रीन पट्टी पर क, र, क और र को अलग-अलग लिखें और बच्चों को क से क को और र से र को मिलाने को कहें।।<br>• यही गतिविधि "न" और "म" वर्णों के साथ करवाएं।<br>• बच्चों को पढ़ाई गई बिगबुक और प्रिंट सामग्री (जैसे शब्द चार्ट, कविता पोस्टर आदि) में आए शब्दों में इन वर्णों को खोजकर पढ़ने का अभ्यास काराएँ।<br>• अंत में, बच्चों को चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाएँ उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से से हैं। | सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर उँगली रखें।<br>• इसके बाद बच्चों को आपके साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें।। पढ़ने के दौरान आप उन जगह पर रूकें, जहाँ बच्चे वाक्य या चित्रों के माध्यम से शब्दों को स्वयं पहचान सकें। किताब को इस तरह से पकड़े की सभी बच्चे शब्दों को देख पाएँ।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में हम क्या बदलाव कर सकते है?<br>• अंत में, कक्षा में 8-10 बच्चों का नाम बुलाएँ और उन्हें कहानी में से कोई एक शब्द याद करके कहने को कहें।। इस दौरान, बच्चों ने जो शब्द बोले हैं, उन्हें बोर्ड पर/ पिछले दिन बने शब्द चार्ट पर लिखें।<br>• फिर एक-एक करके बच्चों को आगे बुलाएँ और लिखें शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |

सप्ताह 5

| मंगलवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | फूल और पत्तियों का उपयोग करके उनसे कोलाज बनाना | 1-5 परिमाण के साथ अंक का मिलान | • Body Parts Song<br>• चिड़िया उड़ का खेल | मेरी तुम्हारी यादें |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और सृजनात्मक विकास | 1-5 तक के अंक के परिमाण की पहचान तथा मिलान करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चे उड़ने वाली और न उड़ने वाली वस्तु, पक्षी या जानवर के बारे में खेल खेल में सीखेंगे | मौखिक भाषा का विकास एवं अभिव्यक्ति की क्षमता |
| तैयारी और सामग्री | बड़े आकार के पुराने अखबार / कागज, पेड़ से गिरे हुए फूल | कंकड़, चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए नंबर के फ्लेश कार्ड / पर्चियाँ | https://drive.google.com/file/d/1_sIR2HCJbD7CktAFCSGkJ76Jxq4snOcH/view<br>• शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और एक बड़े आकार का कागज / अखबार और कुछ फूल / पत्तियाँ दे दें।<br>• बच्चों को कागज़ पर एक बड़ी आकृति बना कर दें और उस पर फूल एवं पत्तियों को चिपका कर दिखाएँ, ऐसा ही अपने पीछे बच्चों को दोहराने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए कोलाज़ की प्रशंसा करें। | • शिक्षक चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए नंबर के फ्लेश कार्ड या अंको की पर्चियाँ बनाएं।<br>• शुरुआत 1 से 5 तक की संख्या से करें। अब शिक्षक 5, 3 या 4 के समूह में कंकड़ रखें और बच्चों से फ्लेश कार्ड / पर्ची में लिखे अंको को कंकड़ की मात्रा के साथ मिलान करने के लिए कहें।। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर शरीर के अंगों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लेश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**चिड़िया उड़ का खेल**<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर बताएं कि जब भी आप किसी उड़ने वाले पक्षी का नाम लेंगे तो बच्चों को अपनी अंगुली ऊपर करनी होगी और जब आप किसी न उड़ने वाली वस्तु, जानवर या किसी अन्य चीज का नाम लेंगे तो अंगुली को नीचे रखना होगा।<br>• जो भी बच्चा न उड़ने वाली वस्तु, जानवर या अन्य किसी चीज पर अंगुली को उपर करेगा वह खेल से बहार हो जायेगा<br>• आप इसी खेल को बार बार दोह्यरायेगें जब तक किसी एक बच्चे की जीत न हो जाएँ<br>• सभी बच्चे इस कार्य में भाग लें आप इस बात का ध्यान रखें। | • बच्चों को गोल घेरे में बैठने को कहें।।<br>• बच्चों को उनके पिछले दिन के अनुभव के बारे में बताने को कहें।।<br>• जब बच्चे सहज होकर अपने अनुभव बताने लगें, तब बातचीत को आगे बढ़ाते हुए उनसे पूछें कि उस दिन आप सभी को कैसा लगा था?<br>• बारी-बारी से सभी बच्चे अपनी भावनाओं के बारे में बताएंगे। |

| सप्ताह 5 | | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **बुधवार** | |
| | गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (स, त, ब, ल) और पुस्तक/ पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | कविता पोस्टर से कविता सुनाना और कविता के चयनित शब्दों का लोगोग्राफ़िक पठन |
| | उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | स, त, ब, ल वर्णों को पहचानने के मौके देना। | कविता पर चर्चा एवं शब्दावली विकास |
| | तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • चाक और गतिविधि के लिए उचित जगह।<br>• परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | वर्ण कार्ड, कविता, पोस्टर।<br>• चर्चा में उपयोग में लिए जाने वाले प्रश्नों का चयन करना। |
| | गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए "स" और "त" वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में (बड़े आकार में) "स" और त" वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• जमीन या ग्रीन पट्टी पर स, त, ब और ल को अलग-अलग लिखें और बच्चों को स से स को और त से त को मिलाने को कहें।।<br>• यही गतिविधि "ब" और "ल" वर्णों के साथ करवाएं।<br>• बच्चों को पढ़ाई गई बिगबुक और प्रिंट सामग्री (जैसे शब्द चार्ट, कविता पोस्टर आदि) में आए शब्दों में इन वर्णों को खोजकर पढ़ने का अभ्यास काराएँ।<br>• अंत में, बच्चों को चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाएँ उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से से हैं। | कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए दिन की शुरूआत आप स्थानीय खेल से करें।<br>• फिर आप बच्चों को कविता पोस्टर दिखाए आरै उस पर बातचीत करें आरै बच्चों से अनुमान लगाने को कहें। कि कविता किसके बारे में है? कविता में क्या हो रहा होगा? आदि।<br>• अब आप कविता को 2 बार हाव-भाव के साथ गाए। इसके बाद बच्चों को अपने पीछे-पीछे दोहराने को कहें।।<br>• आप कविता से जुड़े कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें।<br>• फिर आप बोर्ड पर कविता में आए मुख्य शब्दों को लिख दें और बच्चों को शब्द दिखाते हुए पढ़ने और बच्चों से दोहराने को कहें।।<br>• अंत में, बच्चों को पोस्टर में से कुछ चयनित शब्दों को ढूँढकर पढ़ने के लिए कहें।। |

## सप्ताह 5

| बुधवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | बच्चों द्वारा रोल प्ले करना (डॉक्टर, टीचर, नाई, बावर्ची आदि) | क्रमबद्धता - अंक के साथ (1-5) - अंक कार्ड | • Body Parts Song<br>• मेरी ताली का पैटर्न | आओ बताएं अपनी पसंद |
| उद्देश्य | बच्चों में अभिनय करने की क्षमता का विकास | 1-5 तक के अंक के संख्या कार्ड व उनके परिमाण की पहचान तथा मिलान करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | मौखिक भाषा का विकास एवं अभिव्यक्ति की क्षमता |
| तैयारी और सामग्री | स्वतंत्र खेल के कोने से डॉक्टर सेट, गुड़िया घर, नाटक का कोना | चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए नंबर के फ्लेश कार्ड/अंको की पर्चियाँ | https://drive.google.com/file/d/1_slR2HCJbD7CktAFCSGkJ76Jxq4snOcH/view<br>• शरीर के अंगों के फ्लेश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों से बात चीत करके उनको सहज कर लें।<br>• बच्चों से कहें। कि वे उनको डॉक्टर, टीचर, नाई, बावर्ची इत्यादि के अभिनय करके दिखाने हैं और एक-दो कामों के अभिनय करके बच्चों को दिखा दें।<br>• बच्चों के दो समूह बना दें और प्रत्येक समूह बारी बारी से डॉक्टर, टीचर, नाई, बावर्ची इत्यादि के अभिनय करके दिखायेगा।<br>• बाकी बच्चे सभी का उत्साहवर्धन करें। | • शिक्षक चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए नंबर के फ्लेश कार्ड या अंको की पर्चियाँ बनाएं।<br>• शुरुआत 1 से 5 तक की संख्या से करें। शिक्षक 1 से 5 अंक के फ्लेश कार्ड/पर्ची में लिखे अंको को बोलते हुए बच्चों को सामने क्रम से रखकर दिखाएँ व बच्चों को भी साथ में दोहराने के लिए कहें।।<br>• अब सभी अंको को आपस में मिला दें और एक-एक करके सभी बच्चों से क्रम से लगवाएं।<br>• आवश्यकतानुसार बच्चों की सहायता करें। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर शरीर के अंगों के फ्लेश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लेश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**मेरी ताली का पैटर्न**<br>• बच्चों को एक घेरे में खड़ा करें और आपके द्वारा बजाई गई ताली के पैटर्न को ध्यान से सुनने को कहें।।<br>• जैसे- एक धीमी ताली ताली, फिर दो तेज ताली या फिर दो तेज ताली-दो धीमी और फिर दो बहुत धीमी।<br>• बच्चों को यह पैटर्न ध्यान से सुनने और दोहराने के लिए कहें।।<br>• इसी तरह, बच्चों को भी तालियों का पैटर्न बनाने के लिए आमंत्रित करें और बाकी के बच्चों को ध्यान से सुनकर दोहराने के लिए कहें।। | • सभी बच्चों को अपने-अपने घर से एक वस्तु लाने को कहें।, जो उनको पसंद हो।<br>• अब बच्चों द्वारा लाई गई उनकी पसंद की वस्तु पर चर्चा करें।<br>• बच्चों को एक-एक करके अपनी लाई हुई वस्तु की विशेषताएँ बताने को कहें।।<br>• इस गतिविधि के माध्यम से बच्चे अपनी चीजों के प्रति एक जुड़ाव महसूस करेंगे। |

सप्ताह 5

| बृहस्पतिवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे/क/ /र/ कर,/म/ /न/ मन) | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | वर्ण पहचान और वर्णों को मिलाकर पढ़ना | • बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • सिखाए गए वर्णों से शुरू होने वाले शब्दों की सूची बना लें।<br>• वर्ण-कार्ड पहले से तैयार रखें | • बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों।<br>• बरखा श्रृंखला की पुस्तकें |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • गतिविधि की शुरूआत में एक कविता करवाएँ, बच्चों को चलने-फिरने के मौके दें।<br>• वर्ण पहचान: पूर्व में उपयोग किए गए तरीको से बच्चों को सिखाए गए सिखाए गए वर्णों का दोहरान कराएं।<br>• मिलाकर पढ़ना: अब तक सिखाए गए वर्णों/अक्षरों से मिलकर बनने वाले सरल अमात्रिक शब्दों को सार्थक ध्वनियों में तोड़ते हुए मिलाकर पढ़ने का अभ्यास करवाएँ, जैसे-क/र, कर।<br>• इसके लिए आप बच्चों की संख्यानुसार वर्ण कार्ड बना लें और गतिविधि के दौरान उनका उपयोग करें। बच्चों को अलग-अलग वर्ण कार्ड जोड़कर शब्द बनाने और पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इस कार्य में आप उनकी मदद करें। | • आप बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से चित्र सहित छोटी कहानी वाली किताबें दें और उनसे किताब में दिए गए चित्रों और शब्दों को देखकर पढने का प्रयास करने कहें।। बच्चों को स्वयं से किताबों का चयन करने दें।<br>• बच्चों को किताबें उलटने-पलटने का समय दें और आपस में बातचीत करने दें।<br>• 2-3 बच्चों से उनकी किताब की कहानी को चित्रों के आधार पर अपनी भाषा में बताने को कहें।।<br>• बच्चे जैसी भी कहानी बताए, उसको स्वीकार करें। बच्चों को कहानी बताने में सहयोग करें। |

## बृहस्पतिवार

**सप्ताह 5**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | छोटी गोली से कोलाज बनाना | चरणबद्धता (पिक्चर कार्ड के साथ) - पक्षियों का जीवन चक्र, बीज से पौधा बनना तथा नेचर वॉक - आस पास दिखने वाले वस्तुओं के बारे में चर्चा एवं वस्तुएं एकत्रित करना जैसे - कंकड़, पत्ते, फूल, लकड़ियाँ आदि | • Family Song<br>• नाटकीय खेल- ट्रेन | स्कूल और घर ज्यादा कौन पसंद है ? |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | किसी घटना के घटित होने के क्रम की चरण बद्धता को समझना व उसे प्रकृति से जोड़ना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चों का शारीरिक विकास होगा और वह खेल खेल में ट्रेन के बारे में जानेंगे | बच्चों में मौखिक भाषा का विकास और अभिव्यक्ति की क्षमता |
| **तैयारी और सामग्री** | **सामग्रीः** कागज की छोटी गोलियाँ, लेई / गोंद | • चर्चा के लिए तैयार प्रश्न<br>• अंडे से चिड़िया बनने के चरणों के पांच सेट पिक्चर कार्ड | https://drive.google.com/file/d/18Xxh4of6RF07E6XfPxPlJXgjw_T6h2Tb/view<br>• परिवार के सदस्यों की Finger Cap<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• उनसे कहें। कि उनके द्वारा बनाई गई छोटी गोलियों से आज एक खेल खेलेंगे।<br>• फिर बच्चों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटें और प्रत्येक समूह को एक आकृति बना हुआ चार्टपेपर दें।<br>• आप चार्टपेपर पर बनी आकृति में कागज की छोटी गोली को चिपका कर दिखाएं और बच्चों को भी चिपकाने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों द्वारा किए गए कार्य की सराहना करें। | • बच्चों से चिड़ियों के जीवन चक्र से संबंधित कुछ सरल प्रश्न करें<br>• बच्चों से बातचीत करें जैसे कि आपने कभी चिड़िया का घोंसला देखा है, घोसले में चिड़िया क्या करती है इत्यादि।<br>• बच्चों को बारी-बारी से उनके अनुभव सुनने व सुनाने का मौका दें।<br>• इसके बाद शिक्षक बच्चों को पांच उप समूह में बिठाकर चिड़िया के जीवन चक्र के पिक्चर कार्ड समूह में दें और उन्हें क्रम में जमाने के लिए कहें।।<br>• इस गतिविधि को बीज से पौधा कैसे बनता है - पिक्चर कार्ड के साथ भी कर सकते हैं।<br>• इसके बाद शिक्षक बच्चों को नेचर वॉक पर ले जायें जिससे वे आस पास दिखने वाली वस्तुओं के बारे में चर्चा करेंगे एवं वस्तुएं इकट्ठा करेंगे जैसे - कंकड़, पत्ते, फूल, लकड़ियाँ आदि। | • आप चार्टपेपर से अपनी अंगुली के नाप का कागज काटकर उस पर परिवार के सदस्यों का नाम लिख लें।<br>• अब आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर अपनी अंगुलियों को दिखाते हुए परिवार के सदस्यों से परिचित करवाएँ।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर अपनी अंगुलियों को दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**नाटकीय खेल- ट्रेन**<br>• आप बच्चों को एक लाइन में खड़ा करके आज के खेल के बारे में बताएँ और उन्हें निर्देशित करें।<br>• अब आप बच्चों को एक लाइन बनाकर ट्रेन की नक़ल करने को कहें।।<br>• सभी बच्चे इस कार्य में भाग लें, आप इस बात का ध्यान रखें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग स्कूल और घर के बारे में बात करेंगे।<br>• फिर शिक्षक बच्चों को बताएँगे कि उन्हें स्कूल और घर में से क्या अच्छा लगता है, फिर एक-एक कर सभी बच्चों को भी बताने को कहें।।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे चर्चा में प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 5

| शुक्रवार | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /क/ /र/ कर,/म/ /न/ मन) | हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर उंगली से सीखे गए वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास कराना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | वर्ण पहचान और वर्णों को मिलाकर पढ़ना | वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | ● सिखाए गए वर्णों से शुरू होने वाले शब्दों की सूची बना लें।<br>● वर्ण-कार्ड पहले से तैयार रखें | संबंधित वर्णों से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें।<br>मिट्टी / बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● गतिविधि की शुरूआत में एक कविता करवाएँ, बच्चों को चलने-फिरने के मौके दें।<br>● वर्ण पहचानः पूर्व में उपयोग किए गए तरीको से बच्चों को सिखाए गए वर्णों का दोहरान कराएं।<br>● मिलाकर पढ़नाः अब तक सिखाए गए वर्णों/अक्षरों से मिलकर बनने वाले सरल अमात्रिक शब्दों को सार्थक ध्वनियों में तोड़ते हुए मिलाकर पढ़ने का अभ्यास करवाएँ, जैसे-क/र, कर।<br>● इसके लिए आप बच्चों की संख्यानुसार वर्ण कार्ड बना लें और गतिविधि के दौरान उनका उपयोग करें। बच्चों को अलग-अलग वर्ण कार्ड जोड़कर शब्द बनाने और पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इस कार्य में आप उनकी मदद करें। | ● बच्चों को गोले में खड़ा करें। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>● गतिविधि द्वारा करवाते हुए वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>● इसके बाद हवा में बड़े आकार में कुछ वर्ण जैसे 'क' और 'र' वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>● इसके बाद बच्चों को एक-दूसरे की पीठ में 'क' और 'र' वर्ण बनाने और पहचानने को कहें।। यही गतिविधि अन्य सिखाएं गए वर्णों के साथ करवाएं।<br>● बच्चों को हवा में, पानी में, मिट्टी में या चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाए, उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से है। |

## शुक्रवार

सप्ताह 5

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | पहले सुनाई गई कविता या कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | डाटा हैंडिलिंग (नेचर वॉक के दौरान इकट्ठा किए गए वस्तुओं के साथ) | • Family Song<br>• मेरी बारी - तेरी बारी | अंकुरण की प्रक्रिया |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | वस्तुओं को उनके रंग, रूप, आकार आदि अवधारणाओं के आधार पर आंकड़ों के रूप में व्यवस्थित करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना एवं बच्चों का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास | बच्चों में मानसिक विकास और अभिव्यक्ति की क्षमता |
| तैयारी और सामग्री | चित्र बनाने हेतु काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि | • नेचर वॉक के दौरान एकत्रित की गई वस्तुएं जैसे कंकड़, पत्ते, फूल, लकड़ियां आदि | https://drive.google.com/file/d/18Xxh4of6RF07E6XfPxPlJXgjw_T6h2Tb/view<br>• परिवार के सदस्यों की Finger Cap<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | डिस्पोजल गिलास, कुछ चने और मूंग दाने, मिट्टी और पानी |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और सभी बच्चों को एक-एक काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध करा दें।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी या कविता दिलाएँ और फिर बच्चों को सुनाई गई कविता या कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहें।।<br>• बीच बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जायें तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी या कविता पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • शिक्षक इस गतिविधि को कराने के लिए बच्चों द्वारा एकत्रित की गई सभी वस्तुओं को एक स्थान पर रखेंगे<br>• इसके बाद एकत्रित की गई सभी वस्तुओं को आंकड़ों के रूप में व्यवस्थित करने के लिए सबसे पहले सभी वस्तुओ को उनके रंग, रूप, आकार आदि अवधारणाओं के आधार पर बच्चों से वर्गीकृत करवाएंगे (जैसे यदि बच्चे कुछ पत्तियाँ, फूल और कंकड़ लायें हैं तो सभी तरह की पत्तियों को एक जगह, सभी तरह के फूलों को एक जगह और सभी तरह के कंकडों को एक जगह पर रखेंगे)<br>• अब कागज या ज़मींन पर डेटा हेंडलिंग चार्ट बना कर गतिविधि को करवाएं।<br>• जब सभी वस्तुएं डेटा हेंडलिंग चार्ट पर व्यवस्थित हो जायें तो बच्चों से उनके वर्ग के आधार पर उनकी संख्या को गिनती करते हुए लिखने को कहें। (जैसे यदि हर तरह के फूलों की कुल संख्या 5 है तो फूल के आगे 5 लिखें और हर तरह के कंकडों की संख्या 9 है तो कंकड़ के आगे 9 लिखेंगे) | • आप चार्टपेपर से अपनी अंगुली के नाप का कागज काटकर उस पर परिवार के सदस्यों का नाम लिख लें।<br>• अब आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर अपनी अंगुलियों को दिखाते हुए परिवार के सदस्यों से परिचित करवाएँ।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर अपनी अंगुलियों को दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**मेरी बारी-तेरी बारी**<br>• बच्चों के साथ गोल घेरे में बैठ जाएं।<br>• अपने हाथ में एक गेंद पकड़ें।<br>• सभी बच्चों को तैयार रहने को कहें। कि गेंद कभी भी आपकी तरफ आ सकती है।<br>• जिस बच्चे के पास गेंद आएगी, वे किसी दूसरे बच्चे को गेंद देंगे।<br>• किसी एक बच्चे का नामे लें, लेकिन गेंद किसी दूसरे बच्चे को दे दें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं, शिक्षक अब गोले के बीच में सामग्री रख दें और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग कुछ बोएगें और जानेंगे कैसे एक बीज से पौधा बनता है।<br>• इसके लिए शिक्षक एक डिस्पोजल के गिलास में मिट्टी को भरेगी और फिर उसमें चने या मूंग का दाना डालेगी और बच्चों को भी यह प्रक्रिया दोहराने को बोलेगी।<br>• फिर उन गिलासों को कक्षा में किसी सुरक्षित स्थान पर रखने को कहें।गी और प्रतिदिन उनमे पानी डालने को भी कहें।गीं।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे चर्चा में प्रतिभाग करें। |

## शनिवार

**सप्ताह 5**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को कहानी/कविता में आए सरल शब्द देखकर पहचानने, एक जैसे वर्णों की आकृतियों का मिलान करने एवं वर्णों जैसे आकृतियाँ बनाने के मौके दें।<br>• हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाए जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुए आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>• सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ जिसमें बच्चों को पढ़ी हुई कहानी के बारे में चर्चा करने एवं तुकांत शब्दों को पहचानने-बनाने के मौके मिलें जैसे- कविता पोस्टर पर कार्य करना, वर्णों को बिगबुक/पोस्टर में ढूँढना, हवा/मिट्टी/पानी/बोर्ड पर वर्णों जैसी आकृतियाँ बनाना आदि।<br>• जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते है जैसे आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

## सप्ताह 5

### शनिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | • Family Song<br>• बच्चों का मनपसंद खेल | शिक्षक बच्चों से पौधों को पानी देना क्यों आवश्यक है पर चर्चा करेंगे |
| उद्देश्य | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान एवं शिक्षक द्वारा अवलोकन।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करना। | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएंगे।<br>● 1-5 तक की अंको की पहचान कराना<br>● 1-5 के परिमाण के वस्तु एवं 1-5 के संख्यांक कार्ड की पहचान व परिमाण के साथ अंक का मिलान<br>● चरणबद्धता - पक्षियों का जीवन चक्र, बीज से पौधा बनना<br>● नेचर वॉक - आस पास दिखने वाले वस्तुओं के बारे में चर्चा एवं वस्तुएं इकट्ठा करना तथा नेचर वॉक के दौरान इकट्ठा किए गए वस्तुओं के साथ डाटा हैंडिलिंग की गतिविधि। | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | बच्चों में मानसिक विकास और अभिव्यक्ति की क्षमता |
| तैयारी और सामग्री | | ● गतिविधि के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | https://drive.google.com/file/d/18Xxh4of6RF07E6XfPxPlJXgjw_T6h2Tb/view<br>• परिवार के सदस्यों की Finger Cap<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधि के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें । | • आप चार्टपेपर से अपनी अंगुली के नाप का कागज काटकर उस पर परिवार के सदस्यों का नाम लिख लें।<br>• अब आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर अपनी अंगुलियों को दिखाते हुए परिवार के सदस्यों से परिचित करवाएँ।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर अपनी अंगुलियों को दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**बच्चों का मनपसंद खेल**<br>• आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाकर उनसे कहें। कि आज आप अपनी पसंद का खेल खेलें।<br>• इसके बाद आप बच्चों से कहें। कि आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल रहे हों। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>● अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं, और उनको बताएं कि आज हम लोग पौधों को पानी देना क्यों आवश्यक है पर चर्चा करेंगे।<br>● इसके लिए शिक्षक अंकुरण की गतिविधि में बनाएँ गये पौधों को दिखाते हुए बताएंगे की पौधों को पानी देना आवश्यक है यदि हम पानी नहीं देगे तो ये पौधे अंकुरित नहीं होगे इसलिए पौधों को जीवित रखने के लिए पानी देना बहुत जरूरी है।<br>● शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे चर्चा में प्रतिभाग करें। |

| सप्ताह 6 | सोमवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | मौखिक खेल (मैं कौन हूँ) | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उनसे जुड़ी सरल चर्चा करना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | मौखिक खेल के माध्यम से बच्चों को अपनी बात कहने के मौके देना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | चित्र कार्ड | • बिगबुक से कहानी पहले पढ़ लें।<br>• कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बनाएँ। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • सभी बच्चे यू आकर में बैठे। शिक्षक कार्ड को उल्टा करके रख दें।<br>• कोई एक बच्चा आगे आए व एक चित्र कार्ड उठा कर देखा। ध्यान रहे कि यह चित्र कार्ड बाकी बच्चे ने देख पाएँ।<br>• अब चित्र कार्ड में बने जानवर/फल/वस्तु के बारे में कुछ बताना हैं। उदाहरण के लिए, अगर आम का चित्र आया तो वह बता सकता हैं, यह एक फल है, बहुत मीठा होता हैं, हम इसे गर्मियों के मौसम में खाते हैं इत्यादि।<br>• यह सुनकर कक्षा के बाकी बच्चों को अंदाज़ा लगाना हैं कि उसके पास जो कार्ड हैं, वह किस चीज़ का हैं, इत्यादि।<br>• शुरूआत में शिक्षक बोल रहे बच्चों की मदद करें- "अब इसके रंग के बारे में बताओ", इसका आकार कैसा हैं, वह बताओं, यह किस श्रेणी में आता हैं, वह बताओं- फल, जानवर, सब्जी या पक्षी आदि। एक बार बच्चे खेल समझ जाएँ, तो शिक्षक मदद करना छोड़ दें) | • आप बच्चों को एक गोले में बैठा लें और सहज कर लें।<br>• इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएं, और कहानी के बारे में अनुमान लगाने कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा हैं? यह कहानी किसके बारे में हैं?<br>• अब आप किताब के सभी पृष्ठों को पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें।, साथ ही हाव-भाव से पढें।<br>• आप कहानी को आदर्श रूप से पठन 2 बार करें।<br>• बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाई से दाई ओर पढ़ते हैं।<br>• अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की मदद से जो अनुमान लगाए गए थे उन पर बातचीत करें।<br>• कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढने का अभ्यास कराएँ। |

## सप्ताह 6

| सोमवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | डॉक्टर, शिक्षक, नाई आदि का अभिनय करना | चॉकोर और त्रिभुज आकृति से पहचान - कक्षा के अंदर आकृतियों को पहचानें और नाम बताएं (कक्षा / आसपास दिखने वाले वस्तुओं से) | • My Dadaji Song<br>• अपनी परछाई का चित्र बनाएं | शिक्षक बच्चों को कोई एक कहानी सुनाएंगे और उस कहानी के अंत को अधूरा छोड़ देंगे और बच्चों से कहें ।गे कि घर जाकर इस कहानी को पूरा करेंगे और विद्यालय में आकर बताएंगे। |
| उद्देश्य | बच्चों में अभिनय करने की क्षमता का विकास | कक्षा / आसपास दिखने वाले वस्तुओं से चॉकोर और त्रिभुज आकृति की पहचान | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| तैयारी और सामग्री | स्वतंत्र खेल के कोने से डॉक्टर सेट, गुड़िया घर, नाटक का कोना | • चूड़ी, किताब, माचिस की डिब्बी<br>• चॉकोर व तिकोना कटा हुआ मोटा कागज | https://drive.google.com/file/d/18MOEzHlGjaurdEi_KFEDwpdiW0CyqvGt/view<br>• भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• चॉक / लकड़ी | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों से बातचीत करके उनको सहज कर लें।<br>• बच्चों से कहें। कि वे उनको डॉक्टर, शिक्षक, नाई इत्यादि के अभिनय करके दिखाने हैं और एक-दो कामों के अभिनय करके बच्चों को दिखा दें।<br>• बच्चों के दो समूह बना दें और प्रत्येक समूह बारी बारी से डॉक्टर, शिक्षक, नाई इत्यादि के अभिनय करके दिखायेगा।<br>• बाकी बच्चे सभी का उत्साहवर्धन करें। | • सबसे पहले बच्चों को चूड़ी और तिकोना आकार दिखाते हुए उनके आकार के बारे में चर्चा करें<br>• बच्चों को चॉकोर आकार की किताब या माचिस की डिब्बी दिखाते हुए पूछें कि यह क्या है ?<br>• जब बच्चे बता दे तब फिर उनसे पूछें यह कैसा है, इसका आकार कैसा है ?<br>• यदि बच्चे सही जवाब नहीं देते हैं तो सही जवाब तक पहुंचने में उनकी मदद करें।<br>• इसके बाद चॉकोर कटा हुआ मोटा कागज लें और चॉकोर आकार के कट आउट के चारों ओर उँगली फिराते हुए बच्चों को बताएँ कि चॉकोर आकार ऐसा होता है और इसे चॉकोर कहते हैं।<br>• यही प्रक्रिया तिकोनी आकृति के कट आउट के साथ भी करें।<br>• फिर बच्चों से कहें। कि वह कक्षा-कक्ष में घूम-घूम कर देखें कि क्या क्या चॉकोर और तिकोने आकार का है और फिर बड़े गोले में बैठ जाए।<br>• इसके बाद बच्चों से पूछें कि कक्षा-कक्ष में कौन-कौन सी चीजें चॉकोर आकार की हैं और कौन-कौन सी चीजें तिकोने आकार की हैं उसका नाम बताएँ।<br>• बच्चों को उनके घर में कौन-कौन सी चीजें चॉकोर और तिकोनी आकार की हैं ये देखकर आने को कहें।। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और उनकी आवाजों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**अपनी परछाई का चित्र बनाएं**<br>• इस गतिविधि में बच्चे एक दूसरे की परछाई को जमीन पर चॉक या मिट्टी पर छड़ी से बनाएँगे।<br>• शिक्षक गतिविधि को शुरू करने से पहले बच्चों से परछाई के बारे में खुली बातचीत अवश्य करें, जैसे परछाई कब दिखती है और कब नहीं। रात में परछाई क्यों नहीं दिखती है, आदि।<br>• गतिविधि के लिए बच्चों के जोड़े बना दें और बच्चों को निर्देश दें कि जोड़े में बच्चे बारी-बारी से एक-दूसरे की परछाई को जमीन पर चॉक या मिट्टी पर छड़ी से बनाएँगे। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग एक कहानी सुनगें।<br>• फिर शिक्षक बच्चों को एक कोई भी सरल कहानी सुनीयेगे और उसके अंत के भाग को अधुरा ही छोड़ देगें और बच्चों से घर पर जाकर इस कहानी को पूरा करके आने को कहें ।गें इससे बच्चों में सोचने की क्षमता का विकास होगा।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## मंगलवार

**सप्ताह 6**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (द, प) | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | द और प वर्णो को पहचानने के मौके देना। | • बिगबुक से साझा पठन के मौके देना।<br>• सरल और सामान्य शब्दों को पहचानना और पढ़ने का प्रयास करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड<br>द और प से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • बिगबुक। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• जैसे आप "द" वर्ण से कुछ शब्द बच्चों को बोलें। इन शब्दो में कुछ शब्द "द" से शुरू होंगे और कुछ शब्दों में या तो द नहीं होगा या शब्द में कहीं बाद में आएगा। उदाहरण के लिए- दवा, बाद, कदर, पतंग<br>• बच्चों को निर्देश दें की अगर शब्द "द" से शुरू होता है तो बच्चे बैठ जाएंगे। यदि शब्द "द" से शुरू नहीं होता तो बच्चे अपनी जगह पर खड़े रहेंगे।<br>• बिना मात्रा के सरल शब्द लें और यही गतिविधि "प" वर्ण के साथ भी करवाएँ।<br>• इसके बाद बच्चों को "द" और "प" वर्णो को हवा/मिट्टी/पीठ पर उंगली से लिखने का अभ्यास कराएं। | सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर उँगली रखें।<br>• इसके बाद बच्चों को आपके साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें।। पढ़ने के दौरान आप उन जगह पर रूकें, जहाँ बच्चे वाक्य या चित्रों के माध्यम से शब्दों को स्वयं पहचान सकें। किताब को इस तरह से पकड़े की सभी बच्चे शब्दों को देख पाएँ।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में हम क्या बदलाव कर सकते है?<br>• अंत में, कक्षा में 8-10 बच्चों का नाम बुलाएँ और उन्हें कहानी में से कोई एक शब्द याद करके कहने को कहें।। इस दौरान, बच्चों ने जो शब्द बोले हैं, उन्हें बोर्ड पर/पिछले दिन बने शब्द चार्ट पर लिखें।<br>• फिर एक-एक करके बच्चों को आगे बुलाएँ और लिखें शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |

## मंगलवार

**सप्ताह 6**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | पत्तियों के टुकड़े से कोलाज बनाना | पैटर्न बनाना - तीन आकार के आधार पर | • My Dadaji Song<br>• चोर पुलिस का खेल | शिक्षक बच्चों से मेरे पसंद का खाना क्या है? पर चर्चा करें। बच्चों के अनुभव को शामिल करने के मौके दें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और कल्पना शीलता का विकास | पैटर्न की अवधारणा की समझ | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चे तरह तरह के खेलों में भाग ले पाएँगे, जिससे उनका शारीरिक विकास होगा। | मौखिक भाषा का विकास अभिव्यक्ति की क्षमता |
| तैयारी और सामग्री | पत्तियों के छोटे-छोटे टुकड़े, लेई / गोंद, चित्र बना हुआ चार्टपेपर | रंगीन कागज या सफेद कागज, रंग, कैंची (आकृति के कट आउट बनाने के लिए चहक टी.एल.एम. सामग्री का उपयोग करें) | https://drive.google.com/file/d/18MOEzHlGjaurdEi_KFEDwpdiW0CyqvGt/view<br>• भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे-छोटे समूहों में बाँटें और पत्तियों के टुकड़े दें।<br>• आप बच्चों को कागज पर किसी बड़ी आकृति का चित्र बनाकर दें और उस पर पत्तियों के टुकड़ों को चिपका कर दिखाएं और बच्चों से भी ऐसा करने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों द्वारा बनाए गए कोलाज की प्रशंसा करें। | • शिक्षक वर्ग (चॉकोर), वृत्त (गोला) और त्रिकोण (तिकोना) के आकार की कटी हुई कई आकृतियाँ बनाएं।<br>• इस बात का ध्यान रखें कि सभी कटी हुई आकृतियाँ एक समान हों। शिक्षक दो या अधिक कटी हुई इन आकृतियों का उपयोग करके कोई भी प्रतिरूप बना सकते हैं, जैसे रंगों के आधार पर, आकार के आधार पर आकृतियों के पैटर्न।<br>• बच्चों को शिक्षक द्वारा बनाए गए प्रतिरूप का अनुकरण करने या अपना प्रतिरूप बनाने के लिए कहें।।<br>• प्रतिरूप की समझ, बच्चों को जटिल संख्या की अवधारणाओं और गणितीय कार्यों को सीखने की तैयारी करने में मदद करती है। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और उनकी आवाजों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**चोर पुलिस का खेल**<br>• इस खेल को खेलने के लिए 5-10 बच्चों की जरूरत होती है।<br>• सबसे पहले दो टीम बनाने के लिए टॉस करके यह फैसला लेना होगा कि कौन पुलिस या चोर वाली टीम में होगा।<br>• इसके बाद चोर टीम कहीं छुप जाएगी और पुलिस बनी टीम को उन्हें ढूंढना होगा।<br>• जब पुलिस टीम, चोर टीम के सारे बच्चों को ढूंढ लेगी, तो फिर अगली बार चोर टीम को पुलिस और पुलिस टीम को चोर बनना होता है।<br>• फिर दोबारा एक दूसरे को ढूंढकर खेल इसी तरह जारी रहता है।<br>• सभी बच्चे इस कार्य में भाग लें आप इस बात का ध्यान रखें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव-भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग अपने पसंद के खाने के बारे में बातचीत करेंगे।<br>• फिर शिक्षक अपने पसंदीदा खाने के बारे में बच्चों को बताएं और फिर बच्चों से भी उनके पसंदीदा खाने के बारे में बताने को कहें।।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 6 — बुधवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (च, अ) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | च और अ वर्णों को पहचानने के मौके देना। | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड<br>च और अ से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • चित्र कार्ड<br>• चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखना। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• जैसे आप "च" वर्ण से कुछ शब्द बच्चों को बोलें। इन शब्दो में कुछ शब्द "च" से शुरू होंगे और कुछ शब्दों में या तो च नहीं होगा या शब्द में कहीं बाद में आएगा। उदाहरण के लिए- चम्मच, चरखा, काँच, कटहल,<br>• बच्चों को निर्देश दें की अगर शब्द "च" से शुरू होता है तो बच्चे बैठ जाएंगे। यदि शब्द "च से शुरू नहीं होता तो बच्चे अपनी जगह पर खड़े रहेंगे।<br>• बिना मात्रा के सरल शब्द लें और यही गतिविधि "अ" वर्ण के साथ भी करवाएँ।<br>• इसके बाद बच्चों को "च" और "अ" वर्णो को हवा/मिट्टी/पीठ पर उंगली से लिखने का अभ्यास कराएं। | • गतिविधि की शुरूआत आप किसी छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>• इसके बाद आप बच्चों से चित्र चार्ट में दिख रहीचीजों/घटनाओं/गतिविधियों के बारे में सरल बंद छोर प्रश्न पूछें जैसे- यह चित्र कहाँ का है? चित्र में क्या हो रहा है?<br>• आप ऐसे 5-6 सवाल पूछ सकते हैं और हर प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रियाएं ले सकते हैं। आप यह भी सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों को कम-से-कम 2 बार बोलने के मौके अवश्य मिलें।<br>• आप चर्चा को आगे बढ़ाए और कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे इनमें से कौन-सी वस्तुएँ आपका आस-पास नज़र आती है? आपके मनपसंद चित्र कौन-सा है।<br>• आप प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ों में उस प्रश्न पर बातचीत करने के लिए कहें।। आप बच्चों को यह निर्देश दें कि जोड़ों में दोनों ही बच्चों को प्रश्न का उत्तर क्या लगता है, इस पर बात करनी है।<br>• किन्हीं 2-3 बच्चों को अपना उत्तर सभी के साथ साझा करने के लिए कहें।। कोशिश करें कि हर बच्चे को 1-2 बार पूरी कक्षा में अपने उत्तर को साझा करने के मौके मिले हों। |

**सप्ताह 6**

## बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मुक्त चित्रकारी | 1-10 तक वस्तुओं के साथ और उंगलियों के माध्यम से गिनती करना | • My Dadaji Song<br>• बोरी दौड़ | शिक्षक बच्चों से पूछें- मुझे अच्छा कब लगता है और आपको कब कब खुशी मिलती है। बच्चों को उनके मनोभाव व्यक्त करने का मौका दें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | 1-10 तक की वस्तुओं की गिनती करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | बच्चे अपने अंदर की भावनाओं को अभिव्यक्त कर पाएँगे। |
| तैयारी और सामग्री | पेंसिल, रंग, कागज, चॅाक | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | https://drive.google.com/file/d/18MOEzHlGjaurdEi_KFEDwpdiW0CyqvGt/view<br>• भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• बोरी / झोला | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॅाक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मन पसंद सामग्री उठा कर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें।। | • इस गतिविधि के लिए सबसे पहले बच्चों को ये बताना होगा कि हम सभी के हाथ में कुल 10 अंगुलियाँ होती हैं।<br>• इसके लिए शिक्षक उन्हें पहले अपने हाथ दिखाएँ, साथ ही गिनकर बताएं कि "देखो मेरे हाथ में 10 अंगुलियाँ हैं।" "चलो अब तुम लोग भी अपने हाथ दिखाओ।" साथ ही बच्चों से उन्हें अपनी अंगुलियाँ गिनने को भी कहें।।<br>• बच्चों की उम्र और समझ के अनुसार पहले बच्चे को 5 तक अपनी अंगुलियों पर गिनने को कह सकते हैं, फिर धीरे-धीरे अंगुलियों की संख्या बढ़ा सकते हैं।<br>• ये गतिविधि पहले शिक्षक स्वयं करें और फिर बच्चों को इसे अपने साथ दोहराने को कहें।। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और उनकी आवाजों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**बोरी दौड़**<br>• एक बोरी / झोला लें, जिसकी लम्बाई बच्चे से छोटी हो।<br>• शिक्षक बच्चों को बोरी / झोले के अंदर जाकर बोरी को दोनों हाथों से पकड़ते हुए कूद-कूद कर चलने के लिए कहें।।<br>• इस गतिविधि को पहले शिक्षक स्वयं बच्चों को करके दिखाएं।<br>• बच्चों की आवश्यकता के अनुसार उनकी सहायता करें।<br>• शिक्षक का बच्चों के साथ गतिविधि करना बच्चों पर एक सकारात्मक प्रभाव डालेगा। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग मुझे अच्छा कब लगता है और आपको कब कब खुशी मिलती है पर चर्चा करेंगे।<br>• फिर शिक्षक अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साँझा करेंगे और उन्हें भी एक-एक करके अपनी बात रखने का मौका देगें।<br>• शिक्षक बातचीत के दौरान उनके पसंद और नापसंद को भी जानने का प्रयास करें।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## बृहस्पतिवार

सप्ताह 6

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे/क//प/ कप,/च//र/ चर) | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | क, प, च, र वर्णों को पहचानने के मौके देना। | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • चाक, वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड और गतिविधि के लिए उचित जगह।<br>• क, प, च और र से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों।<br>• बरखा श्रृंखला की पुस्तकें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए "क", "प", "च" और "र" वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में (बड़े आकार में) "च" और र" वर्ण बनाएं और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• जमीन या ग्रीन पट्टी पर क, प, च और र को अलग-अलग लिखें और बच्चों को क से क को और प से प को मिलाने को कहें।।<br>• यही गतिविधि "च" और "र" वर्णों के साथ करवाएं।<br>• बच्चों को चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाएँ उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से से है। | • आप बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से चित्र सहित छोटी कहानी वाली किताबें दें और उनसे किताब में दिए गए चित्रों और शब्दों को देखकर पढने का प्रयास करने कहें।। बच्चों को स्वयं से किताबों का चयन करने दें।<br>• बच्चों को किताबें उलटने-पलटने का समय दें और आपस में बातचीत करने दें।<br>• 2-3 बच्चों से उनकी किताब की कहानी को चित्रों के आधार पर अपनी भाषा में बताने को कहें।।<br>• बच्चे जैसी भी कहानी बताए, उसको स्वीकार करें। बच्चों को कहानी बताने में सहयोग करें। |

सप्ताह 6

| बृहस्पतिवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | ओरिगेमी (पतंग बनाना), नाव, हवाई जहाज बनाना | वस्तुओं के साथ कम और ज्यादा की अवधारणा | • Fruits Jumping on the Bed<br>• रस्साकशी का खेल | अंकुरण की प्रक्रिया का दोहराव |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और सृजनात्मक विकास | तिकोनी, गोल और चॉकोर आकृति को पहचान कर उनसे पैटर्न बनाना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चे तरह तरह के खेलों में भाग ले पाएँगे जिससे उनका शारीरिक विकास होगा | बच्चों में मानसिक विकास और अभिव्यक्ति की क्षमता |
| तैयारी और सामग्री | पुराने अख़बार, रंगीन कागज, क्राफ्ट पेपर | • लाल, पीले और हरे रंग के तिकोनी, गोल और चॉकोर आकृति के कटआउट (अधिक संख्या में) | https://drive.google.com/file/d/1fYNAH38mrQq3RaTBOvVJrOkBvHrFaeeY/view<br>• भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• एक रस्सी | डिस्पोजल गिलास, कुछ चने और मूंग दाने, मिट्टी और पानी |
| गतिविधि के चरण | • अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को एक-एक कागज़ बाँट दें।<br>• शिक्षक बच्चों को चरणबद्ध तरीके से कागज़ की पतंग बना कर दिखाएँ और अपने पीछे बच्चों से भी इसे दोहराने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनायीं गई पतंग की प्रसंशा करें और इसे कक्षा में एक सुरक्षित स्थान पर रख दें। | • इस गतिविधि को करने के लिए शिक्षक बच्चों को गोल, तिकोनी और चॉकोर आकृति के कटआउट देंगे जो एक ही रंग के होने चाहिए।<br>• अब शिक्षक बच्चों को बताएँगे कि आज इन तीन आकारों से पैटर्न बनाने की गतिविधि करेंगे (शिक्षक पहले स्वयं गतिविधि करके बच्चों को दिखाएँ)<br>• गतिविधि के पहले चरण में 2-2 लाल तिकोनी, गोल और चॉकोर आकृति लें व उनसे पैटर्न बनाएँ - 1 लाल तिकोनी, 1 लाल गोल और 1 लाल चॉकोर आकृति फिर 1 लाल तिकोनी, 1 लाल गोल और 1 लाल चॉकोर आकृति<br>• आकृति के पैटर्न बना कर बच्चों को दिखाएँ।<br>• इसके बाद एक-एक करके सभी बच्चों को बुलाएं और उनसे पैटर्न बनाने को कहें।।<br>• शिक्षक इस बात का ध्यान रखें कि पहले चरण में सभी आकार एक ही रंग के होने चाहिए।<br>• दूसरे चरण में तीन आकार तीन अलग-अलग रंगों के होने चाहिए (उदाहरण के लिए-लाल गोल, हरा चॉकोर, पीला तिकोना.... लाल गोल, हरा चॉकोर, पीला तिकोना .... लाल गोल, हरा चॉकोर, पीला तिकोना ...)<br>• शिक्षक ये पैटर्न बना कर बच्चों को दिखाएँ व उन्हें भी स्वयं से इस तरह के अलग-अलग आकार से पैटर्न बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**रस्साकशी का खेल**<br>• सभी बच्चों से मिलकर टीम से दो लोगों को लीडर के तौर पर चुनें और दोनों लीडर को अपनी-अपनी टीम में बच्चों को शामिल करने को कहें।।<br>• खेल शुरू करने के लिए जमीन पर एक सीधी रेखा बनाएँ। उस रेखा के दोनों तरफ दोनों टीमों को एक रस्सी पकड़कर खड़ा होने को कहें।।<br>• फिर उस रस्सी को दोनों तरफ की टीम अपना पूरा जोर लगाकर अपनी-अपनी तरफ खींचें।<br>• जब कोई एक टीम दूसरी टीम या रस्सी को पूरी तरह से अपने हिस्से में खींच लें, तो उसे विजयी माना जाए।<br>• सभी बच्चे इस कार्य में भाग लें, आप इस बात का ध्यान रखें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं, शिक्षक अब गोले के बीच में सामग्री रख दें और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग कुछ बोएगें और जानेंगे कैसे एक बीज से पौधा बनता है।<br>• इसके लिए शिक्षक एक डिस्पोजल के गिलास में मिट्टी को भरेगी और फिर उसमें चने या मूंग का दाना डालेगी और बच्चों को भी यह प्रक्रिया दोहराने को बोलेगी।<br>• फिर उन गिलासों को कक्षा में किसी सुरक्षित स्थान पर रखने को कहें ।गी और प्रतिदिन उनमे पानी डालने को भी कहें ।गीं।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे चर्चा में प्रतिभाग करें। |

## शुक्रवार

**सप्ताह 6**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर उंगली से सीखे गए वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास कराना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। | वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार करके रखें। | संबंधित वर्णों से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें।<br>मिट्टी / बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोले घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाएँ रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न भी पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें की उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी पूछ सकते हैं लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | बच्चों को गोले में खड़ा करें। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>● कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए स, त, ब और ल वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>● इसके बाद हवा में बड़े आकार में 'स' और 'त' वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>● इसके बाद बच्चों को एक-दूसरे की पीठ में 'स' और 'त' वर्ण बनाने और पहचानने को कहें।। यही गतिविधि 'ब' और 'ल' वर्णों के साथ करवाएँ।<br>● बच्चों को हवा में, पानी में, मिट्टी में या चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाए, उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से है। |

## सप्ताह 6

### शुक्रवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | पहले सुनाई गई कविता या कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | कीट पहचानना और उन पर चर्चा करना (चींटी, मच्छर, घरेलू मक्खी, मधुमक्खी, मकड़ी, तिलचट्टा) | • Fruits Jumping on the Bed<br>• कित-कित का खेल | शिक्षक मनपसंद खेल से सम्बंधित कोई भी चित्र बनाने को कहें।। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | कीट पहचानना और उनके बारे में जानना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | बच्चों अपने अंदर की भावनाओं को चित्र बनाकर अभिव्यक्त करना सीखेंगे। |
| तैयारी और सामग्री | चित्र बनाने हेतु काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि | कीटों के चित्र जैसे चींटी, मकड़ी, मच्छर, घरेलू मक्खी, मधुमक्खी, तिलचट्टा आदि। | https://drive.google.com/file/d/1fYNAH38mrQq3RaTBOvVJrOkBvHrFaeeY/view<br>• भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• चॉक | कॉपी, पेंसिल, |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और सभी बच्चों को एक-एक काग़ज, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन/रंग इत्यादि उपलब्ध करा दें।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी या कविता दिलाएँ और फिर बच्चों को सुनाई गई कविता या कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहें।।<br>• बीच बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जायें तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी या कविता पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • बच्चों को गतिविधि के लिए एक गोले में बिठाएं<br>• बच्चों को एक-एक करके कीटों के कार्ड दिखाएं और उनके नाम पूछें।<br>• सभी बच्चों से उनके अनुभवों से संबंधित सवाल भी पूछें जैसे यह कैसा दिखता है, इस कीट को आपने कहां-कहां देखा है, यह क्या खाता होगा ? आदि।<br>• सभी बच्चों को एक-एक बार अपनी बात रखने का मौका अवश्य दें।<br>• अंत में सभी बच्चों को गतिविधि से संबंधित चित्र बनाने को कहें।। | • आप QR कोड को स्कैन करके ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बच्चों के साथ हाव-भाव से करें।<br>• शिक्षक फर्श पर चॉक के साथ लम्बाई में कुछ चॉकोर आकृति बनाएं, जो एक-दूसरे से आपस में जुड़ी हुई हों, जैसे आप 7 चॉकोर आकृति बनाएं और प्रत्येक आकृति में क्रम से संख्याएं लिखें।<br>• अब बच्चे को आकृतियों की ओर मुँह करके खड़ा होने के लिए कहें। और एक छोटा कंकड़ या कागज का गोला किसी भी एक चॉकोर खाने में फेंकने के लिए कहें।।<br>• यदि यह चॉकोर खाने के बाहर चला जाता है तो खेलने वाला बच्चा खेल से बाहर हो जाएगा। उदाहरण के लिए यदि पत्थर संख्या 4 वाली चॉकोर आकृति में गिरता है, तो बच्चे को 1 पैर पर कूदते हुए उस संख्या 4 वाली चॉकोर आकृति तक पहुँचने के लिए कहें।।<br>• शिक्षक बच्चों को अवश्य बताएं कि 1 पैर पर कूदना और साथ में कित-कित-कित बोलना इस खेल का सबसे आवश्यक नियम है। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग कुछ बातचीत करेंगे।<br>• फिर शिक्षक अपने मन के भावों को बच्चों के साथ साझा करें और उसका चित्र बना कर दिखाएँ।<br>• शिक्षक ऐसा ही बच्चों को भी दोहराने को कहें।. शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 6 — शनिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | ● वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड, चित्र कार्ड और बिगबुक<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाए जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुए आदि) को |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ जिसमें बच्चों को शब्दों में ध्वनियों को तोड़ने-जोड़ने, शब्दों में प्रथम ध्वनि पहचानने (द, प, च, अ) पुस्तको में दोहराएँ जाने वाले सरल और सामान्य शब्दों को देखकर पहचानने के मौके मिलें जैसे- सामान्य शब्दों की प्रथम ध्वनियों को पहचानना, समान वर्णों को मिलाना, बिगबुक से लोगोग्राफ़िक पठन करना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते है जैसे आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें |

## सप्ताह 6

### शनिवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | • Fruits Jumping on the Bed<br>• बच्चों का मनपसंद खेल | मेरी बात, जो मुझे बनाती है खास |
| उद्देश्य | बच्चों में छोटी मासपेशियों व कल्पनाशीलता का विकास | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएंगे।<br>• चॉकोर और त्रिभुज आकृति से पहचान (कक्षा/आसपास दिखने वाले वस्तुओं से)<br>• 1-10 तक गिनती करना - वस्तुओं के साथ<br>• कीट पहचानना और उन पर चर्चा करना<br>• पैटर्न बनाना - तीन आकार के आधार पर गतिविधियाँ | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | बच्चों में मानसिक विकास और अभिव्यक्ति की क्षमता |
| तैयारी और सामग्री | ए-4 साइज कागज, रंग, पेंसिल, रबर | • गतिविधि के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | https://drive.google.com/file/d/1fYNAH38mrQq3RaTBOvVJrOkBvHrFaeeY/view<br>• भिन्न-भिन्न जानवरों के फ्लैश कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधि के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें । | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर भिन्न-भिन्न फलों के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनके नाम पूछें और चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**बच्चों का मनपसंद खेल**<br>• आप सभी बच्चों को गोल घेरे में बैठा दें। आज की गतिविधि के बारे मे बताएं। कि आज आप लोग अपने-अपने पसंद का खेल खेलो।<br>• आप बच्चों से बातचीत करें। आप कौन-कौन सा खेल खेलते हो ? आपको कौन-से खेल पसंद हैं? आदि। इसके बाद आप बच्चों से कहें। आप इस बात का ध्यान रखें कि सभी बच्चे खेल रहे हों। | • आपको अपने बारे में कोई खास बात बतानी है, जो आप कर सकते हैं।<br>• मुझे झाडू लगाना आता है, मुझे बहुत सारी कविताएँ आती हैं, आदि।<br>• बच्चों को अपनी खास बातों के बारे में अभिनय करते हुए बताने का अवसर दें। |

## सप्ताह 7

| सोमवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | मौखिक खेल (मेरा चित्र, मेरा नाम) | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उनसे जुड़ी सरल चर्चा करना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | अपनी पसंद की वस्तुओं के चित्र बनाना और उनके नाम लिखना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | चार्ट पेपर | ● बिगबुक।<br>● कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बनाएँ। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● बच्चों के 4 समूह बनाएँ। प्रत्येक समूह को शीर्षक लिखा हुआ चार्ट पेपर और कुछ रंग (स्केच पेन) दें। शीर्षक जैसे- लकड़ी की चीज़े, काँच की चीज़े, कपड़े से बनी चीज़े, प्लास्टिक की वस्तुएँ इत्यादि।<br>● बच्चों को शीर्षक से सम्बंधित चीज़ों के चित्र बनाने और उनके नाम लिखने के लिए कहें।। जैसे- लकड़ी से बनी- कुर्सी, मेज़, अलमारी, दरवाज़ा, गाडी, झुनझुना इत्यादि।<br>● चित्र बनाने के बाद, कमरे के प्रत्येक कोने में एक-एक चार्ट पेपर लगा दे और बच्चों को एक-दूसरे समूह के द्वारा बनाए गए चित्र देखने के लिए कहें।। | ● आप बच्चों को एक गोले में बैठा लें और सहज कर लें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएं, और कहानी के बारे में अनुमान लगाने कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा हैं? यह कहानी किसके बारे में हैं?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठों को पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें।, साथ ही हाव-भाव से पढें।<br>● आप कहानी को आदर्श रूप से पठन 2 बार करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाई से दाई ओर पढ़ते हैं।<br>● अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की मदद से जो अनुमान लगाए गए थे उन पर बातचीत करें।<br>● कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढने का अभ्यास कराएँ। |

## सप्ताह 7

| सोमवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अपने परिवार का चित्र बनाना और उनके बारे में बात करना | 1-9 तक की अंको की पहचान कराना (1-9 के परिमाण के वस्तु एवं 1-9 के संख्या कार्ड) | • This is the way we go to school<br>• पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें | शिक्षक एक-एक करके बच्चों से अपने दिनचर्या का रोल प्ले करने को कहें। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और सृजनात्मक विकास | 1-9 के संख्या कार्ड, अंक व उनके परिमाण की पहचान कराना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | बच्चों में अभिव्यक्ति का विकास, अपनी बात को मूक अभिनय के माध्यम तक पंहुचा पाना। |
| तैयारी और सामग्री | बड़े आकार के पुराने कागज, पेंसिल रबर, रंग इत्यादि | • कंकड़ / माचिस की तीलियाँ<br>• 1 से 10 तक के संख्या कार्ड | https://drive.google.com/file/d/1PzEWAcm1V4D5i36UiEfTPEXF-koejtp_/view<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• पासा (पासा बनाने के लिए चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए क्राफ्ट की सामग्री का उपयोग करें ) | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और एक बड़े आकार के कागज, पेंसिल, रंग इत्यादि दे दें।<br>• शिक्षक बच्चों को अपने परिवार के एक दो लोगों के चित्र बनाकर दिखाएं एवं बच्चों से भी कहें। कि वे अपने परिवार के सदस्यों में से किन्ही एक दो लोगों के चित्र बनाएं।<br>• चित्र बनाने में उनकी मदद करें और जब सबके चित्र बन जाएं तो बच्चों से कहें। की उनमें रंग भर दें। | • सभी बच्चों से कहें। कि उन्होंने जो चित्र बनाएँ हैं उनके बारे में सबको बताएं।<br>• गतिविधि के लिए शिक्षक बच्चों को एक गोल घेरे में बिठाएं और उनको सामग्री दिखाते हुए बताएं कि आज हम लोग इन सभी चीजों से एक गतिविधि करेंगे।<br>• इसके पास शिक्षक बच्चों को कंकड़ या माचिस की तीलियों और अंक कार्ड के माध्यम से एक से पांच तक की संख्याओं का दोहराव करवाएंगे।<br>• फिर अपने सामने एक- एक करके बोलते हुए 6 कंकड़ या माचिस की तिलिया रखें और बच्चों से पूछें कि अब कितने कंकड़ हैं ?<br>• इसी तरह 9 तक के अंको को कंकड़ या माचिस की तीलियों के माध्यम से बच्चों को गिनती करवाएं।<br>• फिर सभी बच्चों को थोड़ी-थोड़ी माचिस की तिलिया / कंकड़ दें और कहें। कि मैं जितनी संख्या बोलूं आपको उतने कंकड़ अपने सामने रखना है। | • आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें**<br>• शिक्षक बच्चे को पासे को घुमाने के लिए कहें।। घुमाने पर आई हुई बिंदियों की गिनती करें। फिर उन्हें आई हुई संख्या के बराबर कूदने के लिए कहें।।<br>• गतिविधि को रोचक बनाने के लिए पासे पर आई हुई संख्या के बराबर जानवरों या फलों के नाम बताने को कहें।, जैसे- यदि पासे पर संख्या 3 आती है तो बच्चे को 3 जानवर या 3 फल के नाम बताने होंगे। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• शिक्षक अपने दिन कि दिनचर्या का मूक अभिनय करके बच्चों को दिखाएँ और बच्चों से पूछें कि मैं क्या रहा हूँ। जैसे- मंजन करना, बालों में कंघा करना, मोटर साईकिल चलाना आदि।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• शिक्षक बच्चों से कहें। कि सुबह से शाम तक आप क्या क्या करते हो हो बिना बोले हुए मूक अभिनय करके दिखाएँ। अन्य सभी बच्चे द्वारा किये जा रहे मूक अभिनय का नाम बताएँगे।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे अपनी दिनचर्या का मूक अभिनय करके दिखाएँ। |

**सप्ताह 7**

## मंगलवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ह, घ) | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | ह और घ वर्णों को पहचानने के मौके देना। | ● बिगबुक से साझा पठन के मौके देना।<br>● सरल और सामान्य शब्दों को पहचानना और पढ़ने का प्रयास करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड<br>ह और घ से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | ● बिगबुक<br>● कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>● जैसे आप "ह" वर्ण से कुछ शब्द बच्चों को बोलें। इन शब्दो में कुछ शब्द "ह" से शुरू होंगे और कुछ शब्दों में या तो ह नहीं होगा या शब्द में कहीं बाद में आएगा। उदाहरण के लिए- हवा, हल, महल, पतंग<br>● बच्चों को निर्देश दें की अगर शब्द "ह" से शुरू होता है तो बच्चे बैठ जाएंगे। यदि शब्द "ह से शुरू नहीं होता तो बच्चे अपनी जगह पर खड़े रहेंगे।<br>● बिना मात्रा के सरल शब्द लें और यही गतिविधि "घ" वर्ण के साथ भी करवाएँ।<br>● इसके बाद बच्चों को "ह" और "घ" वर्णों को हवा/मिट्टी/पीठ पर उंगली से लिखने का अभ्यास कराएं। | ● सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>● पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।<br>● फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाई से दाई ओर उँगली रखें।<br>● इसके बाद बच्चों को आपके साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें।। पढ़ने के दौरान आप उन जगह पर रूकें, जहाँ बच्चे वाक्य या चित्रों के माध्यम से शब्दों को स्वयं पहचान सकें। किताब को इस तरह से पकड़े की सभी बच्चे शब्दों को देख पाएँ।<br>● आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में हम क्या बदलाव कर सकते है?<br>● अंत में, कक्षा में 8-10 बच्चों का नाम बुलाएँ और उन्हें कहानी में से कोई एक शब्द याद करके कहने को कहें।। इस दौरान, बच्चों ने जो शब्द बोले हैं, उन्हें बोर्ड पर/पिछले दिन बने शब्द चार्ट पर लिखें।<br>● फिर एक-एक करके बच्चों को आगे बुलाएँ और लिखें शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |

## मंगलवार

**सप्ताह 7**

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| **गतिविधि का नाम** | अलग-अलग जानवरों के मुखौटों से अभिनय करना | 1-9 तक की अंको की पहचान कराना (1-9 के परिमाण के वस्तु एवं 1-9 के संख्या कार्ड) | • This is the way we go to school<br>• ऊपर-नीचे का खेल | शिक्षक बच्चों के साथ "हुआ सबेरा" कविता गाएँ और बच्चों के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता पर चर्चा करें। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, सृजनशीलता का विकास, अभिनय करने की क्षमता का विकास | 1-9 के संख्या कार्ड, अंक व उनके परिमाण की पहचान कराना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | बच्चे स्वच्छता के बारें में जागरूक होंगें। |
| **तैयारी और सामग्री** | **सामग्रीः** मुखौटे | • कंकड़/माचिस की तीलियाँ<br>• 1 से 10 तक के संख्या कार्ड | https://drive.google.com/file/d/1PzEWAcm1V4D5i36UiEfTPEXF-koejtp_/view<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• सभी को 4-5 के समूह में विभाजित करें। सभी समूहों में मुखौटे बाँट दें।<br>• इसके बाद सभी बच्चों को मुखौटों की सहायता से अपने-अपने समूहों में अभिनय करने का अभ्यास करने को कहें।।<br>• इसके बाद बच्चों को एक-एक करके सामने बुलाते हुए मुखौटों के साथ अभिनय करने को कहें।। | • गतिविधि के लिए शिक्षक बच्चों को एक गोल घेरे में बिठाएं और उनको सामग्री दिखाते हुए बताएं कि आज हम लोग इन सभी चीजों से एक गतिविधि करेंगे।<br>• इसके पास शिक्षक बच्चों को कंकड़ या माचिस की तीलियों और अंक कार्ड के माध्यम से एक से पांच तक की संख्याओं का दोहराव करवाएंगे।<br>• फिर अपने सामने एक- एक करके बोलते हुए 6 कंकड़ या माचिस की तीलियाँ रखें और बच्चों से पूछें कि अब कितने कंकड़ हैं ?<br>• इसी तरह 9 तक के अंको को कंकड़ या माचिस की तीलियों के माध्यम से बच्चों को गिनती करवाएं।<br>• फिर सभी बच्चों को थोड़ी-थोड़ी माचिस की तिलिया/कंकड़ दें और कहें। कि मैं जितनी संख्या बोलूं आपको उतने कंकड़ अपने सामने रखना है।<br>• शिक्षक 1 से लेकर 9 तक के प्रत्येक अंक कम से कम 2 बार अवश्य बोलें व साथ ही उनके संख्या कार्ड का भी प्रयोग करें। | • आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**ऊपर-नीचे का खेल**<br>• शिक्षक बच्चों को ऊपर और नीचे की अवधारणा के बारे में बातचीत करें।<br>• यदि कक्षा में छोटा स्टूल या कक्षा के बाहर दो अलग-अलग ऊंचाइयों वाला स्थान है तो शिक्षक बच्चों को निर्देश दें कि जब वो कहें। ऊपर तो बच्चों को किसी वस्तु (स्टूल या कोई ऊँचा स्थान ) के ऊपर चढ़ जाना है और जब वो कहें। नीचे तो उन्हें उस वस्तु से नीचे उतर जाना है।<br>• इसके बाद शिक्षक ऊपर और नीचे का खेल शुरू करें । | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय खेल करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें। शिक्षक बच्चों के साथ हुआ सवेरा चिड़िया बोली, तब बच्चों ने आँखें खोली कविता को हाव-भाव के साथ बच्चों से साथ करें।<br>• कविता को 2-3 बार बच्चों के साथ करें। फिर शिक्षक कविता में आये स्वच्छता सम्बंधित शब्दों को बोर्ड पर लिखें जैसे - मंजन करना, मुहँ को धोना, नहाना, खाना खाना आदि।<br>• इसके बाद शिक्षक बच्चों से स्वच्छता पर चर्चा करें। अच्छी आदतें क्या है उसके बारे में बच्चों को बताएं जैसे हाथ धोकर खाना खाना, सुबह उठकर मंजन करना. अपने आस पास साफ रखना आदि। |

सप्ताह 7

| बुधवार | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ग, य) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | ग और य वर्णों को पहचानने के मौके देना। | चित्र के बारे में अपनी भाषा में बात करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड,<br>ग और य से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | चित्र कार्ड<br>चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार रखना। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• जैसे आप "ग" वर्ण से कुछ शब्द बच्चों को बोलें। इन शब्दो में कुछ शब्द "ग" से शुरू होंगे और कुछ शब्दों में या तो ग नहीं होगा या शब्द में कहीं बाद में आएगा। उदाहरण के लिए- गमला, गगन, बाग़, पतंग<br>• बच्चों को निर्देश दें की अगर शब्द "ग" से शुरू होता है तो बच्चे बैठ जाएंगे। यदि शब्द "ग से शुरू नहीं होता तो बच्चे अपनी जगह पर खड़े रहेंगे।<br>• बिना मात्रा के सरल शब्द लें और यही गतिविधि "य" वर्ण के साथ भी करवाएँ।<br>• इसके बाद बच्चों को "ग" और "य" वर्णों को हवा/मिट्टी/पीठ पर उंगली से लिखने का अभ्यास कराएं। | • गतिविधि की शुरूआत आप किसी छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>• इसके बाद आप बच्चों से चित्र चार्ट में दिख रहीचीजों/ घटनाओं/ गतिविधियों के बारे में सरल बंद छोर प्रश्न पूछें जैसे- यह चित्र कहाँ का है? चित्र में क्या हो रहा है?<br>• आप ऐसे 5-6 सवाल पूछ सकते हैं और हर प्रश्न पर 2-3 बच्चों की प्रतिक्रियाएं ले सकते हैं। आप यह भी सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों को कम-से-कम 2 बार बोलने के मौके अवश्य मिलें।<br>• आप चर्चा को आगे बढ़ाए और कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे इनमें से कौन-सी वस्तुएँ आपका आस-पास नज़र आती है? आपके मनपसंद चित्र कौन-सा है।<br>• आप प्रश्न पूछें और बच्चों को जोड़ों में उस प्रश्न पर बातचीत करने के लिए कहें।। आप बच्चों को यह निर्देश दें कि जोड़ों में दोनों ही बच्चों को प्रश्न का उत्तर क्या लगता है, इस पर बात करनी है।<br>• किन्हीं 2-3 बच्चों को अपना उत्तर सभी के साथ साझा करने के लिए कहें।। कोशिश करें कि हर बच्चे को 1-2 बार पूरी कक्षा में अपने उत्तर को साझा करने के मौके मिले हों। |

## सप्ताह 7

| बुधवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | सब्जियों (जैसे भिण्डी, आलू आदि) की छाप से आकृति बनाना | संख्या लिखित पर्चियों (चिट) का खेल | • This is the way we go to school<br>• मेज और ज़मीन को मापना- हाथ से, रस्सी से, पैर से आदि | शिक्षक बच्चों के साथ उनके परिवेश के बालगीत/ कहानी को करवाएं। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास | संख्या एवं परिमाण की समझ | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• मेज और ज़मीन को हाथ, रस्सी व पैर से मापकर अंतर को समझना | बच्चों में अपने परिवेश की जानकारी, सामाजिक एवं भावनातमक विकास |
| तैयारी और सामग्री | **सामग्री:** कागज और रंग एवं भिण्डी और आलू (बीच से कटे हुए) | सफेद कागज पर्चियाँ बनाने के लिए, पेन, कटोरी, राजमा या चना (चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए प्लास्टिक के बड़े मोतियों की माला व क्राफ्ट की सामग्री का उपयोग करें) | https://drive.google.com/file/d/1PzEWAcm1V4D5i36UiEfTPEXF-koejtp_/view<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• रस्सी/ रिबन के टुकड़े | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और बच्चों को एक-एक कागज़ बाँट दें।<br>• शिक्षक एक कटोरी में रंग को घोल लें और उसे भिण्डी में लगाते हुए कागज पर उसकी छाप बनाएं।<br>• फिर बच्चों को भी इसी तरह भिण्डी की छाप कागज पर बनाने को कहें।।<br>• फिर आलू से भी इसी तरह छाप बनाकर बच्चों को दिखाएं और उन्हें बनाने को कहें।। | • इस गतिविधि के लिए शिक्षक कागज की पाँच पर्चियाँ बनाएं और पर्चियों में 1-5 तक की संख्या लिखें।<br>• अब एक कटोरे में 15 चना/ राजमा/मोती लें (जैसा कि हमारे पास पर्ची में संख्या 1 से 5 तक हैं, इसलिए कुल लिए गए बीजों की संख्या 15 होगी : 1 + 2 + 3 + 4 + 5 = 15)।<br>• शिक्षक गतिविधि के लिए बच्चे को प्रत्येक पर्ची खोलने के लिए कहें। और पर्ची में लिखी संख्या के बराबर चना/राजमा/मोती रखने को बोलें। यदि बच्चा गलती से अतिरिक्त चना/ राजमा/ मोती उठाता है, तो खेल के अंत में अंतिम पर्ची के लिए पर्याप्त चना/राजमा/ मोती नहीं होंगे। तो शिक्षक बच्चे को पहली पर्ची से मिलाते हुए फिर से चना/राजमा/मोती गिनने के लिए कह सकते हैं।<br>• इस तरह बच्चा गिनती करते समय अपनी गलती को पहचान सकता है। यदि शिक्षक गिनतियों की संख्या बढ़ाते हैं तो उसके अनुसार ही पर्ची और चना/राजमा/ मोती लेना भी सुनिश्चित करें।<br>• यह गतिविधि बच्चों की गणितीय अवधारणा के विकास में मदद करती है, साथ ही इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को अपनी गलतियों की पहचान कर सुधार करने का अवसर मिलता है। | • आप ब्लूटूथ स्पीकर पर गीत को बजाकर बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**मेज और ज़मीन को मापना- हाथ से, रस्सी से, पैर से आदि**<br>• आप बच्चों को अर्धगोले में खड़ा करते हुए कुछ सवाल करें और चर्चा करें, जैसे- क्या ये मेज दरवाजे से अंदर आ सकती है, क्या हाथी दरवाजे से अंदर आ सकता है, आदि?<br>• अब शिक्षक हथेली की सहायता से मेज की लंबाई बच्चों को नापकर दिखाएं और बताएं।<br>• इसके बाद बारी-बारी से कक्षा के 3 से 4 बच्चों को बुलाकर हथेली की सहायता से मेज की लंबाई नापने के लिए कहें।।<br>• इसके बाद शिक्षक बच्चों से चर्चा करें कि हाथ से नापने पर माप अलग-अलग क्यों आए।<br>• अब शिक्षक बच्चों को रिबन से मेज की लंबाई नापकर दिखाएं और बच्चों को बुलाकर मेज नापने को कहें।।<br>• अंत में, शिक्षक बच्चों से माप में आए अलग- अलग अंतर पर चर्चा करें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें, उनसे कहें। कि आज हम लोग अपने गाँव/ परिवेश से जुड़ा हुआ कोई कहानी/ गीत करेंगे. शिक्षक बच्चों को उनके परिवेश का कहानी/ गीत कराएँ और बच्चों को भी दोहराने को कहें।।<br>• फिर कहानी/ गीत से जुड़े सवालों पर चर्चा करें। शिक्षक सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे बातचीत के दौरान चर्चा में शामिल हो। |

## बृहस्पतिवार

सप्ताह 7

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे/य//ह/ यह, /ग//म/ गम) | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण | य, ह, ग, म वर्णों को पहचानने के मौके देना। | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • चाक, वर्ण कार्ड, शब्द कार्ड और गतिविधि के लिए उचित जगह।<br>• य, ह, ग और म से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों।<br>बरखा श्रृंखला की पुस्तकें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए "य", "ह", "ग" और "म" वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में (बड़े आकार में) "य" और ह" वर्ण बनाएं और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• जमीन या ग्रीन पट्टी पर य, ह, ग और म को अलग-अलग लिखें और बच्चों को य से य को और ह से ह को मिलाने को कहें।।<br>• यही गतिविधि "ग" और "म" वर्णों के साथ करवाएं।<br>• बच्चों को चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाएँ उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से से है। | • आप बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से चित्र सहित छोटी कहानी वाली किताबें दें और उनसे किताब में दिए गए चित्रों और शब्दों को देखकर पढने का प्रयास करने कहें।। बच्चों को स्वयं से किताबों का चयन करने दें।<br>• बच्चों को किताबें उलटने-पलटने का समय दें और आपस में बातचीत करने दें।<br>• 2-3 बच्चों से उनकी किताब की कहानी को चित्रों के आधार पर अपनी भाषा में बताने को कहें।।<br>• बच्चे जैसी भी कहानी बताए, उसको स्वीकार करें। बच्चों को कहानी बताने में सहयोग करें। |

**सप्ताह 7**

| बृहस्पतिवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | स्थानीय गीत/ धुन पर नाचना | क्रम बद्धता - अंक के साथ (1-9) व अंक कार्ड | • Sounds of Alphabet<br>• नंबर वॉक | बच्चों के परिवेश में मनाए जाने वाले त्योहार जैसे होली, ईद, आदि पर चर्चा करें |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और कल्पना शीलता का विकास | अंक (1-9 तक) को बड़े से छोटा और छोटे से बड़ी संख्या के क्रम से लगाना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चे तरह तरह के खेलों में भाग ले पाएँगे, जिससे उनका शारीरिक विकास होगा। | बच्चों में अभिव्यक्ति कि क्षमता का विकास |
| तैयारी और सामग्री | चहक के अन्तर्गत उपलब्ध कराई गई सामग्री जैसे - ढपली आदि। | • पुराने कागज या अखबार के छोटे-छोटे गोले/ छोटे कंकड़ (अधिक मात्रा में)<br>• अंक कार्ड | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• A से H तक के Alphabet कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करेंं<br>• शिक्षक म्यूजिक प्लेयर या मोबाइल की सहायता से कुछ बाल गीत बजाएं और बच्चों को उनपर नाचने के लिए कहें।।<br>• शिक्षक कुछ स्थानीय गीतों को गा सकते हैं और उनपर भी बच्चों से नाचने के लिए कह सकते हैं।<br>• अगर बच्चे झिझक दिखाएं तो शिक्षक भी मिलकर नाचें। | • बच्चों को गोल घेरे में बिठाएं तथा सभी सामग्री दिखाते हुए कहें। कि आज हम लोग इन सामग्रियों को 1 से 9 तक की संख्या में क्रम से लगाना सीखेंगे।<br>• अब शिक्षक बच्चों को थोड़े-थोड़े कागज के छोटे गोले या कंकड़ दें।<br>• सभी बच्चों को गोलियां या कंकड़ देने के बाद शिक्षक उनसे कहें। कि अब हम जो अंक कार्ड दिखाएंगे उसमें कौन सा अंक लिखा है ये बताना है और अपने ढेर में उतने ही गोलियां/कंकड़ अपने सामने रखना है।<br>• फिर शिक्षक बच्चों को 1 से 9 तक की संख्या (क्रम से) के अंक कार्ड दिखाएं और बच्चों से अंक पहचाने को कहें। और अपने सामने उतनी ही गोलियां/कंकड़ रखने को कहें।।<br>• शिक्षक पूरी कक्षा में घूम -घूम कर देखें कि बच्चों ने क्रम से सही ढेर बनाया है या नहीं।<br>• गतिविधि के दूसरे चरण में शिक्षक बच्चों को 1 से 5 तक की संख्या के अंक कार्ड दें और बच्चों से अंक कार्ड को छोटी संख्या से बड़ी संख्या के क्रम में लगाने को कहें।।<br>• यही प्रक्रिया बच्चों से 1 से 5 तक की संख्या के अंक कार्ड को बड़ी संख्या से छोटी संख्या के क्रम में लगाने को कहें। व आवश्यकतानुसार बच्चों की मदद करें।<br>• जब बच्चे 1 से 5 तक की संख्या को छोटे से बड़ा और बड़े से छोटा के क्रम में लगा लें तो यही प्रक्रिया 1 से 9 तक की संख्या के साथ करवाएं। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर A से H Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर A से लेकर H तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**नंबर वॉक का खेल**<br>• आप बच्चों को एक लाइन में खड़ा करके आज के खेल के बारे में बताएँ और उन्हें निर्देशित करें।<br>• जमीन पर छोटे-छोटे बॉक्स बनाएं और हर बॉक्स पर 1 से 10 तक की गिनती लिखें, फिर 10 छोटी-छोटी पर्चियां बनाकर 1 से 10 तक के नंबर लिखें।<br>• फिर उन पर्चियों को अच्छे से मिक्स करें और जमीन पर गिरा दें। इसके बाद सभी बच्चों को एक-एक पर्ची उठानी होगी।<br>• अब बच्चों को कोई गाना या अक्कड़-बक्कड़ गाते हुए जमीन पर लिखी गिनती वाले बॉक्स पर चलना होगा।<br>• जैसे ही गाना या अक्कड़-बक्कड़ खत्म होता है, उन्हें उसी गिनती पर रूक जाना है और फिर अपनी-अपनी पर्ची खोलकर देखना होता है।<br>• सभी बच्चे इस कार्य में भाग लें, आप इस बात का ध्यान रखें। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें। शिक्षक बच्चों द्वारा मनाये जाने वाले त्यौहार के बारे को बताएं जैसे होली या ईद में आप लोग अपने घर/गाँव में क्या क्या करते हो इस पर चर्चा करें।<br>• एक-एक करके सभी बच्चे होली और ईद के बारे में बताएँगे। शिक्षक सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे बातचीत के दौरान चर्चा में शामिल हो। |

सप्ताह 7

| शुक्रवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर उंगली से सीखे गए वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास कराना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। | वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | स्थानीय कहानी<br>आप कहानी पर चर्चा के लिए खुले और बंद छोर के प्रश्न पहले से तैयार करके रखें। | संबंधित वर्णों से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें।<br>मिट्टी / बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप कक्षा के बच्चों को गोले घेरे में बैठाएँ।<br>● आप बच्चों को कोई भी स्थानीय कहानी को अपने शब्दों में स्थानीय भाषा में बच्चों को सुनाएँ।<br>● बच्चों का ध्यान बनाएँ रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से कहानी से संबंधित 3-4 सरल एवं तथ्यात्मक (बंद छोर) प्रश्न भी पूछें।<br>● कहानी समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछें की उन्हें कहानी कैसी लगी और क्यों?<br>● बातचीत को समृद्ध बनाने के लिए आप खुले छोर के प्रश्न (कल्पना, अनुभव, अनुमान लगाने से जुड़े) भी पूछ सकते हैं लेकिन इन प्रश्नों की संख्या सीमित रखें। | ● बच्चों को गोले में खड़ा करें। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>● कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए स, त, ब और ल वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>● इसके बाद हवा में बड़े आकार में 'स' और 'त' वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>● इसके बाद बच्चों को एक-दूसरे की पीठ में 'स' और 'त' वर्ण बनाने और पहचानने को कहें।। यही गतिविधि 'ब' और 'ल' वर्णों के साथ करवाएँ।<br>● बच्चों को हवा में, पानी में, मिट्टी में या चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाए, उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से है। |

| सप्ताह 7 | शुक्रवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **कला संबंधित गतिविधियां** | **गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच** | **बाहरी खेल** | **गुडबाई सर्किल टाइम** |
| **गतिविधि का नाम** | पहले सुनाई गई कविता या कहानी के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | दुपट्टे में गांठ बांधने की गतिविधि द्वारा जोड़ सीखना (1 से 5) | • Sounds of Alphabet<br>• सुरंग का खेल | शिक्षक बच्चों से छुट्टी वाले दिन कैसा लगता है और वह उस दिन क्या करते है पर चर्चा करें। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | बच्चों में जोड़ की अवधारणा की समझ को विकसित करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | बच्चों में मौखिक भाषा का विकास और अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास |
| **तैयारी और सामग्री** | चित्र बनाने हेतु कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन / रंग इत्यादि | दुपट्टा / फीता / नाड़ा | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• A से H तक के Alphabet कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को छोटे छोटे समूह में बाँटें और सभी बच्चों को एक-एक कागज़, पेंसिल, रबर, शार्पनर एवं क्रेयॉन / रंग इत्यादि उपलब्ध करा दें।<br>• अब आप बच्चों को सुनाई गई कहानी या कविता दिलाएँ और फिर बच्चों को सुनाई गई कविता या कहानी पर चित्र बनाने के लिए कहें।।<br>• बीच बीच में बच्चों की मदद करते रहें और जब चित्र बन जायें तो उनको किसी दीवार पर लगा दें।<br>• कहानी या कविता पर बनाए गए चित्रों को देखकर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करें। | • पहले शिक्षक बच्चे को एक दुपट्टा दें और उससे कहें। कि "तुम इसमें जितनी हो सके, उतनी गाँठें बांधो।" फिर गाँठ बांधने के बाद बच्चे से कहें। कि "अब गिनकर बताओ कि तुमने कितनी गाँठें बाँधी हैं।'' इससे बच्चे गाँठ बांधना, खोलना और गिनना सीखेंगे। आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों की सहायता करें।<br>• इस गतिविधि के दूसरे स्तर पर शिक्षक बच्चे को निर्देश दें कि "मैं अब जितनी बार ताली बजाऊँ, तुम्हें उतनी गाँठे बांधनी होगी, जैसे- 2 ताली की आवाज 2 गाँठे....., 5 ताली की आवाज 5 गाँठे।" इसे आप दो- तीन बार दोहराएँ। शिक्षक इस खेल को 10 तक की गिनती तक दोहराएँ।<br>• इस खेल से शिक्षक बच्चों को सरल जोड़ भी सिखा सकते हैं। जोड़ के लिए पहले एक छोटी संख्या बोलें और बच्चे से कहें। कि वो दुपट्टे मे उतनी गाँठे बांधे। फिर उसे एक और संख्या बोलें और कहें। कि जितनी गाँठे बाँधी है ,उसके आगे बांधो।<br>• फिर बच्चे से सारी गाँठों को एक साथ गिनने के लिए कहें। और पूछें कि उसने कुल कितनी गाँठे बाँधी हैं। जैसे- शिक्षक कहें।गे 2, बच्चे 2 गाँठ बांधेंगे। फिर कहें।गे 4, बच्चे 4 और गाँठ बांधेंगे। अब शिक्षक बच्चों से कहें। कि ,"अब गिनो तुमने दुपट्टे में कुल कितनी गाँठे बाँधी हैं।" | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर A से H Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर A से लेकर H तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**सुरंग का खेल**<br>• शिक्षक एक समान लम्बाई के बच्चों के 7-8 जोड़े बनाएं और उन्हें एक लाइन में खड़े होने के लिए कहें।।<br>• जोड़े में खड़े बच्चों को एक-दूसरे की ओर मुड़कर खड़े होने के लिए कहें।।<br>• फिर उन बच्चों को एक टनल बनाने हेतु एक-दूसरे के हाथों को जोड़ने के लिए कहें।।<br>• अब अन्य बच्चों को टनल के नीचे से एक-एक करके जाने के लिए कहें।। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग स्कूल छुट्टी वाले दिन कैसा लगता है और वह उस दिन क्या करते है पर बात करेंगे।<br>• फिर शिक्षक बच्चों को बताएँगे कि वह छुट्टी वाले दिन क्या क्या करते है और उन्हें उस दिन कैसा लगता है, फिर एक-एक कर सभी बच्चों को भी बताने को कहें।।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे चर्चा में प्रतिभाग करें। |

## सप्ताह 7

### शनिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को शब्दों में ध्वनियों को तोड़ने-जोड़ने, शब्दों में प्रथम ध्वनि पहचानने (ह, घ, ग, य) और अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना।<br>हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाए जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुए आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/ उठने-बैठने का मौका दें।<br>• सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ जिसमें बच्चों को शब्दों में ध्वनियों को तोड़ने-जोड़ने, शब्दों में प्रथम ध्वनि पहचानने (ह, घ, ग, य) और अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करने के मौके मिलें जैसे- सामान्य शब्दों की प्रथम ध्वनियों को पहचानना, समान वर्णों को मिलाना, चित्र पर चर्चा करना आदि।<br>जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते है जैसे आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें। |

सप्ताह 7

| शनिवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | • Sounds of Alphabet<br>• पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें | शिक्षक बच्चों से किसी एक साधारण बीमारी पर चर्चा करें। |
| उद्देश्य | बच्चों में छोटी मासपेशियों एवं कल्पनाशीलता का विकास | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएंगे।<br>● 1-9 तक की अंको की पहचान कराना<br>● 1-9 के परिमाण के वस्तु एवं 1-10 के संख्यां कार्ड<br>● क्रम बद्धता - 1 -10 अंक के साथ<br>● मेज और ज़मीन को हाथ से, रस्सी से, पैर से आदि मापना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | बच्चों में मौखिक भाषा का विकास और अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास। |
| तैयारी और सामग्री | ए-4 साइज कागज, रंग, पेंसिल, रबर | ● गतिविधि के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>● A से H तक के Alphabet कार्ड<br>● ब्लूटूथ स्पीकर<br>• पासा - (पासा बनाने के लिए चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए क्राफ्ट की सामग्री का उपयोग करें ) | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | बच्चों को गतिविधि के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें । | ● आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर A से H Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>● फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर A से लेकर H तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें**<br>● शिक्षक बच्चे को पासे को घुमाने के लिए कहें।। घुमाने पर आई हुई बिंदियों की गिनती करें। फिर उन्हें आई हुई संख्या के बराबर कूदने के लिए कहें।।<br>● गतिविधि को रोचक बनाने के लिए पासे पर आई हुई संख्या के बराबर जानवरों या फलों के नाम बताने को कहें।, जैसे- यदि पासे पर संख्या 3 आती है तो बच्चे को 3 जानवर या 3 फल के नाम | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>● अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोग एक साधारण बीमारी पर चर्चा करेंगे, फिर शिक्षक बच्चों के साथ उनको कभी हुए सर्दी जुकाम और बुखार का वाक्या साझा करेंगें।<br>● फिर एक-एक कर सभी बच्चों को भी बताने को कहें।. और इन बीमारी से कैसा बचा जा सकता है पर भी चर्चा करेंगें और बीमारी के समय किन किन बातों का ध्यान रखना है बताएँगे।<br>● शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे चर्चा में प्रतिभाग करें। |

**सप्ताह 8**

| | सोमवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **मॉर्निंग सर्किल टाइम** | **स्वतंत्र खेल** | **भाषा और साक्षरता कौशल** | |
| **गतिविधि का नाम** | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | मौखिक खेल (अपने आस-पास के जानवरों और पक्षियों की आवाज़ निकालना और पहचानना) | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उनसे जुड़ी सरल चर्चा करना |
| **उद्देश्य** | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | ध्वनियों को पहचानना और उनमे अंतर कर पाना। | कहानी सुनकर समझना और सरल चर्चा करना। |
| **तैयारी और सामग्री** | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | गतिविधि के चरणों को पहले से पढ़कर रखना।<br>स्थानीय जानवरों के नाम और उनकी आवाज़ की सूची पहले से तैयार करके रखना। | ● बिगबुक।<br>● कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बनाएँ। |
| **गतिविधि के चरण** | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए स्थानीय कविता हाव-भाव सहित गाएँ।<br>● आप बच्चों को निर्देश दें की आप उन्हे एक लाइन बोलेंगे उस लाइन में जिस जानवर का नाम होगा उन्हे उसकी आवाज़ निकालनी होगी।<br>● आप पहले खुद एक बार उदाहरण सहित गतिविधि स्पष्ट करें।<br>● आप बच्चों को यह लाइन बोले- क्या तुमने कोई बिल्ली देखी हैं। इसके बाद बच्चे बोलेंगे जो हरदम म्याऊँ, म्याऊँ करती हैं।<br>● इस गतिविधि को आप अलग-अलग जानवरों के साथ तब तक करवाएँ जब तक सभी बच्चों को दो-दो बार करने का मौका न मिल जाए।<br>● गतिविधि के लिए स्थानीय जानवरों और पक्षियों का चयन करे जिन्हे बच्चे जानते हों।<br>● बच्चों को उन जानवरों/पक्षियों के नाम पूछें और एक बड़े चार्ट पर अंत में उनके चित्र बनाकर उनके नाम लिखने के लिए प्रेरित करें। | ● आप बच्चों को एक गोले में बैठा लें और सहज कर लें।<br>● इसके बाद आप किताब का मुख्य पृष्ठ सभी बच्चों को दिखाएं, और कहानी के बारे में अनुमान लगाने कहें। जैसे- इस चित्र में आपको क्या दिख रहा हैं? यह कहानी किसके बारे में हैं?<br>● अब आप किताब के सभी पृष्ठों को पलटते जाएँ और पृष्ठों पर बने चित्रों के आधार पर बच्चों से कहानी का अनुमान लगाने को कहें।, साथ ही हाव-भाव से पढें।<br>● आप कहानी को आदर्श रूप से पठन 2 बार करें।<br>● बच्चों को यह समझने का मौका दें कि किताब को बाई से दाई ओर पढ़ते हैं।<br>● अंत में, बच्चों द्वारा चित्रों की मदद से जो अनुमान लगाए गए थे उन पर बातचीत करें।<br>● कहानी से कुछ चयनित शब्दों को चार्ट पेपर पर लिखकर चिपकाएँ और उन्हें पढने का अभ्यास कराएँ। |

**सप्ताह 8**

| | सोमवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **कला संबंधित गतिविधियां** | **गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच** | **बाहरी खेल** | **गुडबाई सर्किल टाइम** |
| **गतिविधि का नाम** | रंगोली बनाना | परिमाण के साथ संख्या मिलान (1-9), 1-9 के परिमाण के चित्र / वस्तु एवं 1-9 के संख्या कार्ड | • Sounds of Alphabet<br>• हॉपस्कॉच | मुझे डर कब लगता है। |
| **उद्देश्य** | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और सृजनात्मक विकास | 1-9 के परिमाण व उनके संख्या कार्ड के साथ संख्या मिलान | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | बच्चों को उनकी भावनाओं को समझाने और अभिव्यक्त करने के मौके देना |
| **तैयारी और सामग्री** | **सामग्रीः** चॉक और रंग (जैसे आटा, हल्दी, अबीर) | • कंकड़ / कंचे / चहक टी.एल.एम. सामग्री में उपलब्ध मोती<br>• अंक कार्ड / डोमिनो कार्ड,<br>• वस्तु के चित्र कार्ड (1 से 9 तक की संख्या में) | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• I से P तक के Alphabet कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | आप कहानी पर चर्चा के लिए कुछ प्रश्न पहले से तैयार कर के रखें। |
| **गतिविधि के चरण** | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• इसके लिए बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और प्रत्येक समूह में चॉक और रंग दें।<br>• शिक्षक प्रत्येक समूह में ज़मीन पर चॉक से कोई रंगोली बना दें और बच्चों को उस आकृति में रंग भरने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाई गई रंगोली की प्रसंशा करें। | • बच्चों को गोल घेरे में बैठने को कहें। और उन्हें सभी सामान दिखाते हुए सरल भाषा में बताएँ कि आज हम लोग वस्तु के परिमाण के साथ उनकी संख्या का मिलान करेंगे।<br>• अब शिक्षक कंकड़ / कंचे को बच्चों के घेरे के बीच में रखें फिर 1 कंकड़ / कंचे को उठाकर दिखाएं और उसे 1 के अंक कार्ड के सामने 1 बोलते हुए रखें।<br>• इसी तरह दो कंकड़ उठाएं और उसे 2 के अंक कार्ड के सामने 2 बोलते हुए रखें।<br>• इस तरह 9 तक के अंक कार्ड के साथ यही प्रक्रिया अपनाएं।<br>• इसके बाद शिक्षक एक-एक करके बच्चों को बुलाकर 1 से 9 तक की कोई संख्या बोले और बच्चे को बोली गई संख्या के बराबर के वस्तु के चित्र कार्ड के सामने उस अंक कार्ड रखने को कहें।।<br>• इसी तरह इस गतिविधि को सभी बच्चों के साथ पूरा करें। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर I से P Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर I से लेकर P तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**हॉपस्कॉच**<br>• बाएं ओर दिए गए चित्र के समान मेज पर चॉक से 10 चॉकोर बानाएं और 1 से 10 तक संख्या लिखें।<br>• बच्चे को एक छोटा पत्थर दें और उसे पहले चॉकोर में फंकने के लिए कहें।।<br>• अब उसे एक पैर पर कूदते हुए पहले चॉकोर को छोड़कर, दूसरे चॉकोर पर जाने के लिए कहें। और उसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए कहें।।<br>• जहाँ पर चॉकोर जोड़े में बने हैं, वहाँ बच्चे को दोनो पैरों से इस प्रकार कूदने के लिए कहें। कि एक पैर दाएं चॉकोर में और एक पैर बाएं चॉकोर में हो।<br>• आखिरी यानि दसवें चॉकोर पर बच्चे को दोनो पैर से कूदकर पलटने के लिए कहें।।<br>• अब उसे पहले चॉकोर तक कूदते हुए वापस आने के लिए | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट से 7 मिनट दें।<br>• सभी बच्चों को एक गोल घेरे में बैठा लें ताकि वे एक दूसरे को आसानी से देख सकें। आप सभी बच्चों से पूछें की उन्हें किस बात से डर लगता हैं।<br>• बच्चों से उनके अनुभव सुनने से पहले आप उदहारण के लिए अपने अनुभव बताएं।<br>• अंत में बच्चों को इस विषय से संबन्धित चित्र बनाने को कहें।। |

## मंगलवार

**सप्ताह 8**

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (द, प, च, अ) और पुस्तक/ पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्राफिक पठन) |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | द, प, च और अ वर्णों को पहचानने के मौके देना। | • बिगबुक से साझा पठन के मौके देना।<br>• सरल और सामान्य शब्दों को पहचानना और पढ़ने का प्रयास करना। |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, चाक और गतिविधि के लिए उचित जगह।<br>परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | • बिगबुक<br>कहानी से जुड़े सरल प्रश्नों की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए च और अ वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में (बड़े आकार में) च और अ वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• जमीन या ग्रीन पट्टी पर च और अ को अलग-अलग लिखें और बच्चों को च से च को और अ से अ को मिलाने को कहें।।<br>• यही गतिविधि "द" और "प" वर्णों के साथ करवाएं।<br>• बच्चों को पढ़ाई गई बिगबुक और प्रिंट सामग्री (जैसे शब्द चार्ट, कविता पोस्टर आदि) में आए शब्दों में इन वर्णों को खोजकर पढ़ने का अभ्यास काराएँ।<br>• अंत में, बच्चों को चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाएँ उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से हैं। | सभी बच्चों को गोल घेरे में आराम से बिठा लें और सहज कर लें।<br>• पिछले दिन हुई चर्चा का दोहराव कुछ प्रश्नों को पूछकर करें।<br>• फिर, आप कहानी को 1 बार आदर्श रूप से (पूरे हाव-भाव, उतार-चढ़ाव एवं प्रवाह के साथ) पढ़ें। पढ़ते समय प्रत्येक पृष्ठ के शब्दों पर बाईं से दाईं ओर उँगली रखें।<br>• इसके बाद बच्चों को अपने साथ-साथ (साझा पठन) कहानी पढ़ने को कहें।। पढ़ने के दौरान आप उन जगह पर रूकें, जहाँ बच्चे वाक्य या चित्रों के माध्यम से शब्दों को स्वयं पहचान सकें। किताब को इस तरह से पकड़ें की सभी बच्चे शब्दों को देख पाएँ।<br>• आप बच्चों से कहानी पर बातचीत करें और खुले छोर के प्रश्न पूछें जैसे- इस कहानी में आगे क्या हुआ होगा? इस कहानी के अंत में हम क्या बदलाव कर सकते है?<br>• अंत में, कक्षा में 8-10 बच्चों का नाम बुलाएँ और उन्हें कहानी में से कोई एक शब्द याद करके कहने को कहें।। इस दौरान, बच्चों ने जो शब्द बोले हैं, उन्हें बोर्ड पर/ पिछले दिन बने शब्द चार्ट पर लिखें।<br>• फिर एक-एक करके बच्चों को आगे बुलाएँ और लिखें शब्दों को पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |

## सप्ताह 8

| मंगलवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | दो-दो के जोड़ों में एक दूसरे की पसंदीदा वस्तुओं का चित्र बनाना | कंकड़/कागज की गेंदों के साथ जोड़ करना(1-10) | • Sounds of Alphabet<br>• गेंद को फेंक कर मारना | अपने प्रियजनों के बारे में बताएं |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और सृजनात्मक विकास | वस्तुओं से जोड़ करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | मौखिक भाषा विकास एवं अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास |
| तैयारी और सामग्री | पुराने कागज | • कंकड़/कागज की गेंद/माचिस की तीलियाँ | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• I से P तक के Alphabet कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• गेंद, प्लास्टिक या पेपर कप के बड़े बिल्डिंग ब्लॉक्स (चहक टी.एल.एम. सामग्री में दिए गए बिल्डिंग ब्लॉक्स का उपयोग करें) | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को दो दो के समूह में विभाजित करके सभी बच्चों को एक-एक कागज़ बाँट दें।<br>• शिक्षक बच्चों को ऐसे बिठाएँ की उनकी पीठ एक दुसरे से सटी हो।<br>• बच्चों से कहें। की वे एक दुसरे से पूँछ कर उनकी पसंदीदा चीज का चित्र बनाएं।<br>• जब सभी बच्चे एक दूसरे की पसंदीदा चीज का चित्र बना लें तो उनको सभी को दिखाएँ और उसके बारे में बताएं।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रसंशा करें और उन्हें कक्षा में लगा दें। | • बच्चों को गोल घेरे में बिठाएं और उन्हें कंकड़/कागज की गेंद दिखाते हुए कहें। कि आज हम लोग इन सभी चीजों से एक गतिविधि करेंगे।<br>• इसके बाद बच्चों को एक -एक कंकड़/कागज की गेंद दिखाकर अंक बोलते हुए 5 अंक तक की कंकड़/कागज की गेंद रखें।<br>• फिर पांच कंकड़/कागज की गेंद में से क्रमशः 1-1 कंकड़/कागज की गेंद निकालते हुए बच्चों से पूछते चले कि अब कितनी कंकड़/कागज की गेंद बची हैं (जैसे पांच में से एक कंकड़/कागज की गेंद निकालने के बाद बच्चों से पूछें अब कितनी कंकड़/कागज की गेंद बची है?)<br>• जब ढेर में सिर्फ एक कंकड़/कागज की गेंद बचे तो उसे भी हटा कर बच्चों से कहें। कि अब एक भी कंकड़/कागज की गेंद नहीं बची है मतलब कंकड़/कागज की गेंद की संख्या अब शून्य है।<br>• इसके बाद एक-एक करके गिनते हुए 9 कंकड़/कागज की गेंद अपने सामने रखें और बच्चों को भी दोहराने को कहें।<br>• इसके बाद कंकड़/कागज की गेंद रखते हुए कहें। अब ये 10 हो गई हैं और फिर उसका समूह बनाते हुए बच्चों से पूछें कि ये कितने समूह है और इसमें कितनी कंकड़/कागज की गेंद है ?<br>• अब आप अलग-अलग बच्चों के साथ जोड़ की गतिविधि करें और उन्हें इस अवधारणा को समझाएं कि ये एक समूह है और इसमें 10 कंकड़/कागज की गेंद हैं।<br>• इस गतिविधि को कागज की छोटी-छोटी गेंद की तरह ही माचिस की तीलियों के | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर I से P Alphabet के फ्लेश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर I से लेकर P तक के गीत को बजाकर फ्लेश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**गेंद को फेंक कर मारना**<br>• बिल्डिंग ब्लॉक्स/प्लास्टिक या पेपर कप को पिरामिड के ढांचे के आकार में रखें।<br>• अब बच्चे को हल्के वजन की गेंद से कपों को निशाना लगाकर गेंद को फेंक कर मारने के लिए कहें।।<br>• इस खेल का लक्ष्य है गेंद को फेंक कर कई सारे कप को एक बार में गिराना।<br>• परिस्थिति के अनुसार शिक्षक बच्चों के लिए लक्ष्य और उनके बीच की दूरी कम या ज्यादा कर सकते हैं। | • खेल के लिए पहले से ही एक या दो डिब्बे लें और डिब्बे के छह छोरों पर अन्य व्यक्तियों/रिश्तों का नाम लिखें, जैसे- दोस्त, माँ, पिता, भाई, बहन, आंगनवाड़ी कार्यकत्री, दादी, मामा आदि।<br>• सभी बच्चों को एक गोले में खड़ा करें और एक-एक कर डिब्बे को उछालने को कहें।।<br>• डिब्बे के ऊपरी छोर पर लिखे रिश्ते के बारे में बच्चे से कुछ बताने को कहें।। आप इस तरह के संकेत देकर चर्चा को मजेदार बना सकते हैं-<br>- इनका नाम क्या है?<br>- यह आपके कौन लगते हैं?<br>- इनके साथ आप कितना वक्त बिताते हैं?<br>- इनके साथ मिलकर आप क्या-क्या करते हैं?<br>- इनके बारे में आपको क्या पसंद है? आदि। |

सप्ताह 8

| बुधवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (ह, घ, ग, य) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | कविता पोस्टर से कविता सुनाना और कविता के चयनित शब्दों का लोगोग्राफ़िक पठन |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | ह, घ, ग और य वर्णों को पहचानने के मौके देना। | कविता पर चर्चा एवं शब्दावली विकास |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | चाक और गतिविधि के लिए उचित जगह।<br>परिवेशीय शब्दों की सूची बना ले। | कविता, पोस्टर<br>एक सरल 6-8 पंक्ति वाली कविता को बड़े अक्षरों में पोस्टर पर लिख दें या कक्षा में उपलब्ध कविता पोस्टर का उपयोग करें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • बच्चों को गोले में खड़ा करे। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• कल की गई गतिविधि का दोहराव करवाते हुए ग और य वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में (बड़े आकार में) ग और य वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• जमीन या ग्रीन पट्टी पर ग और य को अलग-अलग लिखें और बच्चों को ग से ग को और य से य को मिलाने को कहें।।<br>• यही गतिविधि ""ग और "य" वर्णों के साथ करवाएं।<br>• बच्चों को पढ़ाई गई बिगबुक और प्रिंट सामग्री (जैसे शब्द चार्ट, कविता पोस्टर आदि) में आए शब्दों में इन वर्णों को खोजकर पढ़ने का अभ्यास काराएँ।<br>• अंत में, बच्चों को चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाएँ उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से से हैं। | • चर्चा में उपयोग में लिए जाने वाले प्रश्नों का चयन करना।कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए दिन की शुरूआत आप स्थानीय खेल से करें।<br>• फिर आप बच्चों को कविता पोस्टर दिखाए आरै उस पर बातचीत करें आरै बच्चों से अनुमान लगाने को कहें। कि कविता किसके बारे में है? कविता में क्या हो रहा होगा? आदि।<br>• अब आप कविता को 2 बार हाव-भाव के साथ गाए। इसके बाद बच्चों को अपने पीछे-पीछे दोहराने को कहें।।<br>• आप कविता से जुड़े कुछ खुले छोर के प्रश्न पूछें।<br>• फिर आप बोर्ड पर कविता में आए मुख्य शब्दों को लिख दें और बच्चों को शब्द दिखाते हुए पढ़ने और बच्चों से दोहराने को कहें।।<br>• अंत में, बच्चों को पोस्टर में से कुछ चयनित शब्दों को ढूँढकर पढ़ने के लिए कहें।। |

## सप्ताह 8 — बुधवार

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | अपने दोस्त का चित्र बनाना और एक-दूसरे का नाम लिखना | दुपट्टे में गांठ बांधने की गतिविधि द्वारा जोड़ सीखना | • Sounds of Alphabet<br>• पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें | मूक-अभिनय - शिक्षक बच्चों के साथ मूक-अभिनय गतिविधि करेंगे। |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास और सृजनात्मक विकास | बच्चों में जोड़ की अवधारणा की समझ को विकसित करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | अभिनय के माध्यम से बच्चों के अवलोकनों को व्यक्त करने के मौके देना। |
| तैयारी और सामग्री | पुराने कागज | दुपट्टा/फीता/नाड़ा | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• Q से Z तक के Alphabet कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर<br>• पासा | आप बच्चों से अभिनय कराने के लिए कुछ क्रियाओं जैसे- हाथी की चाल चलना, पतंग उड़ाना आदि की सूची बना लें। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों को दो दो के समूह में विभाजित करके सभी बच्चों को एक-एक कागज़ बाँट दें।<br>• शिक्षक बच्चों को ऐसे बिठाएँ की उनकी पीठ एक दुसरे से सटी हो।<br>• बच्चों से कहें। कि वे एक दूसरे का या अपने दोस्त का चित्र बनाएं और उनका नाम लिखें।<br>• जब सभी बच्चे एक दूसरे का/अपने दोस्त का चित्र बना लें तो उनको सभी को दिखाएँ और उसके बारे में बताएं।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रसंशा करें और उन्हें कक्षा में लगा दें। | • पहले शिक्षक बच्चे को एक दुपट्टा दें और उससे कहें। कि "तुम इसमें जितनी हो सके, उतनी गाँठें बांधो।" फिर गाँठ बांधने के बाद बच्चे से कहें। कि "अब गिनकर बताओ कि तुमने कितनी गाँठें बाँधी हैं।" इससे बच्चे गाँठ बांधना, खोलना और गिनना सीखेंगे। आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों की सहायता करें।<br>• इस गतिविधि के दूसरे स्तर पर शिक्षक बच्चे को निर्देश दें कि "मैं अब जितनी बार ताली बजाऊँ, तुम्हें उतनी गाँठे बांधनी होगी, जैसे- 2 ताली की आवाज 2 गाँठे. ...., 5 ताली की आवाज 5 गाँठे।" इसे आप दो- तीन बार दोहराएँ। शिक्षक इस खेल को 10 तक की गिनती तक दोहराएँ।<br>• इस खेल से शिक्षक बच्चों को सरल जोड़ भी सिखा सकते हैं। जोड़ के लिए पहले एक छोटी संख्या बोलें और बच्चे से कहें। कि वो दुपट्टे मे उतनी गाँठे बांधे। फिर उसे एक और संख्या बोलें और कहें। कि जितनी गाँठे बाँधी है ,उसके आगे बांधो।<br>• फिर बच्चे से सारी गाँठों को एक साथ गिनने के लिए कहें। और पूछें कि उसने कुल कितनी गाँठे बाँधी हैं,। जैसे- शिक्षक कहें।गे 2, बच्चे 2 गाँठ बांधेंगे। फिर कहें।गे 4, बच्चे 4 और गाँठ बांधेंगे। अब शिक्षक बच्चों से कहें। कि ,"अब गिनो तुमने दुपट्टे में कुल कितनी गाँठे बाँधी हैं।" | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर Q से Z Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर Q से लेकर Z तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**पासे को घुमाएं और आई हुई संख्या के बराबर कूदें**<br>• शिक्षक बच्चे को पासे को घुमाने के लिए कहें।। घुमाने पर आई हुई बिंदियों की गिनती करें। फिर उन्हें आई हुई संख्या के बराबर कूदने के लिए कहें।।<br>• गतिविधि को रोचक बनाने के लिए पासे पर आई हुई संख्या के बराबर जानवरों या फलों के नाम बताने को कहें।, जैसे- यदि पासे पर संख्या 3 आती है तो बच्चे को 3 जानवर या 3 फल के नाम बताने होंगे। | • कक्षा में सोहर्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए कोई स्थानीयय कविता हाव-भाव के साथ गाएँ। आप बच्चों को एक गोल घेरे में बैठाएँ और खुद भी घेरे में बैठ जाएँ।<br>• क्रिया शब्दों की पर्चिया गोले के बीच में रखें। आप बच्चों को गतिविधि के निर्देश दे और बताएं की आपके पास कुछ पर्चिया है जिनमे कुछ नाम लिखे हैं।<br>• अब कोई कविता या गीत गाते हुए कागज़ की गेंद को गोले में घुमाएंगे। कविता/गीत खत्म होने पर जिस बच्चे के पास गेंद होगी एक पर्ची उठानी होगी।<br>• पर्ची में जो क्रिया लिखी होगी बच्चे को उसकी नलक करनी होगी। अब आप गीत/कविता गाते हुए गेंद को गोले में घुमाएँ, कविता रुकने पर जिस बच्चे के हाथ में गेंद होगी उसे कोई पर्ची उठाने को कहें। और आकी पर्ची में लिखे क्रिया कार्य को पढ़कर बताएं।<br>• बच्चे को लिखी गई क्रिया का अभिनय करने को कहें।। खेल तब तक जारी रखे जब तक कि सभी बच्चों को प्रतिभाग करने का मौका न मिल जाएँ। |

सप्ताह 8

## बृहस्पतिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों के शब्द मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे/घ/ /र/ घर) | किताबें उलटने-पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | वर्ण पहचान और वर्णों को मिलाकर पढ़ना | किताबों को उलटना-पलटना और उनमें चित्रों द्वारा कहानी का अनुमान लगाना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | वर्ण कार्ड, सिखाए गए वर्णों से शुरू होने वाले शब्दों की सूची बना लें।<br>वर्ण-कार्ड पहले से तैयार रखें। | बच्चों के स्तर अनुरूप ऐसी कहानियों का चयन करना जिनमे अधिक चित्र हों।<br>बरखा श्रृंखला की पुस्तकें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● गतिविधि की शुरूआत में एक कविता करवाएँ, बच्चों को चलने-फिरने के मौके दें।<br>● वर्ण पहचान: पूर्व में उपयोग किए गए तरीको से बच्चों को सिखाए गए वर्णों का दोहरान कराएं।<br>● मिलाकर पढ़ना: अब तक सिखाए गए वर्णों/अक्षरों से मिलकर बनने वाले सरल अमात्रिक शब्दों को सार्थक ध्वनियों में तोड़ते हुए मिलाकर पढ़ने का अभ्यास करवाएँ, जैसे-घ/र, घर।<br>● इसके लिए आप बच्चों की संख्यानुसार वर्ण कार्ड बना लें और गतिविधि के दौरान उनका उपयोग करें। बच्चों को अलग-अलग वर्ण कार्ड जोड़कर शब्द बनाने और पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इस कार्य में आप उनकी मदद करें। | ● आप बच्चों को पुस्तकालय या रीडिंग कॉर्नर से चित्र सहित छोटी कहानी वाली किताबें दें और उनसे किताब में दिए गए चित्रों और शब्दों को देखकर पढने का प्रयास करने कहें।। बच्चों को स्वयं से किताबों का चयन करने दें।<br>● बच्चों को किताबें उलटने-पलटने का समय दें और आपस में बातचीत करने दें।<br>● 2-3 बच्चों से उनकी किताब की कहानी को चित्रों के आधार पर अपनी भाषा में बताने को कहें।।<br>● बच्चे जैसी भी कहानी बताए, उसको स्वीकार करें। बच्चों को कहानी बताने में सहयोग करें। |

## बृहस्पतिवार

सप्ताह 8

| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | मुक्त चित्रकारी | कंकड़/कागज की गेंदों के साथ जोड़ और घटाव (1-10) | • Sounds of Alphabet<br>• कलर-मैन : रंगों का खेल | विद्यालय में बच्चों को खिलाये जाने वाले खाने के बारे में बातचीत करें |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांस पेशियों का विकास, बौद्धिक विकास | वस्तुओं से जोड़ और घटाव करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• निर्देश सुनकर समझना | मौखिक भाषा विकास एवं अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास |
| तैयारी और सामग्री | **तैयारीः** बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं<br>**सामग्रीः** पेंसिल, रंग, कागज, चॅाक | • कंकड़/कागज की गेंद/माचिस की तीलियाँ | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• Q से Z तक के Alphabet कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• दी गई सामग्री (पेंसिल, रंग, कागज, चॅाक) को कक्षा-कक्ष के बीच में रख दें और बच्चों से अपनी मन पसंद सामग्री उठा कर मनचाहा चित्र बनाने को कहें।।<br>• गतिविधि समाप्त होने के बाद बच्चों के द्वारा बनाए गए चित्र के बारे में अपने साथी को बताने को कहें।। | • बच्चों को गोल घेरे में बिठाएं और उन्हें कंकड़/कागज की गेंद दिखाते हुए कहें। कि आज हम लोग इन सभी चीजों से एक गतिविधि करेंगे।<br>• इसके बाद बच्चों को एक -एक कंकड़/कागज की गेंद दिखाकर अंक बोलते हुए 5 अंक तक की कंकड़/कागज की गेंद रखें।<br>• फिर पांच कंकड़/कागज की गेंद में से क्रमशः 1-1 कंकड़/कागज की गेंद निकालते हुए बच्चों से पूछते चले कि अब कितनी कंकड़/कागज की गेंद बची हैं (जैसे पांच में से एक कंकड़/कागज की गेंद निकालने के बाद बच्चों से पूछें अब कितनी कंकड़/कागज की गेंद बची है ?)<br>• जब ढेर में सिर्फ एक कंकड़/कागज की गेंद बचे तो उसे भी हटा कर बच्चों से कहें। कि अब एक भी कंकड़/कागज की गेंद नहीं बची है मतलब कंकड़/कागज की गेंद की संख्या अब शून्य है।<br>• इसके बाद एक-एक करके गिनते हुए 9 कंकड़/कागज की गेंद अपने सामने रखें और बच्चों को भी दोहराने को कहें।<br>• कंकड़/कागज की गेंद रखते हुए शिक्षक कहें। अब ये 10 हो गई हैं और फिर उसका समूह बनाते हुए बच्चों से पूछें कि ये कितने समूह है और इसमें कितनी कंकड़/कागज की गेंद है ?<br>• अब शिक्षक अलग-अलग बच्चों के साथ जोड़ की गतिविधि करें और उन्हें इस अवधारणा को समझाएं कि ये एक समूह है और इसमें 10 कंकड़/कागज की गेंद हैं।<br>• इस गतिविधि को कागज की छोटी-छोटी गेंद की तरह ही माचिस की तीलियों के संख्यावार समूह बना कर भी | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर Q से Z Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर Q से लेकर Z तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**कलर-मैन रंगों का खेल**<br>• शिक्षक बच्चे को उसके एक परिचित रंग का नाम दें, जो आस-पास भी दिखाई दे रहा हों।<br>• अब बच्चे को उस रंग को खोजने और उसे छूने के लिए कहें।।<br>• इस तरह बच्चा उन रंगों को पहचान लेगा, जिन्हें वह पहले से जानता है और साथ ही नए रंग भी सीखेगा। | • बचपन में बच्चों की भाषा के विकास के लिए बातचीत बहुत महत्वपूर्ण है। बातचीत उन्हें अपनी भावनाओं को बताने और बोलने में मदद करता है।<br>• यह गतिविधि मुख्य रूप से उस भोजन के बारे में बातचीत पर आधारित है, जो बच्चा विद्यालय में खाता है। बच्चे के साथ किसी भी गतिविधि को करने से पहले बातचीत बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए हम मार्गदर्शन देने का प्रयास कर रहे हैं कि शिक्षक इस गतिविधि को कैसे परस्पर संवादात्मक (इंटरैक्टिव) बना सकते हैं।<br>• शिक्षक बच्चे से कुछ सवाल पूछें, उदाहरण के लिए–<br>- दोपहर का भोजन करने से पहले हम क्या करते हैं?<br>- विद्यालय में दोपहर के भोजन के लिए आप क्या खाते हैं?<br>- क्या आप खाने के स्वाद के बारे में बता सकते हैं?<br>- क्या आप उन सब्जियों के नाम बता सकते हैं, जिन्हें आप खिचड़ी के साथ खाते हैं?<br>- क्या आप जानते हैं कि आपका रसोइयाँ खिचड़ी को कैसे बनाता है?<br>- क्या आप हमें बता सकते हैं कि कच्चा चावल और दाल स्वाद में कैसा लगता है?<br>- जब चावल और दाल पक जाता है तो यह नरम हो जाता है। ऐसा क्यों होता है बताइये?<br>• शिक्षक बच्चे से ऊपर दिए गए सभी प्रश्न पूछ सकते हैं। बच्चे को प्रश्नों के उत्तर के बारे में सोचने दें और उत्तर देने दें। |

## सप्ताह 8

| शुक्रवार | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल | |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे/घ//र/ घर) | हवा/मिट्टी/पीठ/पानी पर उंगली से सीखे गए वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास कराना |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | वर्ण पहचान और वर्णों को मिलाकर पढ़ना | वर्णों की आकृति बनाने का अभ्यास करना |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | • सिखाए गए वर्णों से शुरू होने वाले शब्दों की सूची बना लें।<br>• वर्ण-कार्ड पहले से तैयार रखें | संबंधित वर्णों से शुरू होने वाले परिवेशीय शब्दों की सूची बना लें।<br>मिट्टी / बोर्ड |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | • बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>• आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>• शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | • गतिविधि की शुरूआत में एक कविता करवाएँ, बच्चों को चलने-फिरने के मौके दें।<br>• वर्ण पहचानः पूर्व में उपयोग किए गए तरीको से बच्चों को सिखाए गए वर्णों का दोहरान कराएं।<br>• मिलाकर पढ़नाः अब तक सिखाए गए वर्णों/अक्षरों से मिलकर बनने वाले सरल अमात्रिक शब्दों को सार्थक ध्वनियों में तोड़ते हुए मिलाकर पढ़ने का अभ्यास करवाएँ, जैसे-घ/र, घर।<br>• इसके लिए आप बच्चों की संख्यानुसार वर्ण कार्ड बना लें और गतिविधि के दौरान उनका उपयोग करें। बच्चों को अलग-अलग वर्ण कार्ड जोड़कर शब्द बनाने और पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इस कार्य में आप उनकी मदद करें। | • बच्चों को गोले में खड़ा करें। किसी एक वर्ण से शुरू होने वाले कुछ शब्द आप बच्चों को बोलें।<br>• गतिविधि द्वारा करवाते हुए वर्ण की प्रथम ध्वनि से परिचय करवाएँ।<br>• इसके बाद हवा में बड़े आकार में कुछ वर्ण जैसे 'क' और 'र' वर्ण बनाए और बच्चों को पहचानने के लिए कहें।।<br>• इसके बाद बच्चों को एक-दूसरे की पीठ में 'क' और 'र' वर्ण बनाने और पहचानने को कहें।। यही गतिविधि अन्य सिखाएं गए वर्णों के साथ करवाएं।<br>• बच्चों को हवा में, पानी में, मिट्टी में या चाक से ग्रीन पट्टी पर वर्ण बनाने के लिए कहें।। बच्चे जैसे भी वर्ण बनाए, उसे स्वीकार करें। इस गतिविधि का उद्देश्य वर्ण से परिचय और हाथ संतुलन से है। |

| सप्ताह 8 | शुक्रवार | | | |
|---|---|---|---|---|
| | कला संबंधित गतिविधियां | गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
| गतिविधि का नाम | अपने दोस्तों का अभिनय/के बारे में बात करना | दुपट्टे में गांठ बांधने की गतिविधि द्वारा घटाना सीखना | • Sounds of Alphabet<br>• पार्सल पास करना | आप कैसे हैं |
| उद्देश्य | कल्पनाशीलता का विकास | बच्चों में घटाव की अवधारणा की समझ को विकसित करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास होना | मौखिक भाषा विकास एवं अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास |
| तैयारी और सामग्री | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। | दुपट्टा/फीता/नाड़ा | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• A से Z तक के Alphabet कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें।<br>• बच्चों से कहें। कि आज हम अपने दोस्तों के बारे में बात करेंगे।<br>• फिर आप अपने किसी साथी शिक्षक के बारे में बात करें और उनका अभिनय करके दिखाएं।<br>• फिर आप बच्चों से भी कहें। कि वे अपने दोस्तों के बारे में कुछ बताएं और उनका अभिनय करके बताएं।<br>• गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों द्वारा किए गए अभिनय की प्रशंसा करें। | • पहले शिक्षक बच्चे को एक दुपट्टा दें और उससे कहें। कि "तुम इसमें जितनी हो सके, उतनी गाँठें बांधो", फिर गाँठ बांधने के बाद बच्चे से कहें। कि "अब गिनकर बताओ कि तुमने कितनी गाँठें बाँधी हैं।" इससे बच्चे गाँठ बांधना, खोलना और गिनना सीखेंगे। आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों की सहायता करें।<br>• दुपट्टे में गाँठ बंधने की गतिविधि द्वारा शिक्षक बच्चे को घटाना भी सिखा सकते हैं। घटाव की अवधारणा सिखाने के लिए पहले शिक्षक एक बड़ी संख्या बोलें, जैसे 5 और बच्चे से कहें। कि वो दुपट्टे मे 5 गाँठे बांधे। फिर संख्या से एक छोटी संख्या बोलें, जैसे 3 और कहें। कि उसे उतनी गाँठे खोलनी हैं। अब शिक्षक बच्चे से बची हुई गांठों को गिनने के लिए कहें।गे और पूछेंगे कि अब दुपट्टे में कितनी गाँठे बची हैं।<br>• धीरे-धीरे गांठों की संख्या बढ़ाएं, जैसे शिक्षक कहें।गे 9, बच्चे 9 गाँठ बांधेंगे फिर कहें।गे 4, बच्चे 4 गाँठ खोलेंगे। फिर आप उनसे कहें। कि "अब गिनो दुपट्टे में कितनी गाँठे बची हैं"?<br>• बच्चे की खेल में रुचि के अनुसार यह खेल आप उनके साथ 2 से 3 दिन की अवधि में भी कर सकते हैं। | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर A से Z Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर A से लेकर Z तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**पार्सल पास करना**<br>• आप सभी बच्चों को गोल घेरे में खड़ा करें, फिर आज की गतिविधि के बारे में बताएं।<br>• आप इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी बच्चे को चोट न लगे और सभी बच्चे खेल में प्रतिभाग करें अब आप बच्चों को बताएँगे कि हम लोग एक कविता गाते हुए कागज की गेंद को एक दूसरे को पास करते जायेंगे।<br>• कविता खत्म होने पर गेंद जिस बच्चे के हाथ होगी, उसे कोई गतिविधि करके दिखाना होगा, जो बाकि बच्चे उससे करने को कहें।गे। | • बच्चों के साथ गोला बनाकर बैठें।<br>• अब खुशी के भाव के साथ आप उन्हें बताएं कि आप कौन सी भावना महसूस कर रहे हैं।<br>• पहले आप अपनी भावना के बारे में बच्चों को बताएं और उसे महसूस करने के पीछे का कारण बताएं।<br>• इसी तरह बच्चों से उनकी भावना के बारे मे बताने को कहें।।<br>• बच्चों से पूछें कि आपको गतिविधि कैसी लगी।<br>• बच्चों की कोशिश के लिए उन्हें शाबाशी जरूर दें। इससे बच्चों को एक-दूसरे से बात करने का मौका मिलेगा और वे अपनी भावनाओं को व्यक्त करना सीखेंगे। |

## सप्ताह 8

### शनिवार

| | मॉर्निंग सर्किल टाइम | स्वतंत्र खेल | भाषा और साक्षरता कौशल |
|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | | कक्षा-कक्ष के 4 स्वतंत्र खेल के कोनों में स्वतंत्र रूप से खेलना | चलो दोहराएँ - सप्ताह के छठवें दिन, सप्ताह भर की गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें। पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| उद्देश्य | | कक्षा-कक्ष में उपस्थित स्वतंत्र खेल के लिए बनाए गए चार कोनों में रखी गई सामग्रियों द्वारा सर्वांगीण विकास करना | आवश्यतानुसार गतिविधियों का दोहराव और अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन |
| तैयारी और सामग्री | | कला कोना, किताब कोना, ब्लाक कोना, अभिनय/गुड़िया घर से सम्बंधित सामग्रियाँ | ● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों में बच्चों के कार्य का अवलोकन करें। बच्चों को कहानी/कविता में आए सरल शब्द देखकर पहचानने, वर्णों जैसे आकृतियाँ बनाने और 2 वर्णों को जोड़कर शब्द बनाने के मौके दें।<br>● हर बच्चे का एक पोर्टफोलियो बनाए जिसमें उनकी बनाई वस्तुओ (चित्र, मिट्टी की मूर्तियाँ, क्राफ्ट की वस्तुए आदि) को रखें। |
| गतिविधि के चरण | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | ● बच्चे स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद से किसी भी कोने में रखी हुई सामग्री का चयन खेलने के लिए कर सकते हैं।<br>● आवश्यकतानुसार शिक्षक बच्चों को निर्देश दें व बच्चों द्वारा पूछी जा रही जिज्ञासाओं का समाधान करें।<br>● शिक्षक सभी कोनों पर खेल रहे बच्चों का अवलोकन करते रहें व जरूरत पड़ने पर उनकी मदद करें।<br>● गतिविधि समाप्त होने पर बच्चों को सभी सामग्रियों को उनके स्थान पर वापस रखने के निर्देश दें व ये सुनिश्चित करें कि सभी बच्चों ने सामान सही जगह पर ही रखा हो। | ● गतिविधि की शुरूआत आप छोटी कविता से करें। बच्चों को चलने-फिरने/उठने-बैठने का मौका दें।<br>● सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं। इस सप्ताह में उन गतिविधियों को दोहराएँ जिसमें बच्चों को कहानी/कविता में आए सरल शब्द देखकर पहचानने, वर्णों जैसे आकृतियाँ बनाने और 2 वर्णों को जोड़कर शब्द बनाने के मौके मिलें जैसे- कविता पोस्टर पर कार्य करना, हवा/मिट्टी/पानी/बोर्ड पर वर्णों जैसी आकृतियाँ बनाना, वर्ण कार्ड का उपयोग करके 2 वर्णों वाले सरल अमात्रिक शब्द बनाना आदि।<br>● जब बच्चे इन गतिविधियों में जुड़े हो, उनके कार्य का अवलोकन करें। आप बच्चों से उनके कार्य के बारे में बात भी कर सकते है जैसे आप क्या बना रहे हो? आपने क्या लिखा है? आज आप क्या खेलोगे? आदि। इस तरह गतिविधियों के दौरान अवलोकन एवं चर्चा के आधार पर बच्चों का आकलन करें।<br>● बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। पोर्टफ़ोलियो बच्चों के काम का संग्रह है जो बच्चे की प्रगति, सफलताओं, रचनात्मक विकास आदि का प्रदर्शन है। समय-समय पर बच्चों का पोर्टफोलियो उनके माता-पिता से साझा करें |

सप्ताह 8

| शनिवार | कला संबंधित गतिविधियां | गणित / ईवीएस / वैज्ञानिक सोच | बाहरी खेल | गुडबाई सर्किल टाइम |
|---|---|---|---|---|
| गतिविधि का नाम | चलो दोहराएँ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति | • Sounds of Alphabet<br>• नंबर वॉक का खेल | शिक्षक बच्चों से उनकी दिनचर्या पर चर्चा करेंगे |
| उद्देश्य | बच्चों की छोटी मांसपेशियों का विकास और सृजनात्मक विकास | शिक्षक इस सप्ताह कराई गई सभी गतिविधियों की पुनरावृत्ति बच्चों से करवाएंगे।<br>• परिमाण के साथ संख्या मिलान<br>• परिमाण के चित्र / वस्तु एवं संख्या कार्ड (1-9 संख्या)<br>• कंकड़ / कागज की गेंदों के साथ जोड़ करना (1-10)<br>• कंकड़ / कागज की गेंदों के साथ घटाव (1-10)<br>• कंकड़ / कागज की गेंदों के साथ जोड़ और घटाव (1-10)<br>• पार्सल पास करना | • बच्चों की अंग्रेजी भाषा का विकास<br>• बच्चे तरह तरह के खेलों में भाग ले पाएँगे, जिससे उनका शारीरिक विकास होगा। | बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास |
| तैयारी और सामग्री | ए-4 साइज कागज, रंग, पेंसिल, रबर | • गतिविधि के अनुसार सामग्रियों की व्यवस्था व तैयारी करें। | https://drive.google.com/file/d/1dK3-H_aSaaS6yKTX5C7OcMwuwf2U79oo/view<br>• A से Z तक के Alphabet कार्ड<br>• ब्लूटूथ स्पीकर | इस गतिविधि में किसी भी सामग्री की आवश्यकता नहीं है। |
| गतिविधि के चरण | • सप्ताह में कराई गई गतिविधियों का आवश्यकतानुसार दोहरान करवाएं।<br>• बच्चों की बनाई वस्तुओं को उनके पोर्टफोलियो में दर्ज करें। | • बच्चों को गतिविधि के अनुसार सरल भाषा में निर्देश दें व आवश्यकतानुसार उनकी सहायता करें । | • आप बच्चों के साथ गोल घेरे में खड़े होकर A से Z Alphabet के फ्लैश कार्ड दिखाते हुए उनकी ध्वनियों पर चर्चा करें।<br>• फिर आप ब्लूटूथ स्पीकर पर A से लेकर Z तक के गीत को बजाकर फ्लैश कार्ड दिखाते हुए बच्चों के साथ हाव-भाव से Action Song कराएँ।<br>**नंबर वॉक का खेल**<br>• आप बच्चों को एक लाइन में खड़ा करके आज के खेल के बारे में बताएँ और उन्हें निर्देशित करें।<br>• जमीन पर छोटे-छोटे बॉक्स बनाएं और हर बॉक्स पर 1 से 10 तक की गिनती लिखें, फिर 10 छोटी-छोटी पर्चियां बनाकर 1 से 10 तक के नंबर लिखें।<br>• फिर उन पर्चियों को अच्छे से मिक्स करें और जमीन पर गिरा दें। इसके बाद सभी बच्चों को एक-एक पर्ची उठानी होगी।<br>• अब बच्चों को कोई गाना या अक्कड़-बक्कड़ गाते हुए जमीन पर लिखी गिनती वाले बॉक्स पर चलना होगा।<br>• जैसे ही गाना या अक्कड़-बक्कड़ खत्म होता है, उन्हें उसी गिनती पर रूक जाना है और फिर अपनी-अपनी पर्ची खोलकर देखना होता है। | • कक्षा में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए आप बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव भाव के साथ करवाएं इसके लिए 5 मिनट का समय दें।<br>• अब आप बच्चों को गोल घेरे में बैठाएं और सहज करें और उनको बताएं कि आज हम लोगों ने पुरे दिन में क्या सीखा ही पर बातचीत करेंगे।<br>• फिर शिक्षक अपनी दिनचर्या बच्चों के साथ साझा करेंगे और फिर बच्चों को भी उनकी दिनचर्या साझा करने को कहें।गें, शिक्षक बातचीत के दौरान उनके अनुभवों को जानने का प्रयास करेंगे।<br>• शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि सभी बच्चे इसमें प्रतिभाग करें। |



# राष्ट्रगान

जन–गण–मन अधिनायक जय हे
भारत–भाग्य विधाता।
पंजाब–सिंध–गुजरात–मराठा–
द्राविड़–उत्कल–बंग
विंध्य–हिमाचल–यमुना–गंगा
उच्छल–जलधि तरंग
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा
जन–गण–मंगल दायक जय हे
भारत–भाग्य विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे!

सत्र 2024-25

आवरण पृष्ठ वेळ कागज का विशिष्टीकरणः प्रयुक्त कागज................ वर्जिन पल्पयुक्त 175 जी0एस0एम0 का आर्ट पेपर का प्रयोग किया गया है। जिसमें कागज का बर्स्ट इण्डेक्स–न्यूनतम 0.9, वैक्स पिक्स–नो पिक्स ऑन 5ए, ग्लास परसेंट–न्यूनतम 55, ब्राइटनेस न्यूनतम 72 प्रतिशत और सरफेस पी0एच0 5.5 से 8.0 है। कागज की अन्य विशिष्टियाँ बी0आई0एस0 कोड आई0एस0–4658–1988 वेळ अनुसार हैं एवं कागज 53.34 सेमी x 78.74 सेमी है। आवरण पृष्ठ का बाहरी भाग चार रंगों तथा अन्दर का भाग एक रंग में मुद्रित है।

उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद्

निःशुल्क वितरण हेतु